राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 फोर मोर शॉट्स प्लीज वालीं...



ईरान-इजराइल युद्ध के बीच प्रियंका... 12

गाजियाबाद, सोमवार 02 मार्च 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 12 अंक: 359, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## साणंद आज विकास और नवाचार का जीवंत केंद्र : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के साणंद दौरे के बाद यहां के लोगों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि साणंद विकास और नवाचार का जीवंत केंद्र बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रोड शो का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने शनिवार को गुजरात दौरे के बीच साणंद में रोड शो किया था। पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, साणंद ने पिछले कई सालों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। पहले इसे कुछ लोग एक साधारण जगह मानते थे, लेकिन आज यह विकास और नवाचार का एक जीवंत केंद्र बन चुका है। शनिवार का रोड शो, जो एक गर्म दोपहर में हुआ, यह दिखाता है कि साणंद के लोग विकास की दिशा में किए गए प्रयासों को कितनी सराहना करते हैं।

इससे पहले, शनिवार को पीएम मोदी ने साणंद में माइक्रोन एटीएमपी (असेंबली, टेस्ट, मार्किंग और पैकेजिंग) केंद्र का उद्घाटन किया। वाणिज्यिक उत्पादन की शुरूआत का प्रतीक यह ऐतिहासिक आयोजन, वैश्विक प्रौद्योगिकी नेतृत्व की ओर भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।




इस परियोजना का शिलान्यास सितंबर 2023 में हुआ था और यह इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत स्वीकृत होने वाला पहला प्रस्ताव था। इसे 22,500 करोड़ रुपए से अधिक के कुल परिव्यय के साथ, निर्माण कार्य स्वीकृति के तुरंत बाद शुरू किया गया। इससे देश में रणनीतिक सेमीकंडक्टर निवेश को गति देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का पता चलता है।

साणंद संयंत्र पूरी तरह से चालू हो जाने पर लगभग 5 लाख वर्ग फुट का क्लीनरूम क्षेत्र उपलब्ध होगा और यहां दुनिया के सबसे बड़े रेज्ड-फ्लोर क्लीनरूम में से एक बन जाएगा।

यह संयंत्र दुनिया भर के ग्राहकों की सेवा करने और एआई और उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग में तेजी से हो रही प्रगति के कारण मेमोरी और स्टोरेज समाधानों की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## बांसवाड़ा-उदयपुर हाईवे पर चलती बस बनी आग का गोला : धू-धू कर जली स्लीपर कोच, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

**सलूंबर/उदयपुर (आरएनएस)।** सलूंबर जिले के झल्लारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांसवाड़ा-उदयपुर मार्ग पर रविवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। यहाँ एक चलती स्लीपर कोच बस अचानक आग की लपटों में घिर गई। देखते ही देखते पूरी बस कोयला बन गई, लेकिन राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी 5 यात्री, ड्राइवर और क्लीनर सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। इंजन से निकला धुआँ और देखते ही देखते मची चीख-पुकार यह घटना सुबह करीब 6:00 बजे गरडा गांव के पास हुई। आशापुरा ट्रैवल्स की मुल्तानी सोना बस बांसवाड़ा से उदयपुर की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस अपनी रफ्तार में थी तभी अचानक इंजन वाले हिस्से से गहरा काला धुआँ निकलने लगा। खतरे को भांपते हुए ड्राइवर ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और शोर मचाकर यात्रियों को नीचे उतरने के लिए कहा।



## न्यूज डायरी

### अविनाश राय खन्ना के नाम दर्ज हुई बड़ी उपलब्धि, 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, सम्मान मिलने पर राज्यपाल ने दी बधाई

**होशियारपुर (आरएनएस)।** पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्सइ द्वारा सम्मानित करने पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद



कटारिया ने खन्ना को बधाई दी है। गौरतलब है कि पूर्व सांसद खन्ना द्वारा अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत से ही खन्ना जनहित के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर करते आये हैं। अपने प्रारंभिक राजनीतिक कार्यकाल से ही खन्ना ने जनसेवा को प्राथमिकता दी है। जनहित के मुद्दों को खन्ना ने सदैव अपने स्तर पर उठाया और बिना किसी देरी के पहल करते हुए जनसमस्याओं का सरकारी तंत्र द्वारा और अपनी व्यक्तिगत कोशिशों से निवारण किया। खन्ना की इस समाज उद्धारक सोच और बेजोड़ समाज हितैषी कार्यों के चलते वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने उनको अवार्ड से नवाजा है। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने खन्ना को बधाई देते हुए उनके द्वारा किये जा रहे बेहतरीन समाज उद्धारक कार्यों की सराहना की।

### सीकर : ईडी के नाम पर 13 लाख रुपए की रिश्वत लेते अयोध्या का ठग गिरफ्तार, एसीबी राजस्थान की बड़ी कार्रवाई

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की स्पेशल यूनिट-द्वितीय, जयपुर ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सीकर में प्रवर्तन निदेशालय के नाम पर वसूली करने वाले एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तम पाण्डेय, जो उत्तर प्रदेश के अयोध्या का निवासी है, उसे परिवादी से 13 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए होटल अशोका (कल्याण सर्किल) के पास से दबोचा गया। महानिदेशक गोविंद गुप्ता के अनुसार, परिवादी ने 30 दिसंबर 2025 को जयपुर मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। परिवादी के साथ वर्ष 2022 में एक नामक कंपनी में निवेश के दौरान धोखाधड़ी हुई थी। आरोपी उत्तम पाण्डेय ने खुद को प्रवर्तन निदेशालय चंडीगढ़ के



सहायक निदेशक कार्यालय का अधिकारी बताते हुए परिवादी से संपर्क किया। उसने झांसा दिया कि वह इस धोखाधड़ी के मामले से परिवादी का नाम हटवा देगा और उसे राहत दिलाएगा। 20 लाख से शुरू हुई थी डील जांच में सामने आया कि आरोपी ने शुरूआत में राहत दिलाने के बदले 20 लाख रुपये की मांग की थी। लंबी सौदेबाजी के बाद सौदा 13 लाख रुपये पर तय हुआ। शिकायत का सत्यापन होने के बाद एसीबी ने जाल बिछाया।

### बांसवाड़ा : बोर्ड परीक्षा देने जा रही छात्रा की रास्ते में मौत, सहेलियों के सामने अचानक गिरी, हार्ट अटैक की आशंका

**बांसवाड़ा (आरएनएस)।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ शनिवार सुबह 12वीं बोर्ड की परीक्षा देने जा रही एक छात्रा की संदिग्ध हार्ट अटैक से मौत हो गई। छात्रा अपनी सहेलियों के साथ हंसी-खुशी स्कूल की ओर बढ़ रही थी, तभी रास्ते में अचानक चक्कर खाकर गिर पड़ी और फिर कभी नहीं उठी। परीक्षा केंद्र पहुंचने से पहले ही थम गई सांसें मृतक छात्रा की पहचान पूजा कुमारी मीणा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के अरनोद की निवासी थी। पूजा पिछले दो वर्षों से सागवा स्थित सरकारी बालिका छात्रावास में रहकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ाई कर रही थी। शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे वह अपनी सहेलियों के साथ कृषि विज्ञान का पेपर देने के लिए हॉस्टल से स्कूल की ओर निकली थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रास्ते में पूजा अचानक लड़खड़ाई और बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। उसे गिरता देख उसकी सहेलियां और पास मौजूद ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़े। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय सरपंच, जिला परिषद सदस्य नरसिंह निनामा और हॉस्टल वार्डन प्रियंका चरपोटा मौके पर पहुंचे। छात्रा को तुरंत एक निजी वाहन से सज्जनगढ़ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

## श्रीनगर समेत कई शहरों में खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन, ट्रैफिक डायवर्ट

**श्रीनगर (आरएनएस)।** अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आते ही हड़कंप मच गया। इसका असर भारत में भी देखने को मिल रहा है। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में लोग सड़कों पर उतर आए और अमेरिका व इजरायल के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर ने लोगों में गुस्से और रोष की लहर पैदा कर दी। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और बडगाम समेत कई शहरों में लोग नारे लगाते हुए मार्च कर रहे हैं, जिस वजह से शहरों की कई मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक बाधित हो गया। स्थिति को काबू में करने के लिए अधिकारियों ने कुछ जगहों पर वाहनों का रास्ता बदल दिया। श्रीनगर में भी रविवार को विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। स्थानीय लोग खामेनेई की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और अमेरिका व इजरायल विरोधी नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ने के कारण शहर के कई हिस्सों में पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। हालांकि, प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है लेकिन किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार सुबह दावा किया कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कार्रवाई पूरे हफ्ते या जरूरत पड़ने तक जारी रहेगी। ट्रंप ने खामेनेई को इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक बताते हुए कहा कि उनकी मौत ईरान की जनता के लिए न्याय है।

यह उन सभी अमेरिकी नागरिकों और दुनिया के कई अन्य देशों के लोगों के लिए भी न्याय है जो खामेनेई और उनके साथियों के कारण मारे गए या घायल हुए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद ईरान की सरकारी मीडिया ने भी खामेनेई की मौत की पुष्टि की है। हालांकि इस खबर ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विरोध और चिंता दोनों पैदा कर दी है।

> **अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद ईरान की सरकारी मीडिया ने भी खामेनेई की मौत की पुष्टि की है। हालांकि इस खबर ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विरोध और चिंता दोनों पैदा कर दी है**



## महाराष्ट्र के नागपुर में बड़ा हादसा, विस्फोटक कारखाने में हुआ ब्लास्ट, 15 की मौत-कई घायल

**नागपुर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को भयानक हादसा हो गया। नागपुर जिले के कटोल तहसील में एक विस्फोटक कारखाने में हुए धमाके में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने बताया कि विस्फोटक कारखाने में हुए विस्फोट में 15 लोग मारे गए हैं।

जानकारी के मुताबिक कि यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में हुआ। घटना कंपनी की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 बजे से 7.15 बजे के बीच हुई। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद घायलों को नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसपी, नागपुर ग्रामीण ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में हुए विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान जारी है और वे जल्द ही एक बयान जारी करेंगे।





एयर कमोडोर बी एस विजय राव, वीएसएम ने नई दिल्ली में बेस रिपेयर डिपो, पालम की एयर ऑफिसर कमांडिंग के तौर पर कमान संभाली।

## भारतीय सेना की ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद दुम दबाकर भागा

# एलओसी पर दिखा पाकिस्तानी ड्रोन

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर रविवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब भारतीय सीमा के भीतर एक पाकिस्तानी ड्रोन घुसपैठ की कोशिश करता नजर आया। दिगवार इलाके में आसमान में मंडराते इस संदिग्ध ड्रोन को देखते ही मुस्तैद भारतीय सेना के जवानों ने बिना कोई देरी किए अपनी बंदूकें तान लीं। जवानों ने इसे मार गिराने के इरादे से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी, जिससे दुश्मन के खेमे में दहशत फैल गई।

**गोलियों की बौछार के बीच बचा ड्रोन, चप्पे-चप्पे पर सर्च ऑपरेशन जारी**

अधिकारियों के मुताबिक, फॉरवर्ड पोस्ट पर तैनात सतर्क जवानों ने सुबह करीब 6 बजकर 10 मिनट पर इस दुश्मन ड्रोन को देखा था। इसे नेस्तनाबूद करने के लिए जवानों ने एक दर्जन से भी ज्यादा राउंड गोलियां दागीं। हालांकि, भारतीय सेना के इस कड़े प्रहार के बीच ड्रोन बाल-बाल बच गया और कुछ ही देर में वापस पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की तरफ भाग निकला। घटना के तुरंत बाद इलाके में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस ड्रोन के जरिए घाटी में कोई हथियार या नशीले पदार्थ तो नहीं गिराए गए हैं।



**तीन दिन में दूसरी बार नापाक साजिश, सीमा पर हाई अलर्ट**

पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पिछले महज तीन दिनों के भीतर यह दूसरी बार है जब सीमा पार से इस तरह की ड्रोन हलचल देखने को मिली है और भारतीय सैनिकों को फायरिंग करनी पड़ी है। इससे पहले 27 फरवरी को भी इसी इलाके में जवानों ने एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग कर उसके मंसूबों पर पानी फेरा था। लगातार हो रही इन घुसपैठ की कोशिशों को देखते हुए पूरी नियंत्रण रेखा पर हाई अलर्ट कर दिया गया है और जवान हर हरकत पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।

**जानकारी** — होलिका दहन पुराने साल और बुराइयों की विदाई है

## होलिका दहन की आग भूलकर भी न देखें ये लोग, वरना जिंदगी भर भुगतना पड़ेगा भारी नुकसान!

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हिंदू धर्म में बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक होलिका दहन को बेहद पवित्र माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि हर किसी के लिए इस धधकती आग को देखना शुभ नहीं होता है? आगामी 3 मार्च 2026 को होने वाले होलिका दहन को लेकर शास्त्रों में कड़ी चेतावनी दी गई है। मान्यताओं के अनुसार, जब होलिका की अग्नि जलती है तो आसपास के वातावरण में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बेहद तेज हो जाता है। अगर कुछ विशेष परिस्थितियों वाले लोग इस अग्नि के संपर्क में आते हैं, तो उनके जीवन में भयंकर शारीरिक और मानसिक परेशानियां दस्तक दे सकती हैं। आइए जानते हैं किन लोगों को इस दहन स्थल से कोसों दूर रहना चाहिए।

**नई नवेली दुल्हनों के लिए क्यों माना जाता है इसे सबसे बड़ा अपशकुन?**

शास्त्रों के जानकारों की मानें तो जिन महिलाओं की हाल ही में शादी हुई है और यह उनके ससुराल में पहली होली है, उन्हें भूलकर भी होलिका दहन की आग नहीं देखनी चाहिए। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि होलिका की आग को जलते हुए शरीर का प्रतीक माना जाता है, जो एक नई दुल्हन के सुखी वैवाहिक जीवन के लिए घोर अशुभ है। होलिका दहन पुराने साल और बुराइयों की विदाई है, जबकि नवविवाहिता का जीवन एक नई और शुभ शुरूआत का प्रतीक है। इन दोनों विपरीत ऊर्जाओं के टकराने से वैवाहिक जीवन में भारी कलह और दरार पैदा होने का खतरा रहता है। ऐसे में नई जोड़ियों को घर के अंदर ही रहना चाहिए।



**गर्भवती महिलाओं और मासूम बच्चों पर पड़ता है सीधा नकारात्मक असर**

गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को भी होलिका दहन की आग और उसके खतरनाक धुएं से पूरी तरह दूर रहने की सख्त हिदायत दी जाती है। दहन के समय वातावरण में ऊर्जा का भयानक उतार-चढ़ाव होता है। होलिका की आग की उग्रता और वहां मौजूद नकारात्मक शक्तियां गर्भ में पल रहे शिशु के कोमल स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर डाल सकती हैं। इसी तरह छोटे बच्चों का मन और उनकी ऊर्जा बहुत संवेदनशील होती है, जिससे वे आसानी से बुरी शक्तियों की चपेट में आ सकते हैं। मां और बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें दहन स्थल पर बिल्कुल नहीं ले जाना चाहिए।

**बीमार और मानसिक रूप से परेशान लोगों के लिए भी है सख्त मनाही**

जो लोग लंबे समय से बीमार चल रहे हैं या किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं, उनके लिए भी होलिका की आग के करीब जाना खतरे से खाली नहीं है। दहन के समय उड़ने वाला धुआं और तेज आंच मरीज की शारीरिक तकलीफों को कई गुना बढ़ा सकती है। इसके अलावा, जो लोग अक्सर डिप्रेशन, डर या नकारात्मक विचारों से घिरे रहते हैं, उन्हें भी इस दृश्य को देखने से बचना चाहिए। होलिका की धधकती आग उनके मन में गहरा खौफ या अशांति पैदा कर सकती है। ऐसे लोगों के लिए सबसे बेहतर यही है कि वे घर के शांत माहौल में बैठकर भगवान विष्णु का ध्यान करें, ताकि उनके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सके।

# कृष्णा फाउंडेशन पुनर्वास केंद्र पर होली मिलन समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**बुलंदशहर।** कृष्णा फाउंडेशन पुनर्वास केंद्र पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया दिव्यांग बच्चों के साथ होली के प्राकृतिक गुलाल लगाने के लिए संस्था के हितेषी लोग उपस्थित रहे नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल,उ,ड (क्षेत्रीय अधिकारी आदरणीय प्रखर पांडे) वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी श्योपाल सिंह गुर्जर, किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष करणवीर सिरोही, एडवोकेट अरविंद भाटी, देवेंद्र देव ,मोहित गोयल, महेश अरोड़ा , मधु मित्तल , उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल जी, कुंवर पाल खारी, कृष्णा फाउंडेशन के सचिव पुष्पेंद्र नागर, रॉबिन नागर पुनर्वास, विशेषज्ञ, चिंतन चौधरी, निम्मी चौधरी, विशेष शिक्षक संजय कुमार के साथ सैकड़ो दिव्यांगजन उपस्थित रहे। एक दूसरे का गुलाल लगाकर होली का पवन पर्व खुशियों के साथ मनाया।

# घरों से गायब हो गई अब होली के पकवानों की महक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** गुजियो और पापड़ की खुशबू से महकने वाली होली पर्व की रौनक अब बाजारों ने छीन ली है। घरों से मिठाइयों और पकवानों की महक गायब सी हो गई है। बसंत आते ही होली के पकवानों को लेकर महिलाएं तैयारी शुरू कर देती थी मगर बाजार में सब कुछ बना बनाया मिलने लगा तो महिलाएं इन पकवानों से दूर हो गई हैं। बाजारों में अब गुजिया चिप्स पापड़ कचहरी सहित अन्य सामान मिलता है तो लोग इनकी खरीदारी कर घर ले आते हैं जिम अब वह पहले जैसी होली का स्वाद नहीं रहा है। घरों में महिलाएं पहले होली पर गुजिया बनाने के लिए 15 दिन पहले दूध का मावा फूकना शुरू कर देती थी और आलू के चिप्स में चावल की कचरी बनती थी मगर आप सब कुछ गायब सा हो गया है। एक या दो दिन पहले लोग सभी सामान की खरीदारी कर लेते हैं।

हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कुछ लोग इन परंपराओं को मानते हैं और घरों पर ही होली के पकवान बनाकर उनका भोग लगाते हैं। मोहल्ला सराय पुख्ता निवासी सोनी पाठक ने बताया कि हमारे जमाने में होली के सभी पकवान घरों में बनते थे एक साथ सभी बैठकर बनाते थे। मगर अब जमाना बदल तो इसके साथ तयोहार के मायने भी बदल गए हैं।

# होली पर चंद्र ग्रहण, 2 दिन की छुट्टी 2 मार्च की शाम होलिका का दहन,तीन को चंद्र ग्रहण,4 मार्च को रंग की होली

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर।** होली पर चंद्र ग्रहण के कारण अवकाश को लेकर सस्पेंस बना हुआ था। किंतु शुक्रवार को शासन ने अवकाश घोषित कर सस्पेंस खत्म कर दिया। ज्योतिष के अनुसार हाल का दहन 2 मार्च की शाम 6:30 बजे बाद या फिर मध्य रात्रि 12:30 बजे किया जाएगा। इस दिन भद्रा का साया है भादरा में कोई भी सो कार्य नहीं किया जाता है इसलिए होलका दहन पूजन के लिए सीमित समय है। इस समय अवधि में पूजन और दहन करना है। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण का सूतक सुबह 6:20 से लग जाएगा। इससे पूर्व मंदिरों के पट बंद कर दिए जाएंगे। ग्रहण कल के कारण इस दिन रंग की होली नहीं खेली जाएगी यानी 4 मार्च को होली खेली जाएगी। होली के अवकाश को लेकर निरंतर सस्पेंस बना रहा। सरकारी गैर सरकारी कार्यालयो में इसे लेकर चर्चा होती रही इस बार विराम लगाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी करते हुए तीन और चार मार्च की होली के अवकाश की घोषणा की है।

# भाजपा की मोदी सरकार अमेरिका साम्राज्यवाद के आगे समर्पण कर चुकी है :डीपी सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**शिकारपुर।** मोदी सरकार ने अमेरिका के सामने समर्पण करके ट्रेड डील के जरिए भारत के किसानों का सौदा कर दिया है। इस समझौते से किसान बर्बाद हो जाएंगे। उक्त विचार मार्क्सवादी के राज्य सचिव मंडल सदस्य एवं किसान सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कॉमेडी डीपी सिंह ने ग्राम दरवेशपुर में किसानों मजदूरों की सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। सभा का आयोजन शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर "रोजी-रोटी भाईचारा वह जनतंत्र बचाओ " अभियान के तहत किया गया। डीपी सिंह ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार अमेरिकी साम्राज्यवाद के आगे समर्पण कर चुकी है। इस समझौते से कृषि जिन्स व उनके उत्पाद शून्य टेरिफ पर भारी मात्रा मे देश के बाजार मे जाएंगे। और अपने किसान की मंहगे खाद बीज बिजली डीजल व कीटनाशक से पैदा की हुई फसल अपने ही बाजार मे पिट जाएंगी। इसी प्रकार मोदी सरकार बिजली व बीज विधेयक 2025 संसद मे पेश कर चुकी है। यदि ये विधेयक संसद मे पास हो गये तो बीजो व बिजली पर निजी कंपनियों का कब्जा हो जायेगा। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव चंद्रपाल सिंह ने कहा कि मोदी और योगी सरकार ने स्थायी रोजगार खत्म कर दिये है गरीबों से शिक्षा छीन ली है। 80 हजार स्कूल बंद कर दिये हैं। लोग बिना इलाज के मरने के लिए मजबूर हैं। आम आदमी की समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए सरकार समाज को धर्म व जाति के नाम पर बांट कर नफरत फैला रही है। उन्होंने कहा कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व किसान सभा बीज व बिजली विधेयक 2025, अमेरिका व यूरोप यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौते अल्पसंख्यको, दलितों,महिलाओ के उत्पीड़न के विरोध मे 24 मार्च 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान मे एक बड़ी रैली करेगी जिसमे लाखों लोग भाग लेंगे। सभा की अध्यक्षता नेत्रपाल सिंह व संचालन किसान सभा के जिला कमेटी सदस्य जयभगवान शर्मा ने किया। सभा को वीरेंद्र लौर,तुंगल सिंह,मूलचंद त्यागी,अमित कुमार,वीरपाल सिंह,सुरेशचंद यादव , बच्चू सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया।

# होली पर हुड़दंग किया तो होगी सख्त कार्रवाई: चंदगी राम

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर।** होली पर पुलिस हुड़दंग कर कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास करने वालों से सख्ती के साथ निपटेगी । पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगी राम ने बताया कि होली के पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस की क्षेत्र में पेनी नजर रहेगी । बाजारों में पुलिस बल की तैनाती की गई । वहीं पुलिस की पेट्रोलिंग वाहनों को गतिशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपसी प्यार एवं भाईचारे का प्रतीक होली का पर्व सोमवार व बुधवार को मनाया जाएगा । होली पर शराब का सेवन कर हुड़दंग करने बालों पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से होली के पर्व को आपसी भाईचारे सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

# होली पर्व लोगों को आपस में जोड़ता है : सांसद डॉ महेश शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी।** ग्राम भटौना में भाजपा पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक चौ.सुन्दरपाल सिंह तेवतिया के आवास पर होली पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक सद्भाव समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डॉ.महेश शर्मा ने कहा कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति व साम्प्रदायिक सौहार्द का प्रतीक है। यह पर्व लोगों को आपस में जोड़ता है।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी ऐसे पर्वों को संजोए रखने में सहयोग करे। प्रदेश के पूर्व मंत्री चौ.उदयभान सिंह ने कहा कि चौ.सुन्दरपाल सिंह तेवतिया प्रत्येक वर्ष होली मिलन समारोह आयोजित करते हैं, इस कार्यक्रम से आपसी भाईचारा बढ़ता है। युवा पीढ़ी को होली जैसे पर्वों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए। होली का पर्व लोगों के मनों को जोड़ता है। कार्यक्रम संयोजक चौ.सुन्दरपाल सिंह तेवतिया, मुकेश तेवतिया व डॉ.प्रभात मुद्गल आदि ने मुख्य अतिथि डॉ.महेश शर्मा, पूर्व मंत्री उदयभान सिंह सिंह सभी अतिथियों का बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया।

सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक व पूर्व विधायक तथा अन्य नेता पारंपरिक होली के गीतों पर होली वादन किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुरेश चंद्र शर्मा,एडवोकेट नवनीत शर्मा, नरेश तेवतिया, रामकुमार कौशिक , डॉ शोभा आनंद आदि मौजूद रहे।

# त्योहार : नगर में दिखने लगा होली का असर,बाजार दुल्हन की भांति सजे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** होली पर्व के नजदीक आते ही बाजार भी गुलजार होने लगे हैं और होली का रंग बाजारों में चढ़ने लगा है। जगह-जगह गुलाल और पिचकारी आदि की दुकानें सज गई हैं ।बाजार खरीददारों से गुलजार है जिसके चलते दुकानदारों की पौ बाराह हो रही है । इसके अलावा होली पर मेहमानों के स्वागत के लिए गुजिया व . विभिन्न प्रकार की कचरी पापड़ी भी खूब बिक रहे हैं । रंग बरसे भीगे चुनरवाली होली के दिन रंग मिल जाते हैं आदि गानों पर दस्तक बाजारों में घरों में देने लगते हैं ।इस समय बाजारों में रौनक बढ़ी हुई है । 2 मार्च को होलिका दहन होना है 4 मार्च को रंग की होली खेली जाएगी जिसे लेकर घर-घर तैयारी की जा रही है।



वही रंगों के इस महापर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्र में नगर के सभी बाजार रंग, अबीर गुलाल और पिचकरिया आदि से सज गए हैं जिन्हें देखकर बच्चे उन्हें औ खरीदने की जिद कर रहे हैं इन पिचकारी ओं मैं भालू डोरेमोन छोटा भीम मगरमच्छ शेर टैंक सहित विभिन्न किरदारों की पिचकारी अभी बच्चों को आकर्षित कर रही हैं।

इसमें से बहुत सी पिचकारिया आम लोगों की जेब पर भी भारी नहीं पड़ेगी, क्योंकि इनकी कीमत भी बेहद कम है जो 100 से लेकर 300 तक बाजार में उपलब्ध है। वही बुजुर्गों के लिए चंदन टीका भी है। होली के त्यौहार पर मेहमानों के लिए मिठाई की दुकानों पर गुजिया तैयार हैं। इनकी कीमत 300 से 500 । वहीं बाजार में रेडीमेड आइटम का चलन और मांग लगातार बढ़ने लगी है। और चिप्स पापड़ का बाजार भी पूरी तरह से गुलजार हो गया है। दुकान संचालक दुकान संचालक सचिन सैनी ने बताया कि रंग गुलाल की दुकान सजने लगी हैं जैसे जैसे समय नजदीक आएगा वैसे वैसे बाजार में रौनक बढ़ेगी। हालांकि महंगाई की मार चलते महिलाएं पकवानों को कम मात्रा में खरीद रही हैं।

**क्या कहते हैं चिकित्सक**

सीएचसी प्रभारी डॉ शशि शेखर सिंह कहना है कि होली पर्व पर बाजार में उपलब्ध रंगों के कम इस्तेमाल को सलाह देते हुए कहा कि केमिकल युक्त रंग गुलाल तो स्वार्थ के लिए बेहद नुकसानदायक हो सकते हैं अगर रंग अथवा गुलाल आंखों में गिर जाए तो आंखों की रोशनी तक को खतरा पैदा हो सकता है। जबकि कई रंग तो शरीर की त्वचा के लिए बेहद खतरनाक साबित होते हैं इन रंगों के प्रयोग से त्वचा के झुलसने तथा अन्य कई प्रकार की बीमारियां पनप सकती है.।

**: क्या कहते हैं कोतवाली प्रभारी**

कोतवाली प्रभारी चंदगीराम का कहना है कि होली पर शांति व्यवस्था ठीक रखने के लिए पुलिस ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने की गरज से पुलिस गश्त में भी बढ़ोतरी कर दी गई है।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बुलंदशहर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है, जिसमें जनपद बुलंदशहर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए समस्त सीटों पर अपना कब्जा जमाया है। जनपद बुलंदशहर को आवंटित कुल 199 सीटों के सापेक्ष 195 सीटों पर बच्चों का चयन हुआ है, जबकि केवल 4 सीटें अनुसूचित जनजाति के आवेदन प्राप्त न होने के कारण रिक्त रह गईं। इस परीक्षा में जनपद भर से 4100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। इस छात्रवृत्ति हेतु केवल वही छात्र पात्र होते हैं जो सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त या स्थानीय निकाय के विद्यालयों में कक्षा 8 में अध्ययनरत हों और जिन्होंने कक्षा 7 की वार्षिक परीक्षा न्यूनतम 55% अंकों (आरक्षित वर्ग हेतु 5% की छूट के साथ) के साथ उत्तीर्ण की हो।

चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं को भारत सरकार द्वारा कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के चार वर्षों के लिए प्रतिमाह 1000 रुपये (एक हजार रुपये) की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, बशर्ते छात्र पात्र श्रेणी के संस्थानों में अपनी पढ़ाई जारी रखें और उनका शैक्षणिक प्रदर्शन संतोषजनक रहे। जनपद के विद्यालयों में सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन कंपोजिट विद्यालय टिटौटा, जहांगीराबाद का रहा जहाँ से सर्वाधिक 11 बच्चों का चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त उच्च प्राथमिक विद्यालय बिसुंधरा से 7 बच्चे, कम्पोजिट विद्यालय शेरपुर सिकंदराबाद से 5 बच्चे, उच्च प्राथमिक विद्यालय पीपाला अगौता से 5 बच्चे और कम्पोजिट विद्यालय कैथाला गुलावटी से 4 बच्चों ने मेरिट में स्थान बनाया है। जिलाधिकारी बुलंदशहर ने इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और संबंधित विद्यालयों के समर्पित शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# होली पर विशेष निर्देश: सफाई व जलापूर्ति के पुख्ता इंतजाम के आदेश, अधिशासी अधिकारी ने होलिका दहन स्थलों का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर।** होली के पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद शिकारपुर ने तैयारीया तेज कर दी हैं। अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने कर्मचारियों को विशेष निर्देश जारी करते हुए कहा कि होलिका दहन और रंगो उत्सव के दौरान नगर में स्वच्छता एवं पेयजल आपूर्ति विभाजित नहीं होनी चाहिए। ईओ नीतू सिंह ने नगर के होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी चिन्हित होलिका दहन स्थलों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। होलिका दहन से पूर्व और पश्चात सफाई सुनिश्चित की जाएगी तथा राख अवशेषों को तत्काल हटाया जाएगा। होली के दिन दोपहर 1:00 बजे से निबार्द जिला आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। चेयरपर्सन राजबाला देवी ने नागरिकों से रंग पंचमी पर टिशु के फूलो से होली खेलने की अपील की है। अधिशासी अधिकारी ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे का सौहार्द का पर्व है। सभी नागरिक इस शांति स्वच्छता और जिम्मेदारी के साथ मनाएं।

## होली की बधाई

## स्कूलों में खूब उड़ा अबीर -गुलाल

# एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी, शिक्षकों ने भी गुलाल लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। नगर के स्कूलों में शनिवार को होली पर धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भाई खा ले फिर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कृष्ण कुमार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल मैं होली पर धूमधाम से मना। छोटे-छोटे बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर खूब मस्ती की। विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना जैन ने सभी छात्रों को होली पर्व का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी होली को एकता में भाईचारे के साथ मनाएं। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**विज्डम वर्ल्ड स्कूल में उमंग और उल्लास के साथ फाग महोत्सव आयोजित**

शिकारपुर क्षेत्र स्थित विज्डम वर्ल्ड स्कूल में फाग महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। रंगों और संगीत से सराबोर इस कार्यक्रम ने विद्यालय परिसर को आनंद, उमंग और सांस्कृतिक सौहार्द के रंगों से भर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंधक संजय जैन, निदेशक नमन जैन तथा प्रधानाचार्य राज कुमार तेवतिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की देखरेख संयोजक अनूप शर्मा एवं संगीत शिक्षिका चाँदनी भारद्वाज के सानिध्य में की गई।






विद्यार्थियों ने होली खेल रहे नंदलाल, होली आई रे, जरा हट नटखट तथा ह्होली के दिन खिल जाते हैंह्व जैसे मनमोहक गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। तृप्ति, जिया, दृष्टि, अनुष्का, अवनि, दीपांशी, जाह्नवी, वैष्णवी, सिया, आश्रिता, वंशिका, कृतिका, गुंजन, आरोही, मानसी, कुणाल, पीयूष, वंश, निशांत, दैविक आदि विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। विशेष आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण वेशभूषा में होली खेलकर सभी का मन मोह लिया तथा सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। प्रधानाचार्य राज कुमार तेवतिया ने अपने संदेश में कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे और सद्भाव के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को रंगों के इस पावन उत्सव को मयार्दा और सकारात्मक भावना के साथ मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक सुशील जैन एवं संदीप जैन की प्रेरणादायी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। अंत में सभी को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम का समापन रंगों की मधुर छटा, हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के वातावरण के साथ संपन्न हुआ। सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ देते हुए प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश अपनाने का संकल्प लिया। इसके अलावा हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में, मां भगवती इंटरनेशनल स्कूल में, ओमवती इंटर कॉलेज आज ही में भी होली की धूम रही और खूब रंग गुलाल उड़ा।

## लोहा विक्रेता मंडल की आमसभा, वार्षिक अधिवेशन, स्थापना दिवस और होली मंगल मिलन 2 मार्च को होगा: डॉ.अतुल जैन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी वार्षिक आम सभा वार्षिक अधिवेशन और स्थापना दिवस 2 मार्च 2026 को लोहा मंडी में तारा स्टील चौक पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी व्यापारियों सदस्यों और अन्य संगठनों के पदाधिकारियों तथा आमंत्रित अतिथियों के साथ होली मंगल मिलन का कार्यक्रम भी इसी दिन 2 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। 43 वर्ष पूर्व गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की स्थापना हुई थी इस तरह से 43 वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा और वार्षिक आमसभा में पूरे वर्ष किए गए कार्यों का विवरण भी प्रस्तुत किया जाएगा, और वार्षिक लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा।




## संगठित हो पुरुषार्थ करने से होगी राष्ट्रोन्नति : चन्द्र पाल शास्त्री

# दो दिवसीय होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद** आर्य समाज कवि नगर में दो दिवसीय वासन्तीय नवसस्येष्टि यज्ञ एवं होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। वैदिक विद्वान धमार्चार्य प्रमोद शास्त्री के ब्रह्मत्व में वासन्तीय नवसस्येष्टि यज्ञ सम्पन्न हुआ। मुख्य यज्ञमान श्रीमती मनोरमा शर्मा-अशोक शर्मा,नेहा कसाना-रितेश कसाना,शशि बाला एवं रविन्द्र आर्य रहे। उन्होंने यज्ञ मानों को आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद एवं मंगलमय जीवन की प्रभु से प्रार्थना की। उन्होंने पांच माताओं ईश माता,जननी माता,धरती माता, गौमाता और वेदमाता का जिक्र करते हुए बताया कि यदि वेदमाता हमें प्राप्त ना हो तो मनुष्य और पशुओं में कोई अंतर नहीं रहेगा।अतः धर्म की जानकारी के लिए वेदों का स्वाध्याय करना पड़ेगा क्योंकि धर्म का मूल वेद हैं। सहारनपुर से पधारे सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक अभिषेक आर्य, नरेन्द्र आर्य,ऋचा आर्या,सतेन्द्र चौहान के द्वारा गाये होली मिलन के गीतों को सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए।

पतंजलि योग पीठ से पधारे स्वामी विवेक देव ने कहा कि हमारी सभ्यता,संस्कृति और परम्पराएं आज भी जीवित हैं।

सनातन वैदिक धर्म सीधे ईश्वर से जुडा है।वेद परमात्मा कि वाणी हैं।भारतीय सभ्यता संस्कृति की रक्षा के लिए गाय,गौशालाओं और गुरुकुलों का संवर्धन करना होगा।होली मिलन समारोह के मुख्य वक्ता आचार्य चन्द्र पाल शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्व हमें आपस में जोड़ते हैं अतः संगठित होकर समाज कल्याण के कार्य करें।अपना और राष्ट्र का उद्धार करना है तो हमें पुरुषार्थ की और बढ़ना होगा।आत्मिक उन्नति के लिए जो कार्य किये जाते हैं वह पुरुषार्थ हैं।वही कार्य करें जो परमात्मा की भक्ति के हों।यदि आज होली पर्व पर संकल्पित होकर उपरोक्त कार्य करें तो अनायास सभी जुड़ जायेंगे और राष्ट्रोन्नति भी होने लगेगी,होली पर्व मनाना सार्थक हो जायेगा। योगी प्रवीण आर्य ने कहा कि पर्व हमें एक दूसरे से जोड़े रखते हैं।इसलिए पर्वों को हँसते मुस्कुराते मनाना चाहिए।केवल मुस्कुराने से आप तनावमुक्त,युवा और सुन्दर बने रहते हैं। विशेष आमंत्रित वेद प्रभातम ने कहा कि होली बड़ा पवित्र त्यौहार हैं जिसे ऋषिमुनी प्राचीन काल से मनाते आ रहे हैं खेतो में बड़े बड़े यज्ञ कुंडो पर और घरों में प्रातः सायं यज्ञ हुआ करते थे चहूँ और जनता सुखों से पूरित थी।इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री राजेन्द्र आर्य,आलोक राघव,आशा आर्या,डा प्रमोद सक्सेना,वी के गुप्ता, सुमन चौहान,सुभाष शर्मा, सौरभ आर्य,बृजपाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन यशस्वी मंत्री वी के धामा ने किया।





## सांसद अतुल गर्ग ने वायदा किया की गृहकर को कम किया जायेगा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** यहां कोरवा यूपी ( कोंफडरेशन ऑफ आर डब्लू ऐ- उत्तर प्रदेश) का एक प्रतिनिधिमंडल स्थानीय सांसद अतुल गर्ग से मिला और उन्हें बताया की शहर के लोगों में अपने जन प्रतिनिधियों और विशेष कर जिलाधिकारी और नगर आयुक्त के विरोध में भयंकर रोष और क्रोध है ।कोरवा-यूपी के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने पूछा की जब पिछले वर्ष सब जन प्रतिनिधियों ने नगर निगम सदन में बढ़े हुए ग्रह कर को निरस्त कर दिया था तो फिर उसे लागू क्यों किया जा रहा है ? ये आपका अपमान तो है ही,ये हमारा भी अपमान है यानी गाजियाबाद के 70 लाख लोगों का भी अपमान है` आपके चुप रहने को लोग आपकी कमजोरी और संलिप्तता समझ रहे हैं। आपका जिलाधिकारी सिविल सोसाइटी के लोगों से बात नहीं करना चाहता। आपका नगर आयुक्त आम आदमी पर ग्रह कर का अप्रत्याशित बोझ डालने पर आमादा है। आम आदमी के दिल में वर्तमान जनप्रतिनिधियों के खिलाफ गुस्सा है ।डा पवन कौशिक , डा आर के आर्या , जय दीक्षित और कैलाश शर्मा ने सांसद से कहा की गाजियाबाद यहां रहने वाले लोगों का है,तबादले पर आए हुए अधिकारियों का नहीं ।हमारा बताया हुआ एक सुझाव भी नगर आयुक्त ने नहीं माना है नगर आयुक्त नए निमार्णों और योजनाओं का हवाला देकर गृहकर बढाने का तर्क देते है` ये भूल जाते है की नगर निगम का काम नव निर्माण करना है ही नहीं` नगर निगम का मुख्य काम है कूड़ा निस्तारण और शुद्ध पानी की उपलब्धता ' दोनों की वजह से गाजियाबाद के लोग बहुत परेशान है ' नगर निगम की कार्यशैली है की कुछ अधिकारी मिलकर फैसला ले लेते है ' जमींन हमारी, टेक्स हमारा और योजनाओं का असर भी हमारे भविष्य पर पड़ेगा परन्तु हमे इस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाता।



## करणी सेना का 7वां स्थापना दिवस समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाज़ियाबाद।** करणी सेना के 7वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समापन समारोह भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह अम्मू के मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त हुए।

प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह राजा, जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप सिंघल, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक रामकुमार तोमर, संगठन महामंत्री निशित रावल,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मोहित राज, दिनेश शर्मा, महानगर व्यापार अध्यक्ष विवेक गर्ग, सोशल मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह खाती , मीडिया प्रभारी शुभम तोमर सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी मंचासीन रहे।



कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रीना चौहान के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर शिखा चौहान,जिला अध्यक्ष नीता शर्मा एवं उनकी टीम उपस्थित रही। इसके साथ साथ अलीगढ़,हरियाणा समस्त उत्तर प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों की टीमों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान संगठन की उपलब्धियों,आगामी योजनाओं एवं सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई।

वक्ताओं ने संगठन की एकता, अनुशासन और समाजहित में निरंतर कार्य करने के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर सुविख्यात कवि मोहित शौर्ये ने अपनी ओजपूर्ण रस कविताओं के माध्यम से उपस्थित दर्शकों में अद्भुत उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किया। उनकी प्रस्तुति ने पूरे सभागार को राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना के भाव से ओतप्रोत कर दिया। समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाज के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।



## फागुन के रंगोत्सव में छाए सामाजिक सौहार्द के रंग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क-3 स्थित पीआईआईटी कॉलेज में होली पर्व रंगोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक फाग, उत्सव गीतों और नृत्य ने रंग जमा दिया। पूरा कॉलेज परिसर रंग में सराबोर हो उठा और दोपहर से शाम तक गुलाल उड़ता रहा। छात्र-छात्राएं, शिक्षक व अन्य स्टॉफ जहां रंग बरसे पर जमकर थिरके, वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार डॉ. जितेन्द्र बच्चन ने सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक जुड़ाव व आपसी प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने प्राकृतिक और सुरक्षित होली मनाने का आह्वान करते हुए समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। डॉ. बच्चन ने रंगोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द, संस्कृति और भाईचारे के साथ सामाजिक एकता का प्रतीक है। जिंदगी में प्यार और मानवता का होना बहुत जरूरी है, इन रंगों के बिना जिंदगी रंगहीन है। इसलिए हम यह निःसंदेह कह सकते हैं कि ऐसे आयोजन पारिवारिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे भारत की लोकसंस्कृति और परंपराएँ ही हमारे देश की असली पहचान हैं, जिन्हें सहेजना और अगली पीढ़ी तक पहुंचाना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। संस्थान के चेयरमैन डॉ. भरत सिंह और निदेशक आर. के. शाक्य ने भी सभी को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द की कामना की। साथ ही कहा कि होली के इस सामाजिक उत्सव के आयोजन ने कॉलेज परिसर को रंगों, खुशियों और उर्जा से भर दिया है। ऐसे उत्सव मनाने की परंपरा छात्र- छात्राओं को देश की सभ्यता और संस्कृति से जोड़े रखती है। इस दौरान विद्यार्थियों ने गुरुजनों के साथ-साथ चेयरमैन और विशिष्ट अतिथि का भी तिलक लगाकर अभिनंदन किया। रंग दे गुलाल मोहे गीत पर कॉलेज की छात्राएं व शिक्षिकाओं ने चंदन, अबीर और फूलों की होली खेलते हुए एक दूसरे को फागुन की बधाई दी। पीआईआईटी की मिथलेश मैम होली गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर आकर्षण का केंद्र रहीं। साथ ही उन्होंने सभी से प्राकृतिक रंगों से पर्यावरण अनुकूल होली मनाने की अपील की। अंत में गुझिया, गुलाल और अन्य उपहार वितरित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के डीन, प्रवक्ता आदि उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय लोकदल व्यापार महत की द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन संपन्न

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** कर्मिकार इन्ड्रस्टीगल एरिया के स्वदेशी कम्पाउन्द्र में स्वदेशी भिन मन्डल एवम् राष्ट्रीय लोकदल व्यापार महत की द्वारा भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया उत्ता इस कार्यकम के मुख्य क्योरमेक (समोनक) प्रभात गर्ग सिटी बियस नाते रहे।सबसे पहले समुख्य अतिर्थ त्रिलोक त्यागी राष्ट्रीय महासविद (सर्गकन) राष्ट्रीय लोक दल का जोरदार स्वागत उद्यमी बन्धुओं द्वारा किया गया।राष्ट्रीय सचिव प्रयुद्ध का भी बुके देकर स्वागत कियााया। त्रिलोक त्यागी जी ने व्यापारिको उद्यमीयो का मार्गदर्शत करते हुए आश्वस्त किया प्रदा के साथ को हमेशा सही है। उन्होने लघु उद्योगों को बढावा देने का सार्थत किया। इस अक्सर पर राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासकि मौन्डी त्यागी, वरिष्ठ नेता इन्दरखीत सिंह टीटू रविन्दर चौहान, अमित त्यागी, जिला अधयया रामपाल महानगर अध्यक्ष रेखा चौकटी का भी गर्न पर स्वागत किया गया

कार्यका का मच सन्चालन रेखा चौधरी द्वारा किक गए। संयोजक प्रभाव गर्ग ने सभी अतिथियों एवम उद्यमीयो का अपवाद किया।



## जन गण मन की मधुर धुन गूंजते ही देशभक्ति के रंग में रंगा संस्थान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क-3 स्थित प्रिंस इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजी (पीआईआईटी) में 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि कुमाऊं गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर बीएस राजपूत ने परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का नेतृत्व किया।

राष्ट्रीय गौरव व उल्लास के वातावरण में झंडा फहराते ही संस्थान परिसर में राष्ट्रगान ह्यजन गण मन की मधुर धुन गूंजी और चेयरमैन प्रोफसर (डॉ.) भरत सिंह, विशिष्ट अतिथि व वरिष्ठ पत्रकार डॉ. जितेन्द्र बच्चन और संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आरके शाक्य ने पूरी निष्ठा के साथ तिरंगे को सलामी दी, जिससे पूरा माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। कान्फ्रेंस हाल में मुख्य समारोह का भव्य आयोजन किया गया। डॉ. भरत सिंह ने सभी को 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प दोहराया। उन्होंने संविधान को राष्ट्र प्रथम का दस्तावेज बताते हुए कहा कि यह देश का सर्वोच्च मार्गदर्शक है। संकट के समय देश का सबसे बड़ा संबल है। यह हमारे संकल्पों को आगे बढ़ाने में मददगार होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. जितेन्द्र बच्चन ने भीमराव आंबेडकर और क्रांतिकारियों के सिरमौर नेताजी सुभाष चंद्र बोस समेत देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले भारत के महान सपूतों की स्मृतियों को नमन करते हुए देश के संविधान को समष्टि के भाव के साथ जोड़ने की प्रेरणा देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि इन 76 वर्षों की लंबी यात्रा में देश के संविधान ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। इसके बावजूद एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्पों के अनुरूप प्रत्येक भारतवासी के गौरव, भारत की एकात्मता और अखंडता के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए देश आगे बढ़ रहा है। संस्थान की प्रमुख मिथलेश सिंह और जागेश सिंह मैम ने वंदे मातरम गीत प्रस्तुत कर नवउर्जा का संचार किया। लक्ष्मी प्रिया ने स्वरचित कविता सुनाकर देशभक्ति, संविधान, अनुशासन, समर्पण व साहस का संदेश दिया, तो अंकिता ने देश के शहीदों पर आधारित गीत गाकर सभी को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में संस्थान के संकाय सदस्य, अधिकारी और कर्मचारियों के अलावा पत्रकार, समाजसेवी व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।





**होली मिलन समारोह** | इस परियोजना के माध्यम से हमारा उद्देश्य "किफायती" किडनी देखभाल के माध्यम से सेवा करना है

## डायलिसिस सैन्टर का उद्घाटन एवं होपगिवर्स ब्राइट विजन फाउन्डेशन द्वारा संचालित तिरूपति हॉस्पीटल को किया सुपुर्द

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रोटरी क्लब ऑफ स्मार्ट सिटी द्वारा सी.एस.आर. प्रोजेक्ट के अन्तर्गत डायलिसिस सैन्टर का उद्घाटन एवं होपगिवर्स ब्राइट विजन फाउन्डेशन द्वारा संचालित तिरूपति हॉस्पीटल को किया सुपुर्द।

रोटरी क्लब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी द्वारा आज अपने सी.एस.आर. प्रोजेक्ट के अन्तर्गत डायलिसिस सैन्टर का उद्घाटन किया गया और इसे होपगिवर्स ब्राइट विजन फाउन्डेशन द्वारा संचालित तिरूपति हॉस्पीटल को सुपुर्द किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट 3012 की गवर्नर डा0 अमिता मोहिन्द्रू तथा विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर फेरोलाइट जॉइंटिग्स लि0,तथा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट रो0 अमित गुप्ता थे।

इस अवसर पर सी.एस.आर. प्रोजेक्ट प्रमोटर एवं क्लब सदस्य पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा0 सुभाष जैन ने बताया कि हमारे क्षेत्र में क्रॉनिक किडनी रोग तेजी से बढ़ रहा है और सीमित उपलब्धता और इलाज के मंहगे खर्चे के कारण कई मरीजों को समय पर डायलिसिस कराने में काफी कठिनाईयों होती है। कई मरीजों को जीवित रहने के लिए जीवनभर डायलिसिस की आवश्यकता होती है,जो कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए बहुत महंगा होता है। इस तत्काल स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमारे क्लब ने सी.एस.आर. कम्पनी फेरोलाइट जॉइटिंग्स लि0 के सहयोग से गाजियाबाद के तिरूपति हॉस्पीटल (होपगिवर्स ब्राइट विजन फाउन्डेशन द्वारा संचालित) में डायलिसिस सेवाएं शुरू की हैं, ताकि गाजियाबाद के वंचित मरीजों को रियायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण डायलिसिस सेवाएँ प्रदान की जा सकें। इस परियोजना के माध्यम से हमारा उद्देश्य "किफायती किडनी देखभाल के माध्यम से सेवा करना है। बलब के इस प्रोजेक्ट द्वारा स्वास्थ्य सेवा की पहुंच में सुधार होगा, मरीजों के जीवित रहने की दर और जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि होगी, सतत स्वास्थ्य सेवा वितरण को बढ़ावा मिलेगा और सामुदायिक सेवा में रोटरी की भूमिका मजबूत होगी।







# 10 मार्च तक भरे जाएंगे सम सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**अलीगढ़।** आरएमपीएसयू के सत्र 2023-24 और 2025-26 के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित होंगी। इसके लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं।

राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) के सम सेमेस्टर की परीक्षा अप्रैल में होगी। इसके लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 मार्च कर दी गई है। पहले यह तिथि 28 फरवरी थी। परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि एमआईएस जनरेट करने की अंतिम तिथि आठ मार्च है। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 10 मार्च है। इसी दिन परीक्षा फॉर्म भरे जाएंगे। निर्धारित तिथि के बाद परीक्षा शुल्क जमा करने पर 250 प्रति छात्र विलंब शुल्क देना होगा। आरएमपीएसयू के सत्र 2023-24 और 2025-26 के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित होंगी। इसके लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि बीएससी, फॉरेस्ट्री द्वितीय वर्ष पुनः परीक्षा सत्र 2023-24, बीएससी फॉरेस्ट्री तृतीय वर्ष नियमित परीक्षा सत्र 2024-25, एलएलबी द्वितीय वर्ष (पुनः परीक्षा) सत्र 2023-24, बीएएलएलबी पंचम वर्ष नियमित सत्र 2025-26, डीवीएड प्रथम वर्ष पुनः परीक्षा और पीजीडीसीपी प्रथम वर्ष पुनः परीक्षा की परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रणाली के तहत कराई जाएंगी। परीक्षा के लिए एमआईएस (मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम) जनरेट करने की अंतिम तिथि आठ मार्च, जनरेट एमआईएस का संपूर्ण परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि नौ मार्च और परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 मार्च निर्धारित की गई है।

# अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के विरोध में,अलीगढ़ में मुस्लिम समाज सड़कों पर उतरा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अमेरिका और इजराइल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने पर पूरे देश के मुस्लिम समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। अलीगढ़ में मुस्लिम समाज के लोगों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर अलीगढ़ तक उबाल मुस्लिम समाज के लोग सड़कों पर उतरे और विरोध-प्रदर्शन किया। सड़क पर उतरे अलीगढ़ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकाल कर नारेबाजी की। इमामबाड़े से निकले जुलूस में अमेरिका और इजरायल के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगे। मुस्लिम समाज ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा।



इस दौरान अलीगढ़ मुस्लिम फेटरनिटी के सदस्य नादिर अब्बास नकवी ने कहा कि ईरान में हाल ही में हुई हिंसा की गंभीर एवं चौंकाने वाली वृद्धि हुई है। नादिर ने कहा कि इसके कारण इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई, उनके परिवार के सदस्यों की कथित शहादत हुई है। यह क्षति संयुक्त राज्य अमेरिका एवं इस्राइल की ओर से किए गए एक क्रूर एवं अप्रत्याशित सैन्य आक्रमण का परिणाम है। लोगों ने अमेरिका और इस्राइल मुदार्बाद के नारे भी लगाए। दरअसल, शिया समुदाय आयतुल्लाह खामेनेई को अपना रहबर मानता था। उनके बताए रास्ते पर चलता है। जिस तरह से इस्राइल और अमेरिका ने ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई को मारा है, उससे शिया समुदाय में उबाल देखा गया।

## दीवानी में होली का अवकाश, 5 मार्च को खुलेंगे कोर्ट

अलीगढ़। अलीगढ़ दीवानी न्यायालय में 28 फरवरी से अवकाश हो गया। अब न्यायालय 5 फरवरी को खुलेंगे। इसके चलते 27 फरवरी को ही सभी मामलों में 5 मार्च या उसके आगे की सुनवाई नियत की गई है। हाईकोर्ट के निर्देश पर दीवानी में 4 मार्च तक का अवकाश नियत किया गया है। इधर, इसी क्रम में दि अलीगढ़ बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को भी 5 मार्च को दीवानी खुलने के बाद ही शपथ ग्रहण कराई जाएगी। इसके लिए कार्यक्रम निर्वाचन अधिकारी चौधरी जितेंद्र सिंह द्वारा तय किया जाएगा।

# सनातन प्रतिभा फाउंडेशन ने सर्टिफिकेट वितरित करके किया प्रतिभागियों का सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** समाजसेवी संस्था सनातन प्रतिभा फाउंडेशन (मेरी संस्कृति मेरी पहचान) के द्वारा सनातनी नववर्ष विक्रम संवत्सर 2083 की अग्रिम हुंकार के रूप में निरूशुल्क नृत्य, गायन, मॉडलिंग, एक्टिंग, योग, ताइक्वांडो, श्लोक एवं कविता पाठ प्रतियोगिता संग हरिनाम संकीर्तन के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुंकार सीजन 1८ में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का एस. आर. के. इन्टरनेशनल स्कूल निकट त्यागी हॉस्पिटल, सासनी गेट चौराहा अलीगढ़ में सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजक डबल ए ब्रदर्स अभिषेक सक्सैना सनातनी व आशु सिंघल ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य हेतु पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं स्किल डेवलपमेंट के टिप्स भी दिए। साथ ही बच्चों, युवाओं एवं अभिभावकों को मोबाइल और टेक्नोलॉजी का सही उपयोग करने के लिए मार्गदर्शित किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अभिषेक सक्सैना सनातनी, उपाध्यक्ष साक्षी सक्सैना, महासचिव आशु सिंघल, प्रधानाचार्य ललिता वार्ष्णेय, शिवानी सक्सैना, राकेश बघेल, ज्योति गोयल, सपना वर्मा, यशस्वी वर्मा, मोनिका गुप्ता एवं रामसेवक वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मुआवजे की रकम हड़पने के लिए की थी सुखदेव की हत्या, दो गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा।** शनिवार देर रात कोतवाली पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे पांच अभियुक्तों में से दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

ज्ञात हो कि 6 दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव कलुपूरा में सड़क किनारे ईख के खेत में एक युवक का शव पड़े होने की सूचना राहगीरों द्वारा कोतवाली पुलिस व ग्रामीणों को मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने शव की पहचान गांव निवासी सुखदेव पुत्र सुरेशचंद के रूप में की थी। मृतक के पिता सुरेशचंद ने हत्या का आरोप अपने बड़े बेटे व उसके रिश्तेदार व करीबियों पर लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर हत्यारोपियों की तलाश शुरू की। शनिवार देर रात कोतवाली पुलिस क्षेत्र अंतर्गत झाझर जहांगीरपुर मार्ग पर गांव मारहरा के समीप गस्त कर रही थी तभी नाले की पुलिया पर दो संदिग्ध युवक खड़े हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने बुलाने का इशार किया तो भागने लगे।




पीछा कर पुलिस ने धरदबोचा। पूछताछ करने पर अभियुक्तों की पहचान अमित पुत्र तुलाराम निवासी कलुपूरा, व हिमांशु पुत्र हरकेश निवासी कलुपूरा के रूप में हुई। जिसमें मृतक के भतीजे हिमांशु ने बताया कि उनका उद्देश्य सुखदेव को मारने का यह था कि। कुछ दिन पूर्व उनकी जमीन के बदले प्राधिकरण से प्राप्त धनराशि का बटवारा ना हो। इस लिए सुखदेव की हत्या कर शव को हादसा दिखा गन्ने के खेत में डाल दिया था। कोतवाली प्रभारी श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार दो अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# त्यागी ब्राह्मण विकास समिति ने किया होली मिलन समारोह आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** त्यागी ब्राह्मण विकास समिति के तत्वावधान में छाया पब्लिक स्कूल के सभागार में होली मिलन, काव्य पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष दयास्वरूप त्यागी ने की, संचालन सचिव एवं सभासद ललित त्यागी ने किया। अध्यक्ष डॉ अरुण त्यागी और कोषाध्यक्ष शिवकुमार त्यागी ने अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य वक्ता विधायक डॉ मंजू शिवाच ने होली को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए शिक्षा के प्रसार और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने पर बल दिया।

पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने सामाजिक संगठनों को समाज की शक्ति बताते हुए अमर शहीद मेजर आसाराम त्यागी के नाम पर भवन निर्माण की घोषणा की। शिक्षाविद अखिलेश द्विवेदी ने शिक्षा को समाज की उन्नति का आधार बताया। पूर्व अध्यक्ष सतेंद्र त्यागी और नत्थू सिंह त्यागी ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम में कवि सुरेंद्र त्यागी, आर्नित त्यागी और दिव्या त्यागी ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिक्षाविद् नीरज त्यागी, आनंद त्यागी, डॉ. राजीव त्यागी, कुलदीप त्यागी, डॉ. दीपा त्यागी, मोनिका त्यागी, जितेंद्र त्यागी, सुनील त्यागी, अजय त्यागी, प्रमोद त्यागी, आशीष त्यागी, देवराज शर्मा, भीष्म शर्मा, प्रशांत त्यागी, विशेष त्यागी, सुधीर त्यागी, वीरेंद्र त्यागी, महेंद्र त्यागी, अनिल त्यागी, शेखर त्यागी, नवीन त्यागी, अखिल त्यागी, अतुल त्यागी, अमित त्यागी और मोहित त्यागी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गंगीरी में स्कूल बस से कुचलकर छात्रा की मौत के बाद जागा जिला प्रशासन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** गंगीरी में स्कूल बस से कुचलकर छात्रा की मौत के बाद जिला प्रशासन जागा। जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों की फिटनेस, सुरक्षा उपकरणों एवं निर्धारित मानकों की सघन जांच प्रारंभ कर दी है। एआरटीओ प्रवर्तन प्रवेश कुमार ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में अलीगढ़ मंडल के अंतर्गत 316 स्कूली वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई है। जांच के दौरान 62 वाहन फिटनेस समाप्त पाए गए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से संबंधित थानों में निरुद्ध कराया गया। मानकविहीन एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चालान, पंजीयन निलंबन एवं निरस्तीकरण की कार्रवाई निरंतर जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा स्कूल बसों के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनुपालन अनिवार्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं होली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**रबूपुरा।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर सभी देशवासियों को होली की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि। होली देश का एक प्रमुख त्यौहार है। जो कि रंगों से खेला जाता है। यह पर्व हम सभी के जीवन में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली के दिन सभी लोगों को रंग गुलाल लगा कर एक दूसरे के गिले शिकवे दूर करते हैं। यह रंगों का त्यौहार आपसी भाईचारे की एक अनूठी पहल होता है। इस लिए सभी देशवासी इस त्यौहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं।

### ट्रक की टक्कर से तहसील कर्मी की मौत, चालक वाहन छोड़कर फरार, मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र में बहजोई रोड स्थित नया बाईपास टी-प्वाइंट पर रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तहसील में तैनात महिला कर्मचारी की जान चली गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए ट्रक को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।
पंचशील कालोनी निवासी 57 वर्षीय मिथलेश तहसील चंदौसी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत थीं। रविवार सुबह वह अपने भांजे ध्रुव के साथ बाइक से दवा लेने मुरादाबाद गई थीं। दोपहर करीब 12 बजे वापस लौटते समय जैसे ही वह बहजोई रोड के नया बाईपास टी-प्वाइंट पर चंदौसी की ओर मुड़ने लगीं, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मिथलेश सड़क किनारे जा गिरीं और ट्रक का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे में साथ मौजूद उनका भांजा बाल-बाल बच गया। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।सूचना मिलने पर थाना बनियाठेर प्रभारी मनोज कुमार वर्मा व कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मृतका अपने पीछे दो बेटे प्रदीप और राजीव तथा बेटी पिंकी को छोड़ गई हैं। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



### अशोक सिंघल भवन में गूंजे ब्रज के होली गीत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सेवा भारती हरिगढ़ महानगर द्वारा रविवार को गांधी पार्क स्थित अशोक सिंघल भवन (कैंप कार्यालय) पर एक भव्य श्होली मिलन समारोहश का आयोजन किया गया। इस दौरान महानगर की 56 सेवा बस्तियों में संचालित केंद्रों की संचालिका बहनों को मानदेय और बालकों को होली की खेल सामग्री वितरित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रशांत सिंघल, विशिष्ट अतिथि संरक्षक राजीव अग्रवाल (प्लस पॉइंट), मार्गदर्शक प्रवीण अग्रवाल (कृष्णा इंटरनेशनल), विभाग अध्यक्ष गौरव सिंघल, प्रभारी संजय अग्रवाल व समाजसेविका डॉ. सोनिया सिंघल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मीडिया प्रभारी अभिषेक चौहान ने ढपली की थाप पर ब्रज की होली गाकर माहौल को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया।सेवा भारती के विभागाध्यक्ष गौरव सिंघल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह ऊंच-नीच और भेदभाव की दीवारों को गिराकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का पर्व है। इस अवसर पर मार्गदर्शक अम्बरीश पाठक, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, व्यवस्था प्रमुख दीपेंद्र मित्तल, मुकेश, सहित समस्त कार्यकारिणी के बंधु उपस्थित रहे।

# सांसद सतीश गौतम ने होली मिलन समारोह में अलीगढ़ वासियों को दी होली की शुभकामनायें

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** विद्यानगर स्थित सांसद सतीश कुमार गौतम जी द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनता, जनप्रतिनिधियों और हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओ की गरिमामयी उपस्थिति रही। हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के रंगों से सराबोर इस उत्सव में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। सांसद जी ने जनता के बीच पहुँचकर आशीर्वाद लिया और कार्यकर्ताओ के समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान पूरा कार्यालय परिसर होली है के जयघोष और फूलों व गुलाल की बौछार से सराबोर नजर आया। सांसद सतीश गौतम ने उपस्थित जनता और कार्यकताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि होली का यह पर्व आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है। कार्यकताओं के उत्साह ने इस उत्सव को और भी खास बना दिया है। समारोह में आए लोगों के लिए विशेष जलपान और रंगों का प्रबंध किया गया था। भारी भीड़ के बावजूद कार्यक्रम बेहद अनुशासित और उल्लासपूर्ण रहा।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक दंपती को मारी टक्कर, पति के दोनों पैर टूटे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** अतरौली क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने गंगा स्नान के लिए जा रहे दंपती की खुशियों को मातम में बदल दिया।

अवंतिबाई चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपती को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे 55 वर्षीय भगवान दास गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी सुनीता देवी को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने ट्रक और चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्वार्सी क्षेत्र निवासी भगवान दास अपनी पत्नी सुनीता देवी के साथ 1 मार्च को सुबह करीब 11 बजे गंगा स्नान के लिए रामघाट जा रहे थे। जैसे ही वे अतरौली के अवंतिबाई चौराहे के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाहीपूर्वक उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में भगवान दास के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही थाना अतरौली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक अजमल पुत्र तस्दीक, निवासी मोहनपुर अवांपुर, थाना सहावर, जनपद कासगंज को हिरासत में ले लिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अवंतिबाई चौराहा पहले भी कई सड़क हादसों का गवाह बन चुका है। तेज रफ्तार भारी वाहनों की आवाजाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

## बंधक बनाकर पीटा | पीडित को निर्वस्त्र करके पीटने की वीडियो वायरल

# एएमयू में पार्किंग विवाद में गार्डों ने युवक को पीटा कलावा देखकर भड़के

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अमुवि के जेएन मेडिकल कॉलेज में तीमारदार की पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि सुरक्षाकर्मियों ने पार्किंग विवाद में युवक को बंधक बनाकर पीटा। उसके हाथ में कलावां देखा तो और भड़क गए। इसकी शिकायत थाना सिविल लाइंस पुलिस से की गई। पुलिस ने फुटेज के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया।

क्वार्सी थाना क्षेत्र के गांव बरहेती निवासी तेजवीर सिंह अपने किसी परिचित के इलाज के सिलसिले में जेएन मेडिकल कॉलेज आए थे। आरोप है कि ट्रामा सेंटर के पास बाइक खड़ी करने को लेकर वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों से उनकी कहासुनी हो गई। पीडित का आरोप है कि गार्ड्स ने पीछा किया और जबरन पकड़कर पुरानी इमरजेंसी के एक कमरे में बंद कर दिया। वहां करीब 20-25 लोग मौजूद थे। वहां पर पीड़ित के कपड़े उतरने के बाद हाथ पर बंधा कलावा देखकर वह लोग और भी उग्र हो गए। उन्होंने धार्मिक टिप्पणी करते हुए जमकर डण्डे बरसाये। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मीडिया प्रमुख प्रतीक रघुवंशी ने कहा कि अमुवि में मजहबी आधार पर हिंदुओं के साथ भेदभाव का यह पहला मामला नहीं है। ऐसी घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अमुवि केंद्र सरकार के अधीन है और हिंदुओं के टैक्स से भी चलती है। इस प्रकरण में जांच के बाद सभी दोषियों में कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

पीड़ित का आरोप है कि सुरक्षाकर्मियों ने उसका मोबाइल छीन लिया ताकि वह किसी को मदद के लिए न बुला सके। जब तेजवीर ने बताया कि उसका हाल ही में चेहरे का ऑपरेशन हुआ है, तो आरोपियों ने कहा कि तुझे जान से मार देंगे, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। बाद में तुझे मोर्चरी में डाल देंगे, वो इसीलिए बनी है। इस मामले जानकारी पर पीड़ित के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, उन्होंने जमकर हंगामा किया। पीड़ित ने सिविल लाइंस थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी और वीडियो फुटेज के आधार पर चार आरोपियों रजा नगर निवासी फराज पुत्र मुकर्रम, इलाहाम हैदर पुत्र जरगाम हैदर निवासी दोदपुर, निजाम पुत्र अब्दुल रशीद निवासी लोको कॉलोनी और नगला पटवारी निवासी मोहम्म्द आरिफ पुत्र मोहम्मद चमन को शनिवार को गिरफ्तार कर दिया। इसके बाद न्यायालय में पेश कर उन्हें जेल भेजा गया है। सीओ सर्वम सिंह ने बताया कि थाना सिविल लाइन में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़े गए चारों अभियुक्तों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। वीडियो के आधार पर अन्य हमलावरों की पहचान की जा रही है, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



# भक्ति और रंगों के संग संपन्न हुई 82वीं प्रभात फेरी,होली मिलन में उमड़ा जनसैलाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**पिलखुवा।** नगर में रविवार सुबह राधे के दीवानों द्वारा 82वीं प्रभात फेरी का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली, जिसमें श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुए। राधे-राधे के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

प्रभात फेरी के समापन के बाद पूर्व सभासद मनोज जॉनी के निवास पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। फूलों की होली और संकीर्तन ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक धर्मेश सिंह तोमर भी कार्यक्रम में पहुंचे और सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं। समारोह में ऋषि कुमार शर्मा, मनोज शर्मा, पंकज शर्मा, कमल गोयल, अनिल चीनी वाले, नलीन शर्मा, राकेश तोमर, मनीष माहेश्वरी, नीतू गोयल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी का आभार जताते हुए प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# फार्मास्यूटिकल शोध में नैतिक पशु-मुक्त दवा परीक्षण की दिशा में बड़ा कदम

## सरस्वती कॉलेज ऑफ फामेर्सी में राष्ट्रीय कार्यशाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**हापुड़।** सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हापुड़ के सरस्वती कॉलेज ऑफ फामेर्सी में भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन मंत्रालय की समिति सीसीएससीए के सहयोग से 28 फरवरी को पशु-मुक्त परीक्षण की नवाचार विधियों पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला फार्मास्यूटिकल शोध में नैतिकता, वैज्ञानिक नवाचार और आधुनिक वैकल्पिक परीक्षण पद्धतियों के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के जनरल मैनेजर एन. वरदराजन ने की। कार्यक्रम में चिकित्सा संस्थान की प्राचार्या डॉ. बरखा गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार डॉ. आर. के. सहगल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मेजर जनरल जी. एस. अहलूवालिया, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. मनोहरी, एचआर मैनेजर एल. रुबावती तथा अकाउंट मैनेजर डी. सरवणन उपस्थित रहे। फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं सम्मान पत्र प्रदान कर स्वागत किया तथा संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान गतिविधियों और आगामी शोध योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि आधुनिक फार्मास्यूटिकल शोध में पशु-मुक्त परीक्षण विधियों का महत्व लगातार बढ़ रहा है और संस्थान इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नई दवाओं के परीक्षण में पशु-मुक्त विधियों के उपयोग, नवाचार के अवसरों तथा उनसे जुड़ी चुनौतियों पर शैक्षणिक चर्चा करना था।

वर्तमान में जटिल मानव रोगों के निदान और नई दवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पशु प्रजातियों पर परीक्षण किए जाते हैं, जिनमें अनेक बार पशुओं को कष्टदायक प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। इसी संदर्भ में वैकल्पिक, वैज्ञानिक और नैतिक परीक्षण पद्धतियों की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया।

भारत में पशु परीक्षण केवल उन संस्थानों में किए जा सकते हैं जिन्हें सीसीएससीए से मान्यता प्राप्त हो। समिति समय-समय पर शोध संस्थानों को दिशा-निर्देश प्रदान करती है ताकि पशुओं पर होने वाले प्रयोगों को दर्द-रहित बनाया जा सके या उनके स्थान पर पशु-मुक्त परीक्षण विधियों का विकास किया जा सके।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सीसीएससीए, भारत सरकार के प्रतिनिधि डॉ. विवेक त्यागी, एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा के मॉलिक्युलर मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. सुब्रजीत विश्वास तथा सुभारती विश्वविद्यालय के फामेर्सी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. शोकिंद्र कुमार ने अपने विचार साझा किए। डॉ. विवेक त्यागी ने भारत में पशु प्रयोगों के नियामक ढांचे, सीसीएससीए की भूमिका, उद्देश्यों और कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी। प्रोफेसर डॉ. सुब्रजीत विश्वास ने विषाक्तता परीक्षण, पूर्व-नैदानिक दवा खोज और जोखिम मूल्यांकन में नवाचार आधारित वैकल्पिक तकनीकों पर जोर दिया। प्रोफेसर डॉ. शोकिंद्र कुमार ने पशु अनुसंधान में नैतिक और वैज्ञानिक संतुलन स्थापित करने के लिए उपलब्ध वैकल्पिक दृष्टिकोणों को विस्तार से समझाया। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों के निदेशक, शिक्षक तथा बड़ी संख्या में शोधार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। संवादात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों ने पशु-मुक्त परीक्षण तकनीकों, नियामक अपेक्षाओं और भविष्य की शोध संभावनाओं पर विशेषज्ञों से चर्चा की। कार्यक्रम के समापन से पूर्व सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. जे. रामचंद्रन तथा वाइस चेयरपर्सन रम्या रामचंद्रन ने राष्ट्रीय कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं तथा फामेर्सी कॉलेज की संपूर्ण टीम को बधाई दी। कार्यक्रम का मंच संचालन फामेर्सी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार और नेहा वर्मा ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव कार्यशाला के समन्वयक प्रोफेसर डॉ. शिव कुमार गुप्ता और डॉ. निधि त्यागी ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला के सफल आयोजन में विभाग के प्रोफेसर डॉ. नेहा सिंह, डॉ. सुप्रियो मैटी, डॉ. रश्मि शर्मा, दीपेश, प्रशांत सारस्वत, मनीष, खुर्शीद, विशाल, अजय, अनुपमा, योगेश, मोहित, संजय, अनुज, सुवलिहा और शादाब सहित टीम के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह कार्यशाला फार्मास्यूटिकल अनुसंधान में नैतिकता और नवाचार के समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई, जिसने शोधार्थियों और शिक्षकों को भविष्य की वैज्ञानिक चुनौतियों के लिए नए दृष्टिकोण प्रदान किए।

# डीएम हापुड़ के समक्ष लघु उद्योग भारती के आशु सिंघल ने रखी यूपीएसआईडीसी की उद्यमी समस्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** उधोग बंधु की मासिक बैठक डीएम हापुड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें लघु उद्योग भारती यूपीएसआईडीसी के आशु सिंघल के नेतृत्व में डीएम हापुड़ को अपनी विभिन्न मांगों से अवगत कराते हुए ध्यान आकृष्ट करा उनके निस्तारण की अपील की । आशु सिंघल ने बताया की जिनमें मुख्यत (ऑनलाइन उत्सर्जन निगरानी प्रणाली जारी रखता है) के तहत तालाबंदी के आदेश के कारण विद्युत कनेक्शन के विच्छेदन के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस मामले को उधम हित में जल्द निस्तारण कराए जाने सहित उधमियों को परेशान तंग करने के लिए एक स्थानीय व्यक्ति के एनजीओ के माध्यम से एनजीटी मे यूपीएसआईडीसी की करीब 1200 इंडस्ट्रीज के खिलाफ पीआईएल डाली है ।जिसमें औद्योगिक क्षेत्र में जमा पानी को मुद्दा बनाया गया है ।जबकि इसमें जल निकासी सुचारू नहीं होने से पानी जमा हो जाता है । आशु सिंघल ने बताया कि लघु भारती द्वारा रखी गई भिन्न समस्याओं का डीएम हापुड़ ने संज्ञान लिया ।इन सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों कड़े निर्देश जारी किए । इस मौके पर लघु भारती के बी पी मिश्रा, मनीष गुप्ता, दिगम्बर सिंह , स्नेह गुप्ता, मिथिलेश मिश्रा, मौजूद रहे।

- लघु उद्योग भारती की मांग हमे दिलाइए समस्याओं से निजात डीएम सर अधिकार
- एक व्यक्ति पीआईएल डाल उधमियों का कर रहा उत्पीड़न, अवैध वसूली के लिए उधमियों को किया गया टारगेट



# होली से पहले पुलिस की सख्ती, डीजे संचालकों को दी चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने निर्देश दिए कि बिना पूर्व अनुमति कोई भी डीजे संचालित नहीं किया जाएगा। निर्धारित समय सीमा के बाद डीजे पूर्णतः बंद करना अनिवार्य रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि तेज ध्वनि, अश्लील या भड़काऊ गीत बजाने तथा सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में डीजे वाहनों को सड़क पर अवरोध न बनने देने और जुलूस के दौरान यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

सीओ अनीता चौहान ने कहा कि यदि किसी डीजे के कारण विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो संबंधित संचालक जिम्मेदार माना जाएगा। पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी।

# धौलाना तहसील में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह







बुलन्द संदेश ब्यूरो

## एसडीएम और तहसीलदार ने दी क्षेत्र वासियों को बधाई

**धौलाना।** तहसील बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया के नेतृत्व में धौलाना तहसील परिसर में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमे एकत्र सभी अधिवक्ताओं ने एक दूसरे के चेंबर पर पहुंच होली पर्व की बधाई दी। इसके बाद सभी अधिवक्ताओं ने रंग गुलाल अबीर उड़ाकर जमकर होली आगमन का जश्न मनाया और नृत्य भी किया । उधर उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, तहसीलदार प्रवेश कुमार, नायब अमरपाल सिंह, दिव्यांशी सिंह, उप निबंधक ऋचा शुक्ला, अमित कुमार ,ने तहसील के सभी अधिवक्ताओं को होली की बधाई दी। इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष अनिल शर्मा, अमरपाल सिंह राणा, राजीव तोमर, मनोज तोमर, ओमपाल सिंह विकट, रामप्रकाश राणा, सचिन शर्मा, मोहित शर्मा, अभिषेक तोमर, वीरेन्द्र तोमर, लोकेश कुमार, ठाकुर सौरभ तोमर, अमित कुमार टांक,संजीव राघव, रणदीप राघव, मान सिंह, योगेश शिशोदिया, राजीव शर्मा, अंकित शर्मा, सुनील शिशोदिया, विक्रम सिंह, हुकमचंद तिवारी, गजेंद्र सिंह, राहुल राणा, सतीश राणा, अमर सिंह, अंकित कनोजा , शिवकुमार राघव, लेखपाल अनुज चौधरी, निर्देश पाल, टिंकू राम, आदि सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मोजूद रहे ।

## होली पर्व की तैयारी शुरू | मैजिक मुर्गा गुलाल खरीदने उमड़ी लोगों की भीड़

# महिलाएं घरों में स्वादिष्ट व्यंजन बनाने में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़,धौलाना।** रंगों का त्योहार होली आते ही.....रंग बरसे भीगे चुनर वाली,होली के दिन रंग मिल जाते है आदि गानों के दस्तक देते ही बाजारों में होली के त्यौहार की तैयारियां शुरू हो जाती है। बाजार में गुलाल,रंग व विभिन्न प्रकार की पिचकारियों से पट गये है। बाजार में रंग,फिरंगी

### बच्चे व युवाओं की पसन्द बना हर्बल सुगन्धित गुलाल

सुगन्धित गुलाल,पिचकारी व मैजिक गुलाब गन खरीदने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

आपको बता दें कि रंगों का त्यौहार होली के आते ही बाजारों पर होली का रंग चढ़ता जा रहा है। और नगर व ग्रामीण क्षेत्र में रंगों की बौछार के साथ साथ होली मिलन कार्यक्रमों की धूम मचने लगी है। देखा जाये तो होली के त्यौहार में अब 24 घंटे समय शेष है। बाजार में दुकानों पर रंग व खुशबू वाला गुलाल लोगों की पहली पसंद बने हुए है। बाजार में इस बार रंगों की वैरायटी जैसे सुगंधित गुलाल,कलर पेस्ट,गोल्डन सिल्वर,पिंक कलर,हर्बल गुलाल,चंदन हरा,होली गिफ्ट पैक,साधारण लाल पीला गुलाल के साथ इस बार फिरंगी गुलाल भी उपलब्ध है। इसके साथ साथ बाजार में विभिन्न प्रकार की पिचकारियों की अच्छी वैरायटी देखने को मिल रही है। लेकिन मैजिक गुलाब गन व मैजिक मुर्गा गुलाल बच्चों से लेकर बूढ़ों तक को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। चंडी रोड,रेलवे रोड,गोल मार्केट,कोठी गेट सहित अन्य स्थानों पर पिचकारियों,रंग व गुलाल से दुकानें पट गयी है।

छोटी मंडी स्थित राकेश कुमार किराना स्टोर स्वामी राकेश का कहना कि होली के निकट आते ही बाजार में रौनक बढ़ती जा रही है। बाजार में लोग खाद्य पदार्थों के साथ साथ रंग,सुगन्धित गुलाल व पिचकारियों की खरीददारी करते दिखाई दे रहे है। साथ लोग अपने बालों को रंगों से बचाने के लिए मुर्गा बाल,मलिंगा बाल आदि भी खरीद रहे है। और इस बार बाजार में आई मैजिक गुलाब गन बच्चों व लोगों की पसंद बनी हुई है। जिसकी कीमत मात्र 300 से 500 रुपये है।

वही दूसरी ओर महिलाओं द्वारा घरों में होली पर्व की तैयारी की जा रही है। महिलाओं व युवतियों द्वारा घरों स्वादिष्टद मिठाईयां,जैसे गुजियां,बरफी के साथ-साथ गोल गप्पे आदि बनाये जा रहे है। महिलाएं होली के पर्व को यादगार बनाने में कोई कसर छोड़ती नहीं दिखाई दे रही है।





होली पर्व की शुभकामनायें छपवाने के लिए सम्पर्क करें
मो0:- 9457159115

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी सिम्भावली हापुड

### विज्ञप्ति

विकास क्षेत्र सिम्भावली स्थित परिषदीय विद्यालयों के परिसर में स्थित कुल 6 निष्प्रयोज्य भवनों के ध्वस्तीकरण के उपरान्त मलवे की नीलामी की प्रक्रिया सक्षम समिति के 10.03.2026 को मूल विद्यालयों में प्रातः 10:00 बजे से शुरु की जायेगी।

| कम सं0 | विद्यालय का नाम | नीलामी की दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 आरिफ मढैया | 10.03.2026 |
| 2 | प्रा0वि0 रतुपूरा | 10.03.2026 |
| 3 | क0वि0 बिरसिंहपुर | 10.03.2026 |
| 4 | प्रा0वि0 टोडरपुर | 10.03.2026 |
| 5 | उ0प्रा0वि0 टोडरपुर | 10.03.2026 |
| 6 | उ0प्रा0वि0 रझैडा | 10.03.2026 |

नीलामी प्रकिया में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रकिया में भाग ले सकते हैं। प्रत्येक निष्प्रयोज्य भवनों के ध्वस्तीकरण के उपरान्त मलवे की नीलामी की प्रकिया अलग–अलग सम्पन्न की जायेगी तथा प्रत्येक नीलामी में भाग लेने हेतु सम्बन्धित भवन के मलवे की न्यूनतम दर की 10 प्रतिशत धनराशि धरोहर राशि के रुप में जमा करायी जानी अनिवार्य होगी। नीलामी के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय सक्षम समिति का होगा।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकास क्षे0 सिम्भावली

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

## सम्पादकीय

# एआई बुलबुला फूटा



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

लिथियम-आयन बैटरियों और सोलर पैनल का आविष्कार अमेरिका में हुआ, लेकिन उनमें कारोबारी दौड़ चीन ने जीती। हाई-टेक चमत्कार को उसने सस्ते माल में बदल दिया, जिससे पश्चिमी कंपनियां होड़ से बाहर हो गईं। चीन यही नजरिया एआई क्षेत्र में अपना रहा है।

एआई इम्पैक्ट समिट की शुरूआत से ठीक पहले चीन की कंपनी बाइटडांस ने वीडियो बनाने में सक्षम नया ओपन सोर्स एआई मॉडल लॉन्च किया, जिससे डीपसीक से मिलती-जुलती सनसनी दुनिया में फैली। सीडडांस 2.0 नाम का ये मॉडल टेक्स्ट, तस्वीर, ऑडियो और वीडियो की एक साथ प्रोसेसिंग में सक्षम बताया गया है। इससे फिल्म निर्माण, ई-कॉमर्स, और विज्ञापन संबंधी उत्पादों को डिजाइन करना सस्ता हो जाएगा। इस घटनाक्रम ने अमेरिका में एआई सेक्टर में हो रहे विशाल निवेश की उपयोगिता पर फिर बहस खड़ी की है। अमेरिकी मॉडल आविष्कार को बौद्धिक संपदा में तब्दील कर मुनाफा कमाने के नजरिए पर केंद्रित है। इसीलिए वहां इस क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश किया गया है, जिसे अनेक अर्थशास्त्री एआई बुलबुला कहते हैं। वहां की कंपनियां इस सोच को लेकर अपना भविष्य दांव पर लगा रही हैं कि उच्च-गुणवत्ता वाला एआई हमेशा एक लग्जरी प्रोडक्ट रहेगा। मगर चीनी के ओपन-सोर्स डेवलपर्स दिखा रहे हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वास्तव में एक सामान्य वस्तु है। इस सिलसिले में ये उदाहरण दिया गया है कि लिथियम-आयन बैटरियों और सोलर पैनल का आविष्कार अमेरिका में हुआ, लेकिन उनमें कारोबार की दौड़ चीन ने जीती। ऐसा उसने बेहतर आविष्कार के जरिए नहीं किया, बल्कि विशाल पैमाने पर उत्पादन के जरिए बाजार में उसने अपने पांव फैला लिए। यानी हाई-टेक चमत्कार को सस्ते माल में बदल दिया, जिससे पश्चिमी प्रतिस्पर्धी कंपनियां होड़ से बाहर हो गईं। चीनी कंपनियां यही नजरिया एआई के मामले मे अपना रही हैं। मसलन, डीपसीक का रिजनर मॉडल लगभग 55 सेंट प्रति टोकन कीमत पर उपलब्ध है, तो वैसे में लगभग साढ़े पांच डॉलर में चैट जीपीटी के टोकन लेने में कितने लोगों की दिलचस्पी होगी? इसलिए एआई बुलबुले के फूटने की आशंकाएं गहराती चली जा रही हैं। पिछले महीने भारतीय संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में इस घटनाक्रम को लेकर चेतावनी दी गई थी। कहा गया कि अमेरिका में एआई बुलबुला फूटा, तो उसका बहुत खराब असर भारत जैसे देशों पर भी होगा। अभी जबकि नई दिल्ली में एआई समिट में तमाम तरह की बातें हो रही हैं, इस बुनियादी पहलू को याद रखना बेहद जरूरी है।




# थोपी गई महत्वाकांक्षा और बुढ़ापे में अकेले छूटते माँ-बाप का कड़वा सच, जब सपने थोपे जाएँ, तो रिश्ते टूट जाते हैं



एडवोकेट जयदेव राठी

लखनऊ में घटी एक हृदयविदारक और झकझोर देने वाली घटना ने पूरे देश को सोचने पर मजबूर कर दिया है। एक बेटे द्वारा अपने ही पिता की गोली मारकर हत्या और बाद में शव के टुकड़े कर देने की खबर सिर्फ.एक अपराध कथा नहीं है, बल्कि उस गहरे सामाजिक और मानसिक संकट का आईना है, जिसमें हमारा समाज चुपचाप डूबता जा रहा है। प्रारंभिक जांच और मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे, जबकि बेटा व्यवसाय के क्षेत्र में जाना चाहता था। यही टकराव धीरे-धीरे तनाव, घुटन और अंततः हिंसा में बदल गया।

यह सवाल उठता है कि क्या कोई भी असहमति इतनी भयावह परिणति तक पहुँच सकती है? जवाब साफ है–नहीं। यह घटना उस जहर का नतीजा है, जिसे हम वर्षों से कामयाबी के जुनून के नाम पर अपने घरों में घोलते आ रहे हैं। यह जहर है–बिना सुने फैसला थोपने का, तुलना करने का, और बच्चों की इच्छाओं को महत्वहीन समझने का।

आज का भारतीय समाज कामयाबी को कुछ सीमित पेशों में कैद कर चुका है। डॉक्टर, इंजीनियर, अफसर–इनके बाहर मानो कोई सम्मानजनक भविष्य है ही नहीं। माता-पिता अक्सर यह भूल जाते हैं कि उनका सपना बच्चे का सपना नहीं भी हो सकता। समस्या तब पैदा होती है जब मार्गदर्शन जबरदस्ती में बदल जाता है और अपेक्षाएँ बोझ बन जाती हैं।हर बच्चा एक स्वतंत्र व्यक्तित्व लेकर पैदा होता है। उसकी रुचि, क्षमता और सोच अलग होती है। लेकिन हमारे घरों में अक्सर यह तय पहले ही कर लिया जाता है कि बच्चा क्या बनेगा। बच्चे से यह नहीं पूछा जाता कि वह क्या बनना चाहता है। उसके भीतर की आवाज को या तो दबा दिया जाता है या नासमझी कहकर खारिज कर दिया जाता है। धीरे-धीरे यही उपेक्षा बच्चे के मन में आक्रोश और निराशा पैदा करती है। आज देश में हजारों बच्चे पढ़ाई के दबाव में मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। कोचिंग संस्थानों की भीड़, प्रतियोगी परीक्षाओं की अंधी दौड़ और घर-समाज की अपेक्षाएँ–ये सब मिलकर बच्चों के बचपन और मानसिक संतुलन को निगल रही हैं। कई बच्चे इस दबाव को सह नहीं पाते और आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। कुछ भीतर-ही-भीतर टूट जाते हैं और कुछ, दुर्भाग्य से, हिंसा का रास्ता चुन लेते हैं।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि परिवार, जो बच्चे के लिए सबसे सुरक्षित जगह होनी चाहिए, वही उसके लिए सबसे बड़ा दबाव केंद्र बनता जा रहा है। संवाद की जगह आदेश ले रहे हैं। समझाने की जगह तुलना हो रही है–फलां का बेटा डॉक्टर बन गया, उसके इतने नंबर आए–और यही तुलना बच्चे के आत्म-सम्मान को धीरे-धीरे खत्म कर देती है।

हमें यह स्वीकार करना होगा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ. रोजगार पाना नहीं है। शिक्षा का असली उद्देश्य है–समझदार, संवेदनशील और जिम्मेदार इंसान बनाना। लेकिन आज शिक्षा को सिर्फ. अंक, रैंक और पैकेज से मापा जा रहा है। जब शिक्षा से मानवीय मूल्य गायब हो जाते हैं, तब समाज में हिंसा, असहिष्णुता और संवेदनहीनता बढ़ती है।

माता-पिता का यह तर्क कि वे बच्चों का भला चाहते हैं, निस्संदेह सही है। लेकिन भला चाहने और अपनी अधूरी महत्वाकांक्षाएँ बच्चों पर थोपने में फर्क होता है। कई बार माता-पिता अपने सपनों को बच्चों के कंधों पर रख देते हैं और यह भूल जाते हैं कि बच्चा कोई परियोजना नहीं, बल्कि एक जीवित, सोचने-समझने वाला इंसान है।

यहाँ एक और पहलू है जिस पर हमारे समाज को गंभीरता से सोचना होगा। माँ-बाप जिंदगी भर अपने बच्चे को कामयाब बनाने के लिए हर तकलीफ उठाते हैं। अपनी इच्छाएं मार लेते हैं, अपना सुख-आराम छोड़ देते हैं, जमीन बेच देते हैं, कर्ज उठा लेते हैं – बस इसलिए कि उनका बेटा या बेटी पढ़-लिखकर बड़ा आदमी बने। और जब वह बच्चा सच में पढ़-लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर या वैज्ञानिक बन जाता है, तो क्या होता है? अक्सर यह होता है कि वह अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया या किसी और देश में जाकर बस जाता है। वहाँ नौकरी मिल जाती है, बड़ी तनख्वाह मिल जाती है, विदेशी जीवनशैली मिल जाती है – और पीछे रह जाते हैं माँ-बाप, अकेले, बूढ़े, बीमार।यह "ब्रेन ड्रेन" यानी प्रतिभा पलायन सिर्फ देश की आर्थिक समस्या नहीं है, यह एक गहरी मानवीय और सामाजिक त्रासदी भी है। देश के छोटे-छोटे कस्बों और गाँवों में ऐसे बुजुर्ग माँ-बाप मिल जाएंगे जिनके बच्चे विदेश में बसे हैं। साल में एक बार व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आती है, त्योहारों पर शायद पैसे आ जाते हैं – लेकिन जब बीमारी में एक हाथ थामने की जरूरत होती है, जब रात को बुखार आता है, जब अकेलेपन में एक बात करने की इच्छा होती है – तब वह बेटा या बेटी नहीं होती जिसे पालने-पोसने में पूरी जिंदगी लगा दी।

यह वह पिता है जिसने अपनी सेवानिवृत्ति की जमा पूंजी उजाड़ दी। और आज वही माँ-बाप वृद्धाश्रम में हैं या



अकेले घर में दिन गिन रहे हैं। जिस कामयाबी के लिए उन्होंने सब कुछ दाँव पर लगाया, वह कामयाबी उनसे उनका सब कुछ छीनकर चली गई।

यहाँ यह कहना भी जरूरी है कि हर विदेश जाने वाला बच्चा बुरा नहीं है। कई बच्चे दूर रहकर भी माँ-बाप की पूरी देखभाल करते हैं, उनके लिए हर सुविधा जुटाते हैं। लेकिन जो बच्चे माँ-बाप को पूरी तरह भुला देते हैं, उनकी इस मानसिकता की जड़ भी कहीं न कहीं उसी टूटे हुए रिश्ते में है जो बचपन में बन नहीं पाया। जब घर में प्यार और संवाद की जगह सिर्फ दबाव और महत्वाकांक्षा होती है, तो बच्चा माँ-बाप से भावनात्मक रूप से जुड़ नहीं पाता। वह उन्हें उसी नजर से देखता है जिस नजर से वे उसे देखते थे – एक लक्ष्य की तरह, रिश्ते की तरह नहीं।

आज जरूरत इस बात की है कि हम सफलता की परिभाषा पर दोबारा विचार करें। क्या सफलता सिर्फ. बड़ी डिग्री और ऊँची कमाई है? या वह भी सफलता है जिसमें इंसान मानसिक रूप से स्वस्थ हो, रिश्तों को निभा सके और समाज के लिए उपयोगी हो? अगर कोई बच्चा व्यवसाय, कला, खेल, पत्रकारिता या किसी अन्य क्षेत्र में जाना चाहता है, तो उसे असफल कहना अन्याय है।

संवाद ही हर समस्या का पहला समाधान है। बच्चों को यह भरोसा मिलना चाहिए कि वे अपनी बात खुलकर कह सकते हैं। असहमति को दुश्मनी न समझा जाए। माता-पिता को बच्चों के दोस्त बनना होगा, सिर्फ. निर्णायक नहीं। जब बच्चा यह महसूस करेगा कि असफल होने पर भी उसे अपनाया जाएगा, तभी वह मानसिक रूप से मजबूत बन पाएगा। स्कूलों और शिक्षण संस्थानों की भूमिका भी यहाँ महत्वपूर्ण है। मानसिक स्वास्थ्य को उतनी ही गंभीरता से लिया जाना चाहिए जितनी पढ़ाई को। काउंसलिंग, करियर मार्गदर्शन और भावनात्मक समर्थन को शिक्षा व्यवस्था का हिस्सा बनाना होगा।लखनऊ की यह घटना हमें चेतावनी देती है। यह सिर्फ.एक परिवार की त्रासदी नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए आत्ममंथन का अवसर है। अगर हम अब भी नहीं रुके, अगर हम अब भी बच्चों को सिर्फ.बनाने की चीज समझते रहे, तो ऐसी घटनाएँ दोहराई जाएँगी। सबसे पहले जरूरी है इंसान बनाना–ऐसा इंसान जो संवाद करना जानता हो, सहनशील हो, और जीवन के उतार-चढ़ाव को समझदारी से संभाल सके। कामयाबी अपने आप आएगी, लेकिन इंसानियत खो गई तो कुछ भी नहीं बचेगा।

# दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में बरी होने के बाद नई बहस, राजनीति, न्याय और जनमत के बीच खड़ा एक फैसला

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी किए जाने के बाद देश की राजनीति में एक नई बहस छिड़ गई है।

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहियों के आधार पर आरोप प्रथम दृष्टया भी सिद्ध नहीं होते, इसलिए सभी आरोपियों को आरोपमुक्त किया जाता है। इस निर्णय ने आम आदमी पार्टी को राहत दी है, वहीं विपक्षी दलों के लिए यह असहज स्थिति लेकर आया है।

यह मामला नवंबर 2021 में लाई गई नई आबकारी नीति से शुरू हुआ था, जिसे बाद में जुलाई 2022 में तत्कालीन उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा सीबीआई जांच की सिफारिश के बाद विवादों में घिरना पड़ा। अगस्त 2022 में सीबीआई और ईडी ने अलग-अलग केस दर्ज किए। सितंबर 2022 में दिल्ली सरकार ने नीति वापस ले ली, लेकिन जांच और गिरफ्तारी का सिलसिला जारी रहा। मार्च 2024 में केजरीवाल की गिरफ्तारी ने इस प्रकरण को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में ला खड़ा किया।

अदालत का फैसला कानून के दायरे में साक्ष्यों के मूल्यांकन पर आधारित होता है। न्यायपालिका का दायित्व आरोपों या जनभावनाओं के आधार पर नहीं, बल्कि प्रस्तुत प्रमाणों के आधार पर निर्णय देना है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने चार्जशीट में खामियों की ओर संकेत करते हुए कहा कि हजारों पन्नों के दस्तावेजों के बावजूद आरोपों को पुष्ट करने योग्य ठोस सामग्री नहीं है। यह टिप्पणी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है।

## उड़ रहे हैं अबीर गुलाल

खेले होली राधिका संग कन्हाई रे,
उड़ रहे हैं अबीर गुलाल होली आई रे।

रंग लाल गुलाबी नीले पीले केसरिया,
भर-भर पिचकारी छोड़ें देखो सांवरिया,
भीगा सब श्रृंगार, पायलिया करें झंकार,
सखी री ब्रज में छाया "आनंद" अपार,
धरती अंबर अनहद खुशियाँ छाई रे ।

भक्ति रंग में रंगी वृन्दावन की गलियाँ,
मधुर-मधुर गोपाल ने बजाई मुरलिया,
झूमें हैं नर-नार, बही प्रेम की रस धार,
जय हो श्री श्यामा श्यामजू सरकार,
चहूँ दिश उत्सव ने धूम मचाई रे ।

खिल उठी प्रभु कृपा से जीवन बगिया,
धन्य-धन्य हुई दर्शन की प्यासी अखियाँ,
नवधा भक्ति में सराबोर, वंदन करें बारम्बार,
होरी के रसिया की जय बोले संसार,
भगवान ने भक्तों पर कृपा बरसाई रे ।

खेले होली राधिका संग कन्हाई रे,
उड़ रहे हैं अबीर गुलाल होली आई रे ।



मोनिका डागा आनंद"

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## सोमवार का राशिफल

मेष: उम्मीदें पूरी ना होने से अवसाद हो सकता हैं, केस में उलझने से मुश्किल बढ़ेगी, गुरु से सलाह लेना नया मार्ग बताएगा। भाग्य प्रतिशत-52

वृषभ: पैसा कमाने के नए तरीके इजाद करेंगे, कामयाबी मिलेगी, वैवाहिक जीवन में मुश्किल बढ़ेगी, पिता की प्रोपर्टी पर केस था तो खुद देखने का फैसला करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-61

मिथुन: परिवार के लिए अच्छे इंतजाम होंगे, धन की कमी दूर होगी, बोलने वाले पेशे में उन्नति मिलेगी, विदेश यात्रा कर सकते हैं।
भाग्य प्रतिशत-57

कर्क: सही प्लानिंग काम करेगी, गिफ्ट या खिलौने सौंदर्य प्रसाधन, मिठाई की दुकान अच्छी चलेगी, कहीं से पैसे का प्रबन्ध होगा, बाहर का खाना ना खाए।
भाग्य प्रतिशत-62

सिंह: जल्दबाजी का निर्णय ना लें, ज्ञान से सम्बन्धित कार्य व्यवसाय बढ़ाने के लिए कुछ करेंगे मेडिकल कार्य,भट्टा, मकान ब्रोकर कार्य चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-58

कन्या: धैर्य रखें सब कार्य बनते जाएंगे, नेटवर्क बढ़ाने से ऐसे लोग मिलेंगे जिनसे फायदे मिले, किसी के झगडे में ना पड़े, ज्ञान से उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-65

तुला: व्यवसाय में अचानक लाभ मिलेगा, प्रेम समबन्ध में तनाव था तो सही होगा, किसी परीक्षा में पुरजोर प्रयास करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-69

वृश्चिक: विदेश यात्रा पर जा सकेंगे, व्यवसाय के लिए दूसरे शहर में कोई दुकान लेने का प्लान बना सकते है, मन आसानी नहीं लगेगा।
भाग्य प्रतिशत-61

धनु: नए खर्चे बढ़ेंगे, रिश्तेदार या किसी से कानूनी विवाद को हल कर ले उत्तम रहेगा, बड़ी मेहनत से कोई कार्य बनेगा। भाग्य प्रतिशत-53

मकर: क्रिएटिव कार्य द्वारा करियर बढ़ेगा, अच्छे विचारों से ओतप्रोत रहेंगे, प्रेम समबन्ध में लचीलापन रखें तो सही रहेगा। भाग्य प्रतिशत-63

कुंभ: बड़ी इच्छायें जन्म लेंगी लेकिन पूरा करने में मुश्किल बढ़ सकती है, संतान के लिए कष्ट बढ़ेगा, नौकरी में तनाव बढ़ सकता है।
भाग्य प्रतिशत-50

मीन: खर्चे बढ़ सकते हैं, जरूरी किताब खरीद कर लाएंगे जो परीक्षा में मदद करे, रात्रि को नींद अच्छी आयेगी, कुछ देर टहले, व्यवसाय की प्रगति होगी।
भाग्य प्रतिशत- 61



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# विकाशित भारत यात्रा में आईआईसीटी व ऑरेंज इकोनॉमी का अंनत सम्भावनाएं



विनोद कुमार सिंह,

भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने विश्व को यह संदेश दिया कि भारत अब डिजिटल युग का अनुयायी नहीं, बल्कि वह दिशा-निर्देशक बनने को तत्पर है।जिसकी झलक हमें विकसित भारत के निर्माण में आईआईसीटी व ऑरेंज इकोनॉमी की निर्णायक भूमिका होगी।21वीं सदी के तीसरे दशक में भारत केवल विकास शील राष्ट्र नहीं,बल्कि वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर एक नव जागृत सभ्यता बनकर उभर रहा है।नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्पअब शब्द मात्र नहीं,बल्कि ससक्त शक्ति व नीति,तकनीक और नवाचार में परिवर्तित हो चुका है।राष्ट्र नव निर्माण के यज्ञ में ऑरेंज इकोनॉमी और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी)भारत की रचनात्मक शक्ति,सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता और डिजिटल स्वाधीनता के नए स्तंभ बनकर उभर रहे हैं,जो आने वाले समय में देश को वैश्विक ज्ञान-आधारित महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की क्षमता रखते हैं।तभी तो भारत चर्चा और चिंतन का केंद्र बना हुआ है।मोदी स्वयं विकास की बागडोर अपने हाथों में संभाल रखी हैं,तो परिवर्तन की गति तीव्र हो जाती है। मोदी के कुशल नेतृत्व में मिशन मोड में विकसित भारत तेजी से अग्रसर है,हाल ही में नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित चार दिवसीय ह्यएआई इम्पैक्ट समिट 2026ह्व के दौरान देखने को मिला।इस सम्मेलन ने विश्व को एक मंच पर लाकर भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा न केवल प्रस्तुत की,बल्कि भारत की शर्तों और आवश्यकताओं के अनुरूप अनेक समझौतों को भी मूर्त रूप दिया।इससे यह संदेश गया कि भारत जिस आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है,उसमें ज्ञान और तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था निरंतर विस्तार पा रही है और यही भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धा का आधार बनेगी। 21वीं सदी के तीसरे दशक में मोदी सरकार के नेतृत्व में एक नई आर्थिक धारा उभर रही है, जिसे वैश्विक मंच पर ह्लऑरेंज इकोनॉमीह्व कहा जाता है।यह अर्थव्यवस्था रचनात्मकता,संस्कृति, डिजिटल मीडिया,मनोरंजन, डिजाइन,गेमिंग और नवोन्मेष पर आधारित है।

भारत जैसे युवा और डिजिटल रूप से जुड़ते समाज के लिए यह केवल एक नया उद्योग नहीं, बल्कि आर्थिक और सांस्कृतिक नेतृत्व का अवसर भी है।आज जब दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं ज्ञान आधारित मॉडल की ओर बढ़ रही हैं,तब रचनात्मक उद्योगों की भूमिका पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों से कहीं अधिक निर्णायक होती जा रही है। हम आप को आई आई सी टी के परिसर में रू बरूह कराने की कोशिस कर रहे है।सबसे पहले मै आप से आई आई सी टी केनिदेशक मंडल : - संजय जाजू ,आईएएस, आईआईसीटी बोर्ड के अध्यक्ष।सचिव-सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार,डॉ.आशीष कुलकर्णी निदेशक - पुनर्युग आर्टविजन,राजन नवानी-अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जेटलाइन ग्रुप ऑफ कंपनीज, श्रीकर परदेशी मुख्यमंत्री के सचिव,महाराष्ट्र सरकार।मनवेन्द्र शुक्ल-मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)लक्ष्य डिजिटल,चंद्रजीत बनर्जी ,महानिदेशक-भारतीय उद्योग परिसंघ(सीआईआई),श्रीमती स्वाति म्हसे पाटिल-आईएएस,प्रबंध निदेशक-है।कार्यकारी टीम में डॉ. विश्वास देवस्कर,मुख्य कार्यकारी अधिकारी (आईआईसीटी के सीईओ),निनाद रायकर-मुख्य परिचालनअधिकारी (आईआईसीटी के सीओओ)-टीम सदस्यों के नेतृत्व व निर्देशन कार्य कर रही है। आपको बता दें विगत 19 सितंबर 2024 को भारत सरकार द्वारा एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स,गेमिंग कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी जैसे क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की घोषणा 391.15 करोड़ रुपये के बजटीय समर्थन के साथ की गई।यह संकेत था कि नीति-निमार्ता रचनात्मक उद्योगों को राष्ट्रीय विकास रणनीति के केंद्र में ला रहे हैं।




इसी संदर्भ में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी( आईआईसीटी) की स्थापना एक दूरगामी नीतिगत निर्णय के रूप में देखी जानी चाहिए। सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर आधारित इस संस्थान में फिक्की और सीआईआई जैसे उद्योग संगठनों की भागीदारी यह दशार्ती है कि सरकार शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को कम करने के लिए सहयोगात्मक ढांचा तैयार कर रही है और कौशल विकास को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ना चाहती है। सर्व विदित रहे कि मुंबई स्थित एनएफडीसी परिसर में 18जुलाई 2025 को आईआईसीटी के संचालन के पहले चरण का उद्घाटन किया गया, जहाँ अत्याधुनिक कक्षाओं, हाई-एंड कंप्यूटिंग लैब्स, पोस्ट-प्रोडक्शन स्टूडियो और स्क्रीनिंग थिएटर जैसी सुविधाओं के साथ संस्थान ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह केवल एक अकादमिक इकाई नहीं,बल्कि उद्योग-समकक्ष प्रशिक्षण मंच बनना चाहता है। माया नगरी के गोरेगाँव फिल्म सिटी में प्रस्तावित दस एकड़ के स्थायी परिसर में इमर्सिव स्टूडियो,एआर/वीआर/एक्सआर प्रशिक्षण सुविधाएं और वर्चुअल प्रोडक्शन सेट विकसित किए जाने की योजना इस दिशा में एक साहसिक कदम है।यदि यह परियोजना समयबद्ध और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरी होती है,तो यह भारत को वैश्विक क्रिएटिव टेक्नोलॉजी मानचित्र पर एक प्रमुख केंद्र बना सकती है और देश को डिजिटल कंटेंट उत्पादन के वैश्विक हब के रूप में स्थापित कर सकती है।

आईआईसीटी की गूगल, मेटा, एनवीआईडीआईए, माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल,एडोबी और डब्ल्यूपीपी जैसी वैश्विक तकनीकी कंपनियों के साथ साझेदारियां पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता,तकनीकी अद्यतन और उद्योग संपर्क के लिए महत्वपूर्ण हैं। हालाँकि,भारत को इन साझेदारियों को केवल उपभोक्ता तकनीक के रूप में नहीं,बल्कि तकनीकी सह- विकास और स्वदेशी नवोन्मेष के अवसर के रूप में उपयोग करना होगा,अन्यथा देश केवल वैश्विक टेक कंपनियों के लिए टैलेंट सप्लायर बनकर रह सकता है।यदि भारत इन सहयोगों के माध्यम से स्वदेशी प्लेटफॉर्म,इंजन,सॉफ्टवेयर और कंटेंट फ्रेमवर्क विकसित करता है,तो यह डिजिटल संप्रभुता की दिशा में भी एक बड़ा कदम होगा।इस संस्थान द्वारा प्रस्तावित अठारह विशेषीकृत पाठ्यक्रम और सौ से अधिक छात्रों का नामांकन युवाओं की रुचि को दशार्ता है,किंतु भारत की विशाल जनसंख्या और रोजगार आवश्यकताओं की तुलना में यह संख्या अभी सीमित है।यदि आईआईसीटी को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी बनाना है,तो इसे मॉडल संस्थान के रूप में विकसित कर राज्यों में समान केंद्रों की स्थापना की रणनीति अपनानी होगी।डिजिटल प्लेटफॉर्म और हाइब्रिड शिक्षा मॉडल के माध्यम से लाखों युवाओं तक इस प्रशिक्षण को पहुंचाया जा सकता है,जिससे भारत वैश्विक डिजिटल श्रम बाजार में प्रतिस्पर्धी बन सकेगा।ऑरेंज इकोनॉमी का महत्व केवल आर्थिक नहीं,बल्कि सांस्कृतिक और कूटनीतिक भी है।डिजिटल कंटेंट, फिल्म,गेमिंग और वर्चुअल अनुभव आज देशों की सॉफ्ट पावर के प्रमुख माध्यम बन चुके हैं।

कोरियाई पॉप संस्कृति,जापानी एनीमेशन और अमेरिकी फिल्म उद्योग ने अपने देशों को वैश्विक सांस्कृतिक प्रभाव प्रदान किया है। भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कहानी परंपरा के बावजूद अभी तक इस क्षेत्र में संगठित वैश्विक रणनीति विकसित नहीं कर पाया है।

आईआईसीटी इस कमी को दूर करने की दिशा में एक संस्थागत प्रयास हो सकता है और भारत की सभ्यतागत कथा को वैश्विक डिजिटल मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का माध्यम बन सकता है। रोजगार के संदर्भ में जहाँ प्रशन है तो मै स्पष्ट कर दुँ कि एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र भविष्य के सबसे बड़े अवसरों में से एक है।ओटीटी प्लेटफॉर्म,गेमिंग, डिजिटल विज्ञापन,शिक्षा,स्वास्थ्य,रक्षा सिमुलेशन और मेटावर्स जैसे क्षेत्रों में रचनात्मक तकनीकी विशेषज्ञों की माँग बढ़ रही है।

# पूर्व सैनिक सेवा सम्मान समिति ने मनाया होली मिलन समारोह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव रोनिजा में पूर्व सैनिक सेवा सम्मान समिति ने एक बैठक का आयोजन कर होली मिलन समारोह का आयोजन किया।

बैठक की अध्यक्षता मेघराज सिंह व संचालन तेजवीर सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र गौड ने बताया कि होली का पर्व संपूर्ण देश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। लोग एक दूसरे को मिठाई देकर इस पर्व को मनाते हैं। सभी लोग एक दूसरे को गले व गुलाल लगाकर पुराने गिले शिकवे दूर करते हैं। यह त्यौहार आपसी भाईचारे को और अधिक बढ़ावा देता है। इस दौरान सभी पूर्व सैनिकों ने एक दूसरे को पुष्प भेंट करते हुए।

एक दूसरे को गुलाल लगाकर सभी देशवासियों को होली की शुभकामनाएं एवम् बधाई दी। इस दौरान जिलाउपाध्यक्ष शक्ति सिंह, रघुराज सिंह, सतपाल सिंह, उदयपाल सिंह, समेत सैकड़ों पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# होली पानी से कम आर्गेनिक हर्बल गुलाल से खेले : उपकार,अजय

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जल हमारी अमूल्य धरोहर है। जल ही जीवन है। जिसे जानते हुए भी लोग कुछ पर्वों व मौकों पर जमकर जल की बबार्दी करते है। रंगों के त्यौहार होली पर भी लाखों

**होली पर्व पर लाखों लीटर पानी होगा बर्बाद**

की लीटर पानी बर्बाद होगा। जिसकी किसी को कोई चिन्ता नहीं है। होली पर पानी के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़े इसके लिए नगर पालिका ने नियमित पानी सप्लाई करने के लिए अधिकांश नलकूपों पर जनरेटर की व्यवस्था की है।

रंगों के त्यौहार होली पर सभी लोग एक दूसरे पर रंगों का पानी डालकर खेलते है। शरीर पर लगे रंग को शरीर से छुटाने के लिए पानी की आवश्यकता पड़ती है। होली खेलने में इस दिन सुबह से शाम तक लाखों लीटर पानी बर्बाद होना तय है। इस पानी की खपत आम दिनों की अपेक्षी बहुत अधिक होता है।

होली पर नियमित जल सप्लाई करने के लिए नगर पालिका काजलकल विभाग ने पूरी तैयारी की है। जिससे लोगों को पानी की परेशानी नहीं होगी।

नगर पालिका परिषद के ईओ की माने तो होली व दुल्हेंडी पर जनता को भरपूर पानी मिलेगा। जिसके लिए नगर में स्थित अधिकांश नलकूपों में जनरेटर की व्यवस्था की गई है। साथ ही जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने भी विद्युत विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये होली के



उपकार दत्त शर्मा



अजय मित्तल

त्योहार पर विद्युत व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए। वही पूरे वर्ष समय समय शहर में सरकारी विभागों व सामाजिक संगठनों द्वारा जल बचाव के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है। कि जल हमारी अमूल्य धरोहर है। इसे बर्बाद होने से बचाना चाहिए। लेकिन सभी लोग होली के त्यौहार पर जल को बर्बाद होने से बचाना भूल जाते है। जल को अमूल्य मानते हुए हमें इसे बर्बाद होने से बचाने के लिए संकल्प लेना होगा।

जनपद की सदर तहसील क्षेत्र गांव वझीलपुर स्थित आरआर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य व विज्ञान विशेषज्ञ शिक्षक उपकार दत्त शर्मा व शिक्षक अजय मित्तल ने संयुक्त रूप से कहा कि पानी की महत्ता को देखते हुए हिन्दु भाईयों को होली पानी से कम और आर्गेनिक गुलाल से खेलनी चाहिए। जिससे पानी कम मात्रा में बर्बाद होगा। उन्होंने कहा कि पानी सुरक्षित रहेगा तो हमारा जीवन भी सुरक्षित रहेगा। जल ही जीवन है। होली भाईचारे का त्योहार से जिसे हंसी खुशी के साथ मनाना चाहिए।

# होली रंगों और भाईचारे का पर्व है: आनंद गुर्जर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**हापुड़।** रविवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें उपस्थित

**सपा जिला कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन**

पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने गुलाल लगाकर होली पर्व की एक दूसरे को बधाई दी। जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि होली रंगों और भाईचारे का पर्व है,जो आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। समाज में आपसी मतभेद भुलाकर सभी को मिलजुलकर त्योहार मनाना चाहिए। होली का पर्व हमें आपसी द्वेष मिटाकर प्रेम और सद्भाव बढ़ाने की प्रेरणा देता है। जिला अध्यक्ष ने सभी से अपील करते हुए कहा कि होली पर्व पर प्राकृतिक रंगों एवं गुलाल का ही प्रयोग करें तथा किसी पर जबरन रंग न डालें। साथ ही, पानी की बचत करने और सुरक्षित तरीके से होली मनाने का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर समाज में प्रेम और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और मिठाई बांटी। इस अवसर पर राजेश यादव ,आदेश गोस्वामी, अयूब सिद्दीकी, पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट सचिन शर्मा, अनुज यादव, आसिफ,महिला सभा की जिला अध्यक्ष रेशमा यादव, सीमा तनेजा,मुन्नी यादव,याशी यादव अंजू ने आपस में एक दूसरे को पुष्प भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

# पुलिस व गौ तस्करों के बीच मुठभेड़, पांच गिरफ्तार दो घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा।** शुक्रवार देर रात कोतवाली पुलिस व गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। वाकी तीनों को पुलिस ने जंगल में तलाशी अभियान कर धरदबोचा। घायल बदमाशों को पुलिस ने जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।





बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने पशुओं को काबू में करने का सामान बरामद किया। शुक्रवार देर रात कोतवाली पुलिस क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे के रोनिजा अंडरपास पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक ऑटो आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो आरोपित ऑटो भगाने लगे और पुलिस टीम पर फायर झोंक दी। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर जवाबी कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों के पैर में गोली जा लगी। गिरफ्तार अभियुक्तों में घायल अभियुक्तों की पहचान सैयद अमीन, गोरामियां, के रूप में हुई। जबकि तलाशी के दौरान पकड़े गए अभियुक्त मुन्नसर कमाल, बिलाल, पुष्पेंद्र के रूप में हुई। जिन्होंने पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर पशुओं की तस्करी की बात कबूल की। जिनके कब्जे से दो तमंचा, दो जिन्दा कारतूस, दो खाली खोखा, एक ऑटो, दो चाकू, चार सिरिंज, चार इंजेक्शन, एक आरी, लोहे का नुकीला सरिया, दो मोहरे, एक रस्सी, चार खाली कट्टे, बरामद किए। कोतवाली प्रभारी श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि घायल अभियुक्तों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। व गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज। सभी के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

**पुलिस अधिकारियों,पुलिसकर्मियों व उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की**

# पुलिस लाइन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मेरठ रोड स्थित पुलिस लाइन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधिकारियों,पुलिस कर्मियों व उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाईयां वितरित किया। रविवार को मेरठ रोड स्थित पुलिस लाइन में वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अध्यक्षा वामा सारथी मीना सिंह ने फीता काटकर किया। जिसमें उपरांत शिविर में जनरल मेडिसिन स्त्री रोग,नेत्र रोग व हृदय रोग विशेषज्ञों ने पुलिस अधिकारियों, पुलिस कर्मियों व उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया। साथ उन्हें जीवन में स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक भी किया।






# एसएसवी इंटर कालेज के 17 स्टूडेंट्स एनएमएमएस परीक्षा में उत्तीर्ण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** दिल्ली रोड स्थित जनपद के प्रसिद्ध एसएसवी इंटर कालेज के 17 छात्राओं ने एनएमएमएस

- **जिले की मेरिट लिस्ट में प्रथम तीन स्थानों पर एसएसवी के स्टूडेंट्स का कब्जा**
- **परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले स्टूडेंट्स को मिलेंगे 12 हजार प्रतिवर्ष**

परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जिले की मेरिट लिस्ट में प्रथम तीन स्थानों पर कब्जा किया है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये दिये जायेंगे।






एसएसवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग ने बताया कि कालेज के कक्षा 8 के छात्रों के लिए आयोजित हुई एनएमएमएस परीक्षा में विद्यालय के 17 छात्र छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। जनपद हापुड़ के लिए कल 56 सीट आवंटित हैं,जिनमें से 17 सीटों पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिवर्ष 12000 सरकार द्वारा देय होता है। जनपद की मेरिट लिस्ट में प्रथम पांच स्थानों में प्रथम तीन स्थान उनके विद्यालय के छात्रों ने प्राप्त किए हैं,जबकि प्रथम दो स्थानों पर विद्यालय के छात्र हैं। उन्होंने कहा कि कालेज के 17 बच्चे उत्तीर्ण होने का श्रेय विद्यालय के सम्मानित अध्यापकों विशेष कर विपुल शर्मा,सचिन शर्मा,आशुतोष पांडे,प्रभात सिंह, अनिल गुप्ता,संजीव शर्मा,रणजीत यादव आदि शिक्षकों को जाता है।

# रामजी लाल यादव को दी श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** समाजवादी पार्टी महिला मोर्चे की पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश चौधरी एवं अनेक सपा नेताओं ने गाजियाबाद के वसुंधरा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सपा के वरिष्ठ नेता स्व रामजी लाल यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



कमलेश चौधरी के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विधानसभा अध्यक्ष मनजीत नेहरा, जिला उपाध्यक्ष परविंदर चौधरी, विधानसभा उपाध्यक्ष राजेश जाटव आदि शामिल थे।

# आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत पुलिस-फोर्स के साथ अपने-अपने क्षेत्र/सर्किल में पैदल मार्च किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर (वसीम खाँन)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर दिनेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारो पर जनपद मे शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डाक्टर तेजवीर सिंह एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल के संवेदनशील क्षेत्रो में पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया तथा जनमानस के साथ संवाद स्थापित कर सुरक्षित होलिका दहन एवं होली मनाये जाने की अपील





की गयी तथा आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस फोर्स को निर्देश दिये गये है कि यदि कही भी आराजक तत्व/असामाजिक तत्वो के द्वारा त्यौहार के हर्ष उल्लास में किसी भी स्तर पर कोई 'अवांछनीय गतिविधियां की जाये तो उनसे सख्ती से निपटा जाये । साथ ही जनपद में शराब पीकर गाडी चलाने( ड्रिंक एण्ड ड्राईव) वालो के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है । यह अभियान लगातार दिनांक 5 मार्च तक जारी रहेगा ।

**हाली पर्व** | **होलिका दहन का शुभ समय 3 फरवरी सुबह 5:30 बजे से 6:19 तक रहेगा**

# जिले में 665 स्थानों पर किया जायेगा होलिका दहनः एएसपी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़,धौलाना।** आज सोमवार को होली

- **त्योहारों के मद्देनजर विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस मुश्तैद**
- **पुलिस अधिकारी ड्रोन कैमरे से रख रहे है,पैनी नजर**
- **होलिका में देशी गाय के उपले डालने से धन की प्राप्ति होगी**
- **पर्यावरण को प्रदूषण से बचाव हेतु होलिका में पॉलीथीन नहीं डाले**
- **होली के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की**

पर जिले के 11 थाना क्षेत्रों में 665 स्थानों पर होलिका दहन परंपरागत ढंग से किया जायेगा। होलिका दहन का शुभ समय 3 फरवरी की सुबह 5:30 बजे से 6:19 बजे तक रहेगा। होली का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। नये स्थानों पर होली का दहन नहीं होने दिया जायेगा। त्योहारों के मद्देनजर सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी है। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों द्वारा ड्रोन कैमरे से पैनी नजर रखी जा रही है।

भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के मंत्री पं.देवी प्रसाद तिवारी ने बताया कि होलिका पूजन का समय 2 मार्च की शाम 8:15 से तीन मार्च की सुबह 6:20 तक रहेगा। होलिका दहन का शुभ समय 3 मार्च की सुबह 5:30 बजे से 6:19 तक रहेगा। होलिका में देशी गाय के उपले,आम की लकड़ी,सूखे पत्ते डाले। पर्यावरण को प्रदूषित नहीं करें,इसको ध्यानार्थ रखते हुए होलिका में पॉलीथीन के साथ-साथ अन्य वस्तु नहीं डाले।

उन्होंने बताया कि राई लोगान अपने ऊपर से सात बार उतारकर होलिका में डालने से नजर लगने से बचाव किया जा सकता है। पीली सरसों







नरसिंह भगवान के नाम से होलिका में डालने से शरीर को रोग से बचाव होता है। आंख के सूखे पत्ते या लकड़ी होलिका में डालने से सूर्य ग्रह प्रसन्न होते है।

अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि जिले में होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है। होली के त्यौहार पर माहौल खराब करने वालों को पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। उन्होंने जनपदवासियों की अपील की है,होली आपसी सद्भाव व भाईचारा बढ़ाने वाला त्योहार है,इसे मिलजुलकर हर्षोल्लास के साथ बताने।

उन्होंने बताया कि होली के मद्देनजर जिले में संवेदनशील स्थान 84 है। होली को दृष्टिगत रखते हुए जिले को जोन व सेक्टरों में विभाजित किया गया है। वहां जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की डयूटी लगाई गयी है।

**जनपद में होलिका दहन के स्थान**

| थाने का नाम | दहन संख्या |
|---|---|
| हापुड़ नगर | 114 |
| हापुड़ देहात | 60 |
| बाबूगढ़ | 84 |
| पिलखुवा | 102 |
| धौलाना | 38 |
| कपूरपुर | 43 |
| हाफिजपुर | 41 |
| गढ़मुक्तेश्वर | 67 |
| सिंभावली | 94 |
| बहादुरगढ़ | 45 |

**धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की**

जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने बताया कि जनपद में 665 स्थानों पर होलिका दहन किया जायेगा। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में धर्म गुरुओं व गणमान्य लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। जिसमें डीएम व एसपी ने सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में बनाने की अपील की गयी।

**ड्रोन कैमरे से की चेकिंग**

होली पर्व को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराने के लिए रविवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिश्रित आबादी वाले व भीड़ भीड़ वाले क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से पैनी नजर रखी जा रही है।

**सभी थानों में शांति समिति की बैठके आयोजित**

रंगों का पर्व होली व ईद का पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा गणमान्य लोगों के साथ शांति समिति की बैठक कर दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराने की अपील की जा रही है।

**पुलिस कर्मी सुरक्षा में रहेंगे तैनात**

एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि जनपद में बुधवार को होलिका की निगरानी में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। संवेदनशील स्थानों पर होलिका दहन सीसीटीवी कैमरे में कैद किया जायेगा।

# शहीद अली खामनाई के इंतिकाल की खबर से पूरी दुनिया में गम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** ईरान के सुप्रीम लीडर शहीद अली खामनाई के इंतिकाल की खबर से पूरी दुनिया में गम और अफसोस की लहर दौड़ गई। उनके इंतिकाल पर मिल्ली,समाजी ,सियासी रहनुमाओं ने गहरे दुख का इजहार करते हुए ताज़ियत पेश की है।सदर जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश मारुफ आलिम ए दीन हजरत, शेख उल हदीस मदरसा जामिया इस्लामिया जामा मस्जिद अमरोहा मौलाना मुफ्ती सय्यद मोहम्मद अफ़्फ़ान साहब मंसूरपुरी ने ईरानी काइद ए आला शहीद सय्यद अली खामनाई की शहादत पर शदीद अफसोस का इजहार किया कहा कि अजीम लीडर की अजीम शहादत रायगां नहीं जाएगी और ये यहूद और नसारा और दुश्मनान ए इंसानियत और दुश्मनान इस्लाम के निस्त व नाबुद होने का सबब बनेगी .विधायक अमरोहा महबूब अली ने कहा अली खामनाई ने लंबी सियासी और दीनी ज़िंदगी गुजारी। वह 1989 से ईरान के सर्वोच्च नेता के तौर पर अपनी जिम्मेदारियाँ निभा रहे थे। उनके दौर में ईरान ने सियासी, दिफाई और इल्मी मैदान में कई अहम मुकाम हासिल किए। उन्होंने मुल्क की खारिजा पॉलिसी, इलाके की सियासत और इस्लामी इत्तेहाद के मसलों पर अहम किरदार अदा किया। चेयरमैन हाशमी एजुकेशनल ग्रुप सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सिराज उद्दीन हाशमी एडवोकेट ने कहा के शहीद अली खामनाई का दौर उनके सियासी किरदार और मजबूत कियादत के तौर पर हमेशा याद किया जाएगा उन्होंने ईरान की सियासत और मजहबी रहनुमाई में अहम किरदार निभाया बुजुर्ग कायद का जाना आलम इस्लाम का बड़ा नुकसान है .मुस्लिम कमेटी अमरोहा के संरक्षक मोहम्मद आसिफ कुरैशी ने कहा अपने मजबूत फैसलों और इस्लामी इकदार की पासदारी के साथ मजबूत हुकूमत करने और दुश्मनान इस्लाम की आंख मे आंख डाल कर हक के साथ खड़ा होना शहीद की शिनाख्त रही इनके अलावा मुस्लिम कमेटी रजिस्टर्ड अमरोहा के सदर इकबाल अहमद खान, ने भी अजीम मर्द मुजाहिद की शहादत को दौर हाज़िर का अजीम तारीन नुकसान करार दिया , हाजी नासिर सिद्दीकी,डॉक्टर नज्म उन नबी,नसीम खान,आरिफ मलिक एडवोकेट,रोमी शफात ,आलम मंसूरी, रियाज मंसूरी,सालार गाजी,मुराद आरिफ एडवोकेट,अब्दुल वहाब सैफी अकरम मंसूरी ने शहीद मर्द मुजाहिद को खिराज अकीदत पेश किया.



निवर्तमान सांसद कुंवर दानिश अली ने कहा कि अलविदा, अयातुल्लाह! आपने दुनिया को बता दिया कि अपने हक की लड़ाई सियासत नहीं, इबादत है।आप एक मिसाल हैं जिसने दिखाया, कि ज़िल्लत के महलों से बेहतर स्वाभिमान की ज़िंदगी है।आप उस हौसले का नाम हैं जो हर तूफ़ान के बाद फिर खड़ा हो जाता है।आपकी शहादत में भारत ने अपना सच्चा दोस्त खो दिया।उधर कांग्रेसी नेता डा. मेराज हुसैन ने कहा कि खामनेई साहिब की शहादत से मिल्लत को ताकत मिलेगी और जुल्म के खिलाफ आप की आवाज को बुलंद किया जायेगा आप ने मिल्लत को एकता और प्रेम का जो पाठ पढ़ाया उसको याद् रखना मिल्लत की जिम्मेदारी है।

# जनपद में अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में तीन ने गंवाई अपनी जान आधा दर्जन घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जनपद में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क दुघर्टना में तीन ने गंवाई अपनी जान लगभग आधा दर्जन लोग घायल। सुबह लगभग सात बजे समीना को उसका पति रफीक ई-रिक्शा से अपने गांव सुल्तानपुर से वाराही छोड़ने जा रहा था ई-रिक्शा में अन्य भूरी,रहबर भी सवार थे खजरा छपरा के पास खाद से भरे ट्रेक्टर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गये,वही भूरे नाम के एक व्यक्ति ने सभी घायलों को अपने वाहन से सीएचसी बहजोई पहुंचाया जहां डाक्टरों ने प्रथम उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।









नाखूनका ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद निवासी आविद, साबिर, दानिस, यामीन, फहीम यह सभी लोग अपने ट्रेक्टर ट्राली से आगरा में एक कोल्डस्टोरेज में मजदूरी करने जा रहे थे जैसे ही यह लोग चंदोसी बहजोई रोड लहरा वन से गंगा एक्सप्रेस वे फोर लाइन पर अपना ट्रेक्टर ट्राली चढा दी और वह ट्रेक्टर वहां बने डिवाइडर पर चढ़ने से ट्राली पलट गई और उसमें बैठे सभी लोग बुरी तरह से घायल हो गये और एक व्यक्ति की मौत हो गई 108एम्बुलैस से सभी को सीएचसी बहजोई लाया गया जिसमे आविद और साबिर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रविवार को ही चंदोसी बाईपास पर समय लगभग 7बजे एक नवयुवक का एक्सीडेंट हो गया जिसने चंदोसी सीएचसी में ले जाया गया जहां उसने अपना दम तोड दिया।

वही चंदोसी वाईपास टी पॉइंट पर खडी बाइक में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, मौहल्ला पंचसील निवासी मिथलेश जोकि तहसील चंदोसी में मृतक आश्रित में कार्यरत थी अपने पति की मृत्यु के बाद उनकी जगह कार्यरत थी आज सुबह अपनी दवा लेने घर से मुरादाबाद गई थी वापसी में जव बह चंदोसी वाईपास सी पॉइंट पर पहुंची और और मोड़ पर जैसे ही उसकी वाईक रुकी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे जो बाइक चला रहा था वह तो कच्चे में गिरा और महिला सड़क की तरफ गिरी और ट्रक के चपेटे में आने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई मौके पर भारी पुलिस बल के साथ साथ एस डी एम आशुतोष तिवारी भी पहुंच गये और जानकारी ली, पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ट्रक व चालक को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# मामूली कहासुनी को लेकर महिलाओं के बीच हुई मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली)।** जनपद के थाना बनियाठेर क्षेत्र के ग्राम औरंगपुर सिलेटा में पड़ोसियों के बीच मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया।विवाद के दौरान दो महिलाओं में

**घायल महिला ने आरोपी महिला के खिलाफ दी तहरीर पुलिस ने घायल का किराया मेडिकल**

जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक महिला घायल हो गई।घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार को ग्राम औरंगपुर सिलेटा निवासी कैलादेवी पत्नी रमेश का पड़ोस में रहने वाली एक महिला से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,शुरूआत में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई,लेकिन कुछ ही देर में मामला बढ़ गया और दोनों महिलाओं के बीच हाथापाई होने लगी।



शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों को अलग कराया।मारपीट में कैलादेवी को चोटें आईं। घटना के बाद परिजन उन्हें लेकर थाना कैला देवी पहुंचे, जहां उन्होंने आरोपी महिला के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भिजवाया,ताकि चोटों की सही स्थिति स्पष्ट हो सके।थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की हिदायत भी दी है।ग्रामीणों का कहना है कि पड़ोसियों के बीच छोटे-छोटे विवाद अक्सर बढ़कर गंभीर रूप ले लेते हैं,जिससे आपसी संबंधों में कटुता पैदा हो जाती है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्ती के साथ-साथ समझाइश और मध्यस्थता की पहल करने की मांग की है,ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# ब्राह्मण महिला सभा ने मनाई फूलों की होली,भजन संध्या में झूमीं महिलाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** ब्राह्मण महिला सभा चंदौसी जिला संभल के तत्वावधान में रविवार को गौशाला रोड स्थित सभा की महामंत्री रंजना शर्मा के आवास पर होली उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नगर अध्यक्ष उर्मिला शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं गायत्री मंत्र के साथ की।



इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें भजन मंडली ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद सदस्यों ने होली गीतों पर नृत्य किया और फूलों व गुलाल से होली खेलकर उत्सव मनाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्मिला शर्मा ने तथा संचालन रंजना शर्मा ने किया। इस दौरान आशा सारस्वत, ममता शर्मा, सुनीता शर्मा, सुधा शर्मा, नीलम राय, साधना पाठक, जयश्री, शिप्रा शर्मा, मुस्कान भारद्वाज, पूजा शर्मा सहित अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं।

# होली रंगोत्सव पर काव्यधारा बही, कवि सम्मेलन में गूंजे प्रेम और सामाजिक सरोकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** होली के पावन पर्व पर साहित्य चेतना मंच चन्दौसी एवं दिव्य गंगा सेवा मिशन हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को स्टेशन रोड स्थित पंजाबी धर्मशाला में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोरखनाथ भट्ट (मुख्य विकास अधिकारी, जिला सम्भल), विशिष्ट अतिथि लता वार्ष्णेय (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद चन्दौसी) तथा अध्यक्षा शालिनी रस्तौगी (महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष, दिव्य गंगा सेवा मिशन) ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया।



मंच संचालन एल.के. विकास मिश्रा (एडवोकेट) ने प्रभावी अंदाज में किया। आयोजन में संचालक दिनेश पाल सिंह दिव्य की विशेष भूमिका रही। कवि सम्मेलन की शुरूआत बदायूं के वरिष्ठ कवि सुखपाल सिंह गौर ने होली को शांति व सौहार्द से मनाने का संदेश देते हुए की। उत्तराखंड खटीमा की शांति राणा शांति ने बुजुर्गों के सम्मान पर आधारित कविता प्रस्तुत की। सम्भल से आए अतुल कुमार शर्मा और संजय सृजन ने होली पर बढ़ती नशाखोरी पर कटाक्ष किया।

दिनेश पाल सिंह दिव्य ने योग्यता और मेधा के सम्मान की बात कही, जबकि एल.के. विकास मिश्रा ने प्रेम पर व्यंग्यात्मक रचना सुनाई। अपूर्व प्रताप सिंह अद्भुत, शिखा राम रावत बुलबुल, विवेक त्रिपाठी विकट, मुकेश कुमार दीक्षित शिवांश, अंजली वर्मा चहक और शिवाय दीक्षित बल कवि ने भी विविध रसों से सजी प्रस्तुतियां दीं।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। साहित्य चेतना मंच और दिव्य गंगा सेवा मिशन का यह प्रयास चन्दौसी की साहित्यिक विरासत को समृद्ध करने वाला है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

# बीमार पत्नी से मिलकर लौट रहे युवक की ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/बनियाठेर।** ससुराल में बीमार पत्नी और बेटी को देखकर अपने गांव लौट रहे युवक की रविवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड़ दिया।

जनपद मुरादाबाद के थाना कोतवाली बिलारी क्षेत्र के गांव श्यामपुर भूड़ी निवासी 24 वर्षीय गौरव पुत्र रामौतार एक निजी फर्म में मजदूरी करता था। दो वर्ष पूर्व उसका विवाह जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव ब्योर निवासी ओमपाल जाटव की पुत्री सुमन से हुआ था। दंपती की एक वर्षीय पुत्री हिमानी है।

बताया गया कि कुछ समय से गौरव मुरादाबाद में रहकर मजदूरी कर रहा था। पत्नी के अस्वस्थ होने की सूचना पर वह शनिवार शाम ससुराल पहुंचा था। रविवार सुबह करीब सात बजे वह वापस अपने गांव लौट रहा था। न्यू बाईपास पर मोहम्मदगंज ईंट भट्टे के पास विपरीत दिशा से आ रही गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।



हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को संयुक्त चिकित्सालय चन्दौसी भिजवाया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे हायर ट्रॉमा सेंटर मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। चन्दौसी से निकलते ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक पांच भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था।

मां चंद्रावती, भाई विक्की, सौरभ तथा बहन काजल और दीक्षा का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# वृद्धाश्रम में जायन्टस सखी-सहेली ने बांटी खाद्य सामग्री, बुजुर्गों संग मनाया त्योहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** जायन्टस ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली के तत्वावधान में सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों को खाद्य सामग्री वितरित की और उनके साथ समय बिताकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सेंट्रल कमेटी मेंबर डॉ.सुधा चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर जायन्टस प्रार्थना के साथ किया।

सदस्यों ने कहा कि जायन्टस का उद्देश्य गरीब व असहाय लोगों की मदद करना है। बुजुर्गों के साथ त्योहार मनाने से वे अपने आप को अलग-थलग महसूस नहीं करते और उनमें उत्साह बना रहता है। इस दौरान एक बुजुर्ग महिला ने सुंदर कृष्ण भजन सुनाकर सभी का मन मोह लिया, वहीं अन्य बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनुभव व दुख-दर्द साझा किए। ग्रुप द्वारा अंग वस्त्र, साबुन, तेल, बिस्किट, लड्डू, गुजिया, सेब, नमकीन मठरी, मीठी मठरी व अन्य फल वितरित किए गए। सामग्री पाकर बुजुर्गों ने खुशी जताई और आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मधु तोमर ने की तथा संचालन राजेश्वरी श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर सेंट्रल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, यूनिट डायरेक्टर अंजू राजपूत, कोऑर्डिनेटर सीमा वर्मा, फेडरेशन ऑफिसर रीता बुदियाल, डीओए राजेश्वरी श्रीवास्तव, डीओएफ कंचन बाला वाष्णेय, उपाध्यक्ष डॉ. मधुपमा वाष्णेय सहित सरोज वाष्णेय, गीता ग्रोवर, रेनू वाष्णेय, चंचल गोयल, ऊषा अग्रवाल, अलका रानी, निरुपमा गुप्ता, नीलम आदि मौजूद रहीं।



# आगामी त्योहारों को लेकर थाना नखासा में पीस कमेटी की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना नखासा परिसर में पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ने की। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, व्यापारी नेताओं, ग्राम प्रधानों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में थाना प्रभारी ने सभी उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे,प्रेम और सौहार्द का प्रतीक होते हैं।इन्हें शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट साझा न करने की भी अपील की गई।थाना प्रभारी ने बताया कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त बढ़ाई जाएगी। डीजे की आवाज,जुलूस मार्ग,नमाज व पूजा स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई,ताकि किसी प्रकार की असुविधा या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।बैठक में मौजूद



धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों ने भी अपने विचार रखते हुए प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखना हम सबकी प्राथमिकता है और किसी भी असामाजिक तत्व को माहौल बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।अंत में थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। आमजन से सहयोग की अपेक्षा करते हुए उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

**मारपीट** — घायल की तहरीर के आधार पर दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच पड़ताल शुरू

# सराय तरीन दरबार में यूट्यूबर से मारपीट,वीडियो बनाने से रोकने पर लाठी-डंडों से किया हमला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल।** थाना हयातनगर क्षेत्र स्थित सराय तरीन दरबार में गुरुवार शाम एक यूट्यूबर युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। वीडियो बनाने से रोकने पर दो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष ने थाना हयातनगर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला सैफ खां,थाना कोतवाली सम्भल निवासी इकबाल पुत्र अम्बार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई जब्बार यूट्यूब पर वीडियो बनाता है। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे वह सराय तरीन दरबार पर वीडियो बना रहा था।आरोप है कि उसी दौरान वहां मौजूद दानिश व गालिब पुत्रगण अरिफ,निवासी सराय तरीन दरबार,थाना हयातनगर ने उसे वीडियो बनाने से रोक दिया।जब जब्बार ने कहा कि उसे वीडियो



बनाने से रोकने का किसी को अधिकार नहीं है,तो दोनों आरोपी आगबबूला हो गए। आरोप है कि उन्होंने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर गालिब ने डंडे से उसके सिर पर वार कर दिया,जबकि दानिश ने लात-घूंसों से मारपीट की।पीड़ित का यह भी आरोप है कि जाते-जाते दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।घटना को अबुजर पुत्र इरफान निवासी सराय तरीन दरबार सहित अन्य लोगों ने भी देखा बताया जा रहा है। मारपीट के बाद परिजनों ने घायल को संभाला और थाने में शिकायत दर्ज कराई।थाना हयातनगर पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है।तहरीर के आधार पर दानिश व गालिब पुत्रगण अरिफ,निवासी सराय तरीन थाना हयात नगर जनपद सम्भल दोनों सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।थाना प्रभारी उमेश कुमार सोलंकी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि शरीर के आधार पर दो अभियुक्त खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और घायल का मेडिकल कर दिया गया है फिलहाल घटना की जांच की जा रही है

# रायसत्ती थाने का एसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास )।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने शनिवार को थाना रायसत्ती का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर का व्यापक भ्रमण कर कार्यालय,हवालात,बैरक,मालखाना तथा शस्त्रागार की बारीकी से जांच की और साफ-सफाई व अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान मुकदमाती एवं सीज वाहनों के रखरखाव की स्थिति देखी गई। साथ ही थाने पर लगे सीसीटीवी कैमरों के सुचारु संचालन के निर्देश दिए गए। आगंतुकों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने और उनकी शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर भी जोर दिया गया। महिला हेल्प डेस्क,महिला बीट रजिस्टर,अपराध रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों की गहन जांच की गई। प्रचलित यक्ष ऐप के संचालन एवं अद्यतन प्रविष्टियों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि ड्यूटी के दौरान बाजार, सरार्फा दुकानों,चौराहों,गलियों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क निगाह रखी जाए। उन्होंने नियमित बैंक व एटीएम चेकिंग,बस स्टैंड,होटल,ढाबा,पेट्रोल पंप और अन्य संवेदनशील स्थलों पर निरीक्षण तथा रात्रि गश्त को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। आम जनता के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने और कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने पर भी बल दिया गया।



इस दौरान ग्राम प्रहरियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली गई। निरीक्षण के उपरांत थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतें गंभीरतापूर्वक सुनीं। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण,निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसुनवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और प्रत्येक फरियादी को त्वरित व संतोषजनक न्याय उपलब्ध कराया जाए।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।निरीक्षण को लेकर पुलिस महकमे में सक्रियता का माहौल देखा गया।

# सरधना के सुभाष अमीन को दोबारा मिला बेस्ट सुपरवाइजर अवार्ड

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में जिला मेरठ की सभी विधानसभा क्षेत्रों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा और जिलाधिकारी वी.के. सिंह ने चयनित सुपरवाइजर और बीएलओ को गुलदस्ता, प्रशस्ति पत्र और शॉल देकर सम्मानित किया।विधानसभा सरधना से सुभाष अमीन को लगातार दूसरी बार बेस्ट सुपरवाइजर का सम्मान मिला। वहीं बेस्ट बीएलओ के रूप में अनुज कुमार, पंकज शर्मा, सचिन कुमार, सुशील कुमार, प्रिया त्यागी (सहायक अध्यापक), शिवानी शर्मा (लिपिक), ममता शर्मा, रेखा रानी, संगीता, बेबी



शर्मा (आंगनबाड़ी) और लेखपाल अनुज निगम को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर सुभाष अमीन ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू से ही चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन उपजिलाधिकारी सरधना और बूथ प्रभारी अधिकारियों के मार्गदर्शन में सभी बीएलओ और सुपरवाइजर्स ने मेहनत से काम पूरा किया। उन्होंने अपने सम्मान का श्रेय अधिकारियों और सभी बीएलओ की टीम को दिया। कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन, सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, अमीन, लेखपाल और सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# एनओसी रद्द होने के बाद भी चल रहा एचपीसीएल पेट्रोल पंप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-709ए पर भूनी गांव में स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के पेट्रोल पंप को लेकर मामला फिर गरमा गया है। नियमों के उल्लंघन के

**एनएचएआई ने डीएम से की कार्रवाई की मांग**

चलते नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) पहले ही इस पंप की अस्थायी एनओसी रद्द कर चुकी है, लेकिन इसके बावजूद पंप का संचालन जारी रहने की शिकायत सामने आई है।भूनी गांव निवासी सौरभ त्यागी ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक को शिकायत देकर कहा है कि विभाग के आदेशों के बाद भी पेट्रोल पंप चलाया जा रहा है। उन्होंने इसे सड़क




सुरक्षा नियमों का उल्लंघन बताते हुए पंप को तुरंत बंद कराने और जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।बताया गया है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार जांच में पंप को दी गई अस्थायी एनओसी नियमों के अनुरूप नहीं पाई गई थी। इसके बाद एनएचएआई की बागपत इकाई ने एनओसी रद्द कर संचालन बंद करने और बिजली आपूर्ति रोकने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी मेरठ ने भी मामले की जांच के आदेश दिए थे। एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि एचपीसीएल और जिला प्रशासन को पहले ही पत्र भेजकर पंप बंद कराने को कहा गया था। अब दोबारा जिलाधिकारी को पत्र भेजकर पंप पर रोक लगाने और संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

# सरधना पुलिस ने जमीन के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश,चार आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** थाना सरधना पुलिस ने जमीन दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के

**-टोकन मनी के नाम पर दुकानदारों को बनाते थे शिकार, किसान और खरीदार बनकर रचते थे पूरा षड्यंत्र**

अनुसार 28 फरवरी को दो अलग-अलग पीड़ितों की शिकायत पर मुकदमे दर्ज किए गए। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी सरधना के नेतृत्व में टीम गठित की गई। सरधना पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया।

**ऐसे करते थे ठगी**

जांच में सामने आया कि गिरोह का सरगना खुद को दिल्ली का बड़ा कारोबारी बताता था। गिरोह



के सदस्य पहले किसी दुकानदार से सामान खरीदकर उसका मोबाइल नंबर ले लेते थे। फिर सरगना दूसरे नाम से फोन कर जमीन खरीदने की बात करता था।

कुछ दिन बाद आरोपी दोबारा दुकानदार के पास जाकर बताते थे कि उन्हें सस्ती जमीन मिल रही है, जिसे आगे महंगे दाम में बेचकर मुनाफा कमाया जा सकता है। इस लालच में दुकानदार को भी साझेदारी के लिए तैयार कर लिया जाता था।किसान के नाम पर 10 प्रतिशत टोकन मनी ली जाती थी। अगर खरीदार के पास पैसे कम होते तो दुकानदार से बाकी रकम लगवाई जाती थी। इसके बाद आरोपी आपस में पैसा बांटकर मोबाइल बंद कर फरार हो जाते थे।पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ पहले भी सरधना और अन्य थानों में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और अन्य साथियों की तलाश जारी है।

# ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह, बच्चों ने रंग-गुलाल संग दी शानदार प्रस्तुतियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** आदर्श नगर स्थित ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।इस दौरान बच्चों ने ह्होली खेले रघुवीराह्व और ह्रंग बरसे भीगे चुनरवालीह्व जैसे लोकप्रिय होली गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी और जमकर डांस किया। पूरा स्कूल रंगों और खुशियों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम को संबोधित करते




हुए प्रधानाचार्य सौरभ जैन ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने सभी को मिल-जुलकर और सौहार्द के साथ होली मनाने का संदेश दिया। अमित कुमार ने भी बच्चों से अपील की कि वे होली शांति और प्रेम से मनाएं तथा किसी प्रकार के हुड़दंग से दूर रहें।कार्यक्रम का संचालन अक्षिता शर्मा ने किया। इस मौके पर स्कूल मैनेजर बबिता जैन, प्रधानाचार्य सौरभ जैन, अमित कुमार, मंजू पालीवाल, निशु राणा, गीता वर्मा, चांदनी त्यागी, राखी सोम, प्रियंका पाल, पूजा जैन, रितिका जैन, पायल और स्वाति शर्मा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहें ।

# शिक्षा विभाग, एफओई परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के शिक्षा विभाग, एफओई परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल में ओम प्रकाश वर्मा इंटर कॉलेज, घाट के प्रधानाचार्य श्री नरेंद्र सिंह वर्मा तथा मॉडर्न विद्या निकेतन, मेरठ के प्रधानाचार्य श्री नीरज तिवारी शामिल रहे। प्रदर्शनी आरंभ होते ही विभिन्न छात्र-छात्राओं ने अपनी परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। विद्यार्थियों ने सौर ऊर्जा, अंतरिक्ष उपग्रह, जलविद्युत जनरेटर, हाइड्रोलिक लिफ्ट, मानव हृदय के कार्यशील मॉडल सहित अनेक वैज्ञानिक मॉडलों एवं चार्ट्स का प्रदर्शन किया। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) पी.के. शर्मा एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रोफेसर (डॉ.) शल्या राज तथा डीन प्रोफेसर (डॉ.) संदीप चौधरी ने कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) दीरा सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता विकसित करने हेतु ऐसे आयोजनों का नियमित रूप से होना आवश्यक है। प्रो. (डॉ.) जरा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के उद्देश्य से आयोजित किए जाते हैं। प्रोफेसर (डॉ.) मंजू अधिकारी ने अपने प्रेरणादायी शब्दों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। सहायक प्रोफेसर डॉ. रूपम जैन ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में युवा पीढ़ी के योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

**वही एक अन्य कार्यक्रम केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन**

स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का









शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. पवन कुमार (डीन, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ) तथा प्रो. आर.के. जैन (डीन, विज्ञान संकाय) द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में लगभग 180 छात्रों ने वर्किंग एवं नॉन-वर्किंग मॉडल, पोस्टर प्रस्तुति तथा मौखिक पीपीटी के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में छात्रों के नवाचार, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। मुख्य अतिथि प्रो. पवन कुमार ने सतत ऊर्जा भविष्य के लिए परमाणु सामग्री विषय पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने ऊर्जा के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचार की आवश्यकता पर बल देते हुए छात्रों को शोध एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया।

**डी.एस. डोर्स इंडिया लिमिटेड की औद्योगिक यात्रा से इंटीरियर डिजाइन छात्रों को मिला**

**व्यावहारिक अनुभव**

स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन के इंटीरियर डिजाइन विभाग द्वारा दिल्ली के बदरपुर बॉर्डर स्थित डी.एस. डोर्स इंडिया लिमिटेड में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विभाग के संकाय सदस्यों के साथ इंटीरियर डिजाइन के विद्यार्थियों के एक समूह ने इस शैक्षणिक दौरे में भाग लिया। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली से अवगत कराना तथा कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना था। दौरे का संचालन कंपनी के महाप्रबंधक श्री मुनेश सिसोदिया द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को पूरी इकाई का भ्रमण कराते हुए कच्ची लकड़ी से लेकर पूर्णतः तैयार फर्नीचर एवं दरवाजों के निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया विस्तार से समझाई। विद्यार्थियों ने लकड़ी को सुखाने, काटने, जोड़ने, पॉलिशिंग, फिनिशिंग तथा गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया। इस अवसर पर आर्किटेक्ट द्वारा एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान भी दिया गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री दिनेश के. जांगिड़ ने अपने व्यावसायिक अनुभव साझा करते हुए इंटीरियर डिजाइन उद्योग में नवाचार, गुणवत्ता मानकों तथा करियर की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ, जिसने शैक्षणिक अध्ययन और उद्योग की वास्तविक प्रक्रियाओं के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस शैक्षणिक पहल के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा एवं डीन एवं प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा का आभार व्यक्त किया गया।

# मेरठ में कई निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के तबादले, कानून-व्यवस्था मजबूत करने की कवायद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** जनपदीय स्थापना बोर्ड की बैठक के बाद जनपद में शांति और

**किठौर, लोहिया नगर और पल्लवपुरम समेत कई थानों में नए प्रभारी तैनात**

कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कई निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। यह निर्णय अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने और प्रशासनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक




सुबोध कुमार सक्सेना को सोशल मीडिया सेल से प्रभारी निरीक्षक थाना किठौर बनाया गया है। उपनिरीक्षक सुमित तोमर को चौकी प्रभारी सठला (थाना मवाना) से थानाध्यक्ष लोहिया नगर नियुक्त किया गया है। उपनिरीक्षक महेश कुमार को चौकी प्रभारी साईफन (थाना किठौर) से थानाध्यक्ष पल्लवपुरम बनाया गया है।

निरीक्षक प्रताप सिंह को प्रभारी निरीक्षक किठौर से पुलिस लाइन भेजा गया है, जबकि निरीक्षक नेत्रपाल सिंह को लोहिया नगर से पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है। निरीक्षक मोहनलाल को परतापुर से प्रभारी रिट सेल की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उपनिरीक्षक हरि सिंह को चौकी प्रभारी दौराला पुल (थाना सरधना) से प्रभारी सोशल मीडिया सेल/पीआरओ बनाया गया है।इन तबादलों को जिले में बेहतर कानून-व्यवस्था की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# 11 साल का लापता बच्चा दिल्ली से सकुशल बरामद,परिजनों को सौंपा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ निवासी विनोद कुमार ने 8 फरवरी को अपने 11 वर्षीय बेटे अनिकेत के घर से बिना बताए चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू की।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दो टीमें बनाई और आसपास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, फ्लड टीम के साथ गंगानगर क्षेत्र में तलाश की गई। बच्चे की फोटो सोशल मीडिया पर जारी की गई और पंपलेट डीसीआरबी कार्यालय व दूरदर्शन को भी भेजे गए।28 फरवरी को मिली सूचना के आधार पर सरधना पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर दिल्ली के राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन से अनिकेत को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



# कैमरा व गिम्बल सेट चोरी का खुलासा, थाना नई मण्डी पुलिस ने तीन आरोपित दबोचे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा० एम.ए.तोमर)।** थाना नई मण्डी पुलिस ने कैमरा व गिम्बल सेट चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद किया है।एडीजी मेरठ जोन मेरठ एवं डीआईजी सहारनपुर के निर्देशन तथा एसएसपी संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण,एसपी सिटी



सत्यनारायण प्रजापत,सीओ नई मण्डी राजू कुमार साव व प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी सन्दीप गुप्ता ने 21 फरवरी 2026 को थाना नई मण्डी में तहरीर देकर बताया कि उनकी ह्कैमोरेन्टह्व नामक कैमरा रेंटल फर्म से 12 फरवरी को व्हाट्सएप के माध्यम से कैमरा किराये पर बुक किया गया।13 फरवरी को उनका सहायक रोहन नोएडा सेक्टर-62 में कैमरा, गिम्बल सेट व अन्य उपकरण देने पहुंचा।वहां मौजूद तीन व्यक्तियों ने लोकेशन बदलने का बहाना बनाकर उसे वाहन में बैठा लिया और जानसठ फ्लाईओवर के पास मौका पाकर कैमरा व उपकरण लेकर फरार हो गए।इस संबंध में थाना नई मण्डी पर मुकदमा दर्ज किया गया।पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर भोपा फ्लाईओवर के पास से तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों में विपिन पुत्र देवेन्द्र कुमार निवासी खेडा थाना जानसठ (हाल पता बरौला, थाना सेक्टर-49 गौतमबुद्धनगर),सनी पुत्र सतपाल निवासी खुर्रमपुर थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद तथा हिमांशू पुत्र देवेन्द्र निवासी मौहल्ला बिचपटा थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद शामिल हैं।पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 01 सोनी एफएक्स-3 कैमरा मय उपकरण, 05 सोनी लेंस, 01 डीजीआई आरएस-4 प्रो गिम्बल सेट, एनडी व ब्लैक प्रो मिस्ट फिल्टर, 07 इंची सोनी मॉनिटर तथा 02 बैग बरामद किए हैं।पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे वीडियोग्राफी का कार्य करते हैं और लालच में आकर उपकरण लेकर फरार हो गए थे।पुलिस द्वारा आरोपितों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा,उपनिरीक्षक सन्दीप सिंह धारीवाल,उपनिरीक्षक शुभम चौहान, उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह, कांस्टेबल पंकज शर्मा,रोहित कुमार एवं मुनेश कुमार शामिल रहे।

**आयोजन** — वंदना विभाग से पारुल माहेश्वरी एवं लक्ष्मी माहेश्वरी ने मंत्रोच्चारण किया

# भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ओलंपियाड स्तरीय प्रयोगों पर कार्यशाला आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए. तोमर)।** भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ओलंपियाड स्तरीय प्रदर्शन आधारित प्रयोग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम भारतीय भौतिक शिक्षक परिषद (आईएपीटी) के एशियन फिजिक्स ओलंपियाड प्रकोष्ठ एवं उत्तर प्रदेश काउंसिलिंग के तत्वावधान में कक्षा 11 के विद्यार्थियों के लिए संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। वंदना विभाग से पारुल माहेश्वरी एवं लक्ष्मी माहेश्वरी ने मंत्रोच्चारण किया।अध्यक्षता प्रधानाचार्या डा० वंदना शर्मा ने की।संचालन दुर्गेश नंदिनी कौशिक व भौतिकी आचार्य नीशू कौशिक ने किया। मुख्य समन्वयक आईएपीटी परीक्षा प्रो.बी पी त्यागी,एशियन फिजिक्स ओलंपियाड प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. विजय कुमार,आईएपीटी उत्तर प्रदेश काउंसिल के अध्यक्ष प्रो0 देवेश त्यागी,डा0 नीरज कुमार,डीएवी कॉलेज से डा0 अक्षय कुमार व डा0 योगेश कुमार,वर्धमान कॉलेज बिजनौर से त्रिभुवन नारायण सूर्या,ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी से डा0 रॉकी चौधरी व डा0 अविजित चमोली,स्नेहा बिष्ट तथा





राखी पब्लिक स्कूल मंसूरपुर से रवि कौशिक सहित अनेक विशेषज्ञ उपस्थित रहे।विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को ओलंपियाड स्तर के प्रयोगों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रो. त्यागी ने पेंडुलम सहित विभिन्न प्रयोगों को सरल व रोचक ढंग से समझाया।छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रयोगों का निष्पादन किया। विज्ञान टीम में रितु गोयल,शिल्पा मित्तल,नेहा शर्मा,शिप्रा गर्ग,अर्चना त्यागी, मीडिया प्रमुख अर्चना शर्मा,मनोज कुमार व नरेंद्र कुमार का सहयोग रहा। प्रयोगशाला सहायक आरती गोयल,आरती यादव,खुशी तथा डीएवी कॉलेज से माँगे राम,गजेन्द्र वशिष्ठ व मोहन सिंह का विशेष योगदान रहा।अतिथियों का पटका,प्रतीक चिन्ह व पवित्र भगवद्गीता भेंट कर सम्मान किया गया।समापन पर प्रतिभागियों ने कार्यशाला को ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायी बताया।प्रधानाचार्या डा० वंदना शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# अधिकारियों और तहसील कर्मियों ने उमंग और उत्साह के साथ होली मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उत्साह उमंग और उल्लास का पर्व होली सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, स्कूल, कॉलेजों में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मनाई गई। बच्चों ने होली की जमकर मस्ती की तो वहीं अधिकारी व अधिवक्ता भी होली के रंग और गुलाल में सराबोर दिखाई दिए।तहसील

**एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाया, "अधिवक्ता ढोल की थाप पर जमकर नाचे" होली का पर्व हमें सद्भावना और प्रेम का संदेश देता है: प्रमोद शर्मा**

कांठ के सभागार में अधिकारियों और तहसील कर्मियों ने उमंग और उत्साह के साथ होली मनाई। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सौहार्द से गले मिले गए। एसडीएम संत दास पंवार ने होली के त्योहार को मिलजुल कर मनाने का आह्वान किया






। तहसीलदार राजकुमार सिंह, नायब तहसीलदार अनिल कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार योगेशचंद्र शर्मा, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, महासचिव दीपक विश्नोई, प्रदीप कुमार, दीप सिंह, सुगम पंवार, प्रवीण गुप्ता, डॉ. विनीत नैन आदि के साथ तहसील कर्मी मौजूद रहे। कांठ तहसील बार एसोसिएशन के तत्वाधान में अधिवक्ताओं ने होली का त्योहार मनाते हुए एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाया। अधिवक्ता ढोल की थाप पर जमकर नाचे। अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि होली का पर्व हमें आपस में सद्भावना और प्रेम का संदेश देता है।

## होली पर्व पर छात्रों ने रंगोली प्रतियोगिता में लिया भाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में छात्राओं में आज होली पर्व पर रंगोली बनाकर उसे सुंदर-सुंदर प्राकृतिक रंगों से सजाया। प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने होली पर्व के महत्व को बताते हुए कहा कि यह पर्व हमें बुराइयों को भस्म कर अच्छाइयों को ग्रहण करने का संदेश देता है। विद्यालय प्रांगण में भैया बहनों ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें निशा, काजल,रचना, शीतल, नितल, आरती, गौरी, शिवानी आदि बहनों की टोली प्रथम रही। निर्वायक मंडल में प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव, सजल राघव, आकांक्षा रहे।



## आदर्श रंग कमेटी कांठ के तत्वावधान में 48 वां वार्षिकोत्सव अबीर, गुलाल व फूलों की होली का रंगारंग कार्यक्रम 4 मार्च को होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** आदर्श रंग कमेटी कांठ के तत्वावधान में 48 वां वार्षिकोत्सव अबीर, गुलाल व फूलों की होली का रंगारंग कार्यक्रम 4 मार्च को होगा'गत वर्षों की भाति इस वर्ष भी अबीर गुलाल एवं फूलों की होली का रंगा-रंग आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य आकर्षण सूखें रंगों व फलों का प्रयोग तथा बैड-बाजों की मधुर झंकार होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजयवीर सिंह उर्फ पप्पू भैया (पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत कांठ) होंगे'विशिष्ठ अतिथि आचार्य भावेश कुमार शर्मा होंगे।

## फर्जी ढंग से बेच दी सरकारी भूमि: एडीएम वित्त ने "निबंधन कार्यालय के निरीक्षण में पकड़ा" था मामला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सिविल लाइंस क्षेत्र मुरादाबाद की सरकारी जमीन को फर्जी तरीके से बेच दिया गया। इस मामले में एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बरेली के पांच लोगों को नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है। इसमें एक फर्म भी शामिल है।एडीएम वित्त एवं राजस्व ने कुछ दिन पहले जिला निबंधन कार्यालय का निरीक्षण किया था। इस दौरान सिविल लाइंस क्षेत्र की नजूल की जमीन बेचने का मामला सामने आया। इसके बाद डीएम ने जांच के आदेश दिए। जांच में सामने आया है कि वर्ष 1917 में पीलीकोठी से बिंदल तक गाटा संख्या 424-ए और 424-ब नजूल भूमि एमए मिशन मेथोडिस्ट चर्च को पट्टे पर दी गई थी। इसमें शर्त लगाई गई थी कि 90 साल बाद भूमि फिर से नजूल में दर्ज हो जाएगी। आरोप है कि चर्च के पदाधिकारियों ने पट्टे की शर्तों का उल्लंघन करते हुए भूमि बरेली की फर्म विलियम कंस्ट्रक्शन को डीड कर दी। बाद में विलियम कंस्ट्रक्शन ने कुछ लोगों की मदद से प्लॉटिंग कर सरकारी भूमि को बेच दी। एडीएम वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने बताया कि इस मामले में विलियम कंस्ट्रक्शन के विलियम दिलावर, मनोहर लाल, विकास गुप्ता, पाल सारस्वत और लक्ष्मी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड फर्म को नोटिस जारी किए गए हैं। पांचों को नोटिस के 15 दिन के भीतर पेश होकर जवाब देना होगा।

# कांठ तहसील में आज रात "191 स्थानों पर होगा होलिका दहन"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर एवं कांठ तहसील क्षेत्र में क इस बार लगभग 191 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। होली के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस ने दुल्हेंडी में जुलूस के मार्गों पर फ्लैग मार्च कर नागरिकों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।कांठ नगर के श्री रामलीला चौराहा, संत रविदास धर्मशाला, माननगर, पट्टी वाला, चौक बाजार, गांधी आश्रम, मोहल्ला पटेगंज सहित कांठ थाना क्षेत्र में 101 और छजलैट थाना क्षेत्र में 90 स्थानों पर कुल मिलाकर लगभग 191 स्थानों पर विधि विधान के साथ होलिका दहन का कार्य 2 मार्च की रात किया जाएगा। होली का पर्व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्राम गढ़ी और नयागांव अकबरपुर चैदरी में भ्रमण किया' पुलिस ने नागरिकों से कहा कि ईद और होली का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाएं। संवेदन और अतिसंवेदनशील होलिका दहन स्थलों पर विशेष नजर रखी जा रही है।थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने नागरिकों से कहा कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना, असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।





# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर "विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ भव्य" आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नगर के एस वी चिल्ड्रन एकेडमी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य दैनिक जीवन में वैज्ञानिक अनुप्रयोगों के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाना यह दिन छात्र-छात्राओं को विज्ञान अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के साइंस प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर गौरव कुमार बिश्नोई, प्रिंसिपल रविंद्र पवार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। आगंतुकों का आभार गौरव बिश्नोई ने व्यक्त किया।




# मुरादाबाद समेत 12 मंडलों में बनेंगी पुलिस की "इंडोर फायरिंग रेंज"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद सहित प्रदेश के 12 पुलिस रेंज (परिक्षेत्र) मुख्यालयों पर इंडोर (कंटेनराइज्ड ट्यूबलर फायरिंग रेंज) फायरिंग रेंज बनाई जाएंगी। यह सुविधा अब तक सिर्फ एसटीएफ-एटीएस जवानों के लिए पुलिस मुख्यालय लखनऊ या कानपुर में थी। इसके लिए बाकायदा 18.66 करोड़ का बजट जारी किया गया है। प्रत्येक एक रेंज पर होने वाले खर्च की अनुमानित लागत 1.55 करोड़ तय की गई है।अलीगढ़ में लंबे समय से फायरिंग रेंज का अभाव है। करीब तीन दशक पहले तक सुरक्षा विहार स्थित पुलिस आवासीय परिसर में चांदमारी यानि फायरिंग रेंज हुआ करती थी। बाद में उस इलाके में आबादी बसने के कारण बंद कर दी गई। ये बनेंगी कंटेनराइज्ड ट्यूबलर फायरिंग रेंज: ये फायरिंग रेंज कंटेनराइज्ड ट्यूबलर फायरिंग रेंज होंगी, जो सीधे 40-फीट के मानक शिपिंग कंटेनर में निर्मित एक इनडोरलाइव-फायरिंग रेंज है। ये पोर्टेबल और सुरक्षित कंटेनर आधारित रेंज है, जिसे आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है। प्लग एंड प्ले सुविधा वाली ये रेंज कहीं भी जल्दी स्थापित की जा सकती है।यह पूरी तरह कंप्यूटरीकृत है। इसमें स्मार्ट टारगेट सिस्टम का उपयोग होता है, जो गोली लगने के स्थान का सटीक विश्लेषण करता है। यह रेंज छोटे हथियारों के लिए है, जिनमें 9 एमएम पिस्टल, कार्बाइन और 5.56 एमएम व 7.62 एमएम की राइफलों से शूटिंग की जा सकती है। इस संबंध में शासन स्तर से जारी आदेश में 31 मार्च तक धनराशि खर्च करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अनीस अहमद के शव को गमगीन माहौल में रूपपुर गांव में किया दफन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** पुलिस ने चर्चित अनीस अहमद हत्याकांड में आरोपी को जो स्वयं थाने में हाजिर हुआ उसको नियम अनुसार गिरफ्तार किया और न्यायालय मुरादाबाद पेश किया अदालत के आदेश पर

**हजारों लोगों ने मगफिरत की दुआ , एक आरोपी थाने में हुआ हाजिर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल**

आरोपी को जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को तरावीह की नमाज पढ़कर वापस अपने घर को लौट रहे अनीस अहमद को उनके घर के पास अज्ञात हमलावरों ने उन पर फायरिंग की और हमलावर जैतपुर संपर्क मार्ग की ओर रास्ते में फायरिंग करते हुए भाग गए। अनीश अहमद के भाई नफीस अहमद पर भी हमलावरों ने फायरिंग की मगर नफीस अहमद बाल बाल बच गए और भाग कर अपनी जान बचाई थी । सूचना मिलने पर मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई सूचना पाकर स्थानीय पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गया इसके अलावा सर्किल का पुलिस फोर्स को एवं एसपी देहात ही मौके पर पहुंचे घायल अली अहमद को तत्काल एंबुलेंस द्वारा सीएससी से जिला अस्पताल मुरादाबाद को रेफर किया गया।

वहां पर अनीस अहमद की मृत्यु हो गई है । उनके शव का पोस्टमार्टम हुआ उसके बाद पुलिस ने अनीस अहमद के शव को परिजनों को सौंप दिया । शनिवार को गमगीन माहौल में पृतक गांव रूपपुर में गमगीन माहौल में अनीस अहमद के जनाजे को हजारों लोगों की मौजूदगी में और गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया। अनीस अहमद के भाई हाजी मौहम्मद रफी की पत्नी वर्तमान में वार्ड 23 है जिला पंचायत सदस्य हैं।

**अज्ञात लोगों के विरुद्ध हुई रिपोर्ट**

कुन्दरकी । अनीस अहमद हत्याकांड में मृतक के भाई नफीस पुत्र जब्बार हुसैन ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देकर पुलिस को अवगत करवाया कि वह और उनके भाई अनीस अहमद तरावीह की नमाज ताजमहल स्थित मदरसे में पढ़कर वापस घर को जा रहे थे भतीजे भी साथ कि घर के पास अज्ञात हमलावरों ने रात में फायरिंग शुरू कर दी । उन पर निशाना लगाकर फायरिंग की मगर नफीस अहमद ने भागकर जान बचाई । घायल अवस्था में अनीस अहमद को जिला अस्पताल को ले जाया गया मगर अनीस अहमद की जान न बच सकी उनकी मौत हो गई पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने अनीस अहमद के शव को परिजनों को सौंप दिया शनिवार की दोपहर को गमगीन माहौल में रूपपुर गांव के कब्रिस्तान में अनीस अहमद के जनाजे की नमाज के बाद दफन कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक धार्मिक एवं राजनीतिक लोग नगर आसपास के क्षेत्र के लोग भी हजारों की तादात में मौजूद रहे।

**रूपपुर गांव के मूल निवासी हैं मृतक परिवार**

कुन्दरकी हाजी जब्बार पिछले 4 दशक से कुन्दरकी में ब्लाक के पास मकान बनाकर रहते आ रहे हैं । और रूपपुर गांव में भी रहते हैं।





मृतक अनीस अहमद फाइल फोटो, कुन्दरकी के रूपपुर में अनीस अहमद के जनाजे में शामिल लोग

मृतक अनीस अहमद, और उनके भाई नफीस अहमद टायर के कारोबारी हैं । पाकबड़ा और कुन्दरकी में कारोबार करते हैं।

**मय पिस्टन सहित युवक ने इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल कर दी**

कुन्दरकी । अनीस अहमद की फायरिंग में मौत की पुष्टि होने के बाद उसकी जिम्मेदारी मौहम्मद अरमान उर्फ अरशू पुत्र शमशाद निवासी मौहल्ला नूरूल्ला कस्बा कुन्दरकी ने इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करके हाथ में पिस्टन लेकर कहा कि अनीश भाषा की हत्या उसने की है और किसी को ना फसाया जाए उसने रंजीत को बता दो कहा कि उसे पर चोरी का इल्जाम लगाया गया था उसको और उसके पिता को ताजमहल के कमरे में उसके रिश्तेदार एवं उसने मारा पीटा था जान से मारने की धमकी दी थी किसी रंजिश में उसने तीन-चार गोलियां मार दी और अनीस अहमद को मार दिया उसके घर वालों को परेशान ना किया जाए उसकी जिम्मेदारी सिर्फ मेरी है यह वीडियो उसने सोशल मीडिया पर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी ।

# छात्र के पिता ने "राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पर परीक्षा के दौरान बेटे के साथ बेरहमी" से मारपीट करने का लगाया आरोप: पुलिस ने मामले की जांच कर न्यायोचित कार्रवाई का दिलाया भरोसा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** छात्र के पिता ने कांठ तहसील क्षेत्र के एक राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पर परीक्षा के दौरान उसके बेटे के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ' जानकारी के अनुसार मधपुरी निवासी यशपाल पुत्र नन्हे सिंह का आरोप है कि उसका पुत्र शनि राजकीय इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की परीक्षा दे रहा था 28 फरवरी को उसका चित्रकला का आखिरी पेपर था आरोप है कि 4:30 बजे ड्यूटी दे रहे अध्यापक ने प्रश्न पत्र पर मार्क कर दिया तभी कॉलेज के प्रधानाचार्य क्लास रूम में आ गए और बच्चे को बिना गलती के मारने पीटने लगे। यशपाल का कहना था की मारपीट करने से उसके बच्चे को चक्कर आ गया लेकिन उन्होंने हाथ नहीं रोका बताया कि अध्यापक ने सभी बच्चों की कॉपी पर मार्क किया था लेकिन प्रधानाचार्य ने शनि के साथ गलत व्यवहार किया और उसकी कॉपी लेकर टाइम खत्म हो जाने के बाद वापस दी।

पीड़ित का कहना था कि उसके बच्चे के दाएं हाथ में काफी चोट आई पीड़ित यशपाल आज परिवार सहित थाने पहुंचा और उसने प्रधानाचार्य के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। पुलिस ने मामले की जांच कर न्यायोचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य ने अपने ऊपर लगाए आरोपों को झूठ और वह बुनियाद बताया है ।



# चंदौसी के राजीव टीएमसी के राज्यसभा प्रत्याशी बने: डीजीपी पद से सेवानिवृत्ति के बाद "राज्यसभा से सियासी पारी" शुरू करेंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** आईपीएस बनकर चंदौसी का नाम रोशन करने वाले राजीव कुमार पश्चिम बंगाल डीजीपी के पद से सेवानिवृत्ति के बाद राज्यसभा से सियासी पारी शुरू करेंगे।तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से राज्यसभा के लिए जिन चार नामों की घोषणा की गई है, उनमें राजीव कुमार का नाम भी शामिल है। राजीव कुमार का सियासत का यह पहला कदम होगा लेकिन कम लोग जानते हैं कि वह एक दौर की राजनीति में बड़ा नाम रहे मुरादाबाद के पूर्व सांसद प्रोफेसर रामशरण के पोते हैं।

राजीव कुमार की शुरूआती शिक्षा से लेकर कक्षा 12 तक की पढ़ाई चंदौसी में हुई थी। उनके पिता प्रोफेसर आनंद कुमार चंदौसी के मशहूर कॉलेज (एसएम स्नातकोत्तर महाविद्यालय) में समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष रहे थे।12वीं में यूपी बोर्ड की मेरिट में स्थान और शहर के टॉपर की उपलब्धि हासिल करने वाले राजीव ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए एक ही वर्ष में एमएलएनआर, रुड़की यूनिर्विसिटी (तब रुड़की आईआईटी का दर्जा नहीं था) और आईआईटी में चयन में सफलता हासिल की थी। बीटेक के बाद वह आईपीएस बनने में सफल रहे।पश्चिम बंगाल कैडर आवंटित होने के बाद उन्होंने उसी राज्य में आईपीएस की पारी कुछ दिन पहले ही पूरी की है। इस दौरान वह कोलकाता के पुलिस कमिश्नर समेत कई बड़े पदों पर रहे, जबकि पश्चिम बंगाल के डीजीपी का कार्यकाल पूरा होने के साथ उनकी सेवानिवृत्ति हो गई। मूलरूप से यह परिवार मुरादाबाद के गंज मोहल्ले का रहने वाला था। राजीव के बड़े दादा (पिता के ताऊ) प्रोफेसर रामशरण देश की आजादी से पहले ही 1937 में प्रोवेंशियल असेंबली के एमएलए रहे थे। 1952 से 1962 तक मुरादाबाद के सांसद (एमपी) रहे थे। महात्मा गांधी के करीबी और भरोसेमंद लोगों में रहे प्रोफेसर रामशरण को एक समय में मगदाबाद का गांधी भी कहा जाता ..... मुरादाबाद में गांधी जी के दौरे और कांग्रेस के प्रांतीय अधिवेशन के आयोजन में उनकी सक्रिय भूमिका रही थी।

राजीव कुमार के पिता को चंदौसी के एसएम कॉलेज में नौकरी का अवसर मिलने के बाद यह परिवार वहीं का हो गया। चंदौसी में इनका पैतृक आवास सीता आश्रम क्षेत्र में है। इस लिहाज से देखा जाए तो राजीव कुमार में पढ़ाई के प्रति जज्बा पिता प्रोफेसर आनंद कुमार (अब दिवंगत) से मिला तो राजनीतिक सूझ दादा प्रोफेसर रामशरण से मिली ।



**लगाया आरोप** मेयर समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने लगाया आरोप, अनेक अधिकारी नहीं उठाते फोन

# प्रभारी मंत्री के सामने अफसरों के फोन नहीं उठाने का मुद्दा छाया रहा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में विकास कार्यों की समीक्षा हुई तो शहर से लेकर गांव तक खराब सड़कों, जलभराव, गंदगी के मुद्दे उठे। माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे तो एमडीए के अफसरों पर भी तंज कसे गए। एक लेखाकार को तो हटाने की भी बात कही गई। मेयर समेत दूसरे जनप्रतिनिधियों ने अफसरों द्वारा फोन रिसीव नहीं करने पर नाराजगी जताई।प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार सर्किट हाउस सभागार पहुंचे। यहां सबसे पहले अधिकारियों की मौजूदगी के बारे में पूछा तो जिला उद्यान अधिकारी व दुग्ध विकास के प्रबंधक अनुपस्थित मिले। उन्होंने नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने को कहा। सबसे पहले बैठक में अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने का मुद्दा उठा तो मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर प्रभावी रूप से जनसुनवाई करें। अधिकारी सीयूजी नंबर पर आने वाली फोन कॉल जरूर रिसीव करें। यदि उस समय व्यस्त हैं तो बाद में बैंक कॉल अवश्य करें। डीएम से कहा कि वह विकास कार्यों के प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों से प्राप्त कर कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र शासन को भेजें, ताकि समय से स्वीकृति मिले और कार्य शुरू हो सकें इसी बीच सदस्यों ने एमडीए के अधिकारियों की शिकायतें की, यह भी कहा गया कि एमडीए के पास इंजीनियर हैं, फिर भी बिजली निगम के इंजीनियरों से कार्य कराया जा रहा है। हाईमास्ट लाइटें लगाई जाती हैं लेकिन इसे न तो एमडीए देखता और न ही नगर निगम। मंत्री ने कहा कि लेखाधिकारी जयप्रकाश की बहुत शिकायतें आ रही हैं। आवश्यक हो तो हटाने के लिए लिख दिया जाए। सदस्यों ने शहर से लेकर गांव तक सड़कों की बदहाली, जलभराव, गंदगी की समस्याएं रखीं। निगम की दुकानों में वारिसान दर्ज करने की फीस पर पुनर्विचार करने की मांग भी रखी गई। कुछ लोगों ने सड़कों की चौड़ाई कम करके फुटपाथ बनाने, मोटे मोटे पिलर लगाने से बड़ा नुकसान होने की संभावना जताई। अधिकारियों ने बहुत समझाया पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि जब सड़क पतली होगी, वाहन कहां चलेंगे। रोड वाहनों के चलने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सड़क पर पानी न बहे। बैठक में विधायक नगर रितेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष आकाश पाल, डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल, सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी आदि मौजूद रहे।



# होली के पर्व को लेकर "अबीर गुलाल, स्प्रे, पिचकारी से गुलजार" हुआ बाजार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** रंगों के पर्व होली को लेकर नगर का बाजार पूरी तरह सज गया है। दुकानों पर रंग-बिरंगी विग, मुखौटे, स्प्रे और आकर्षक गिफ्ट पैक ग्राहकों को लुभा रहे हैं। इस बार होली पर गुलाल हैंपर युवाओं को अपनी और आकर्षित कर रहे है।दुकानों में होली स्पेशल गुझिया गुलाल, नमकीन, गुझिया, काजू को आकर्षक पैकिंग में सजाया गया है' अनेक दुकानदारों ने रविवार को बताया इस बार तैयार गिफ्ट थाली की मांग ज्यादा है, क्योंकि लोग रिश्तेदारों और मित्रों को एक ही पैक में मिठास और रंग दोनों देना चाहते हैं। गुलाल और स्प्रे की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। बच्चे रंगीन स्प्रे और पिचकारियां खरीदने में उत्साहित हैं। वहीं युवाओं में हर्बल गुलाल और ब्रांडेड कलर की मांग बढ़ी है।होली नजदीक आते ही बाजारों में ड्राईफ्रूट हैपर की मांग तेज हो गई है।

रंगीन बाक्स और पारंपरिक डिजाइन वाली पैकिंग में काजू, बादाम और मिक्स ब्राईफ्रूट्स के सेट तैयार किए गए हैं। इस बार होली को देखते हुए ड्राईफ्रूट के हैपर और मालाएं तैयार की गई है। हैपर में पिस्ता, काजू, किशमिश, बादाम, मखाना, छुआरा आदि खरीदारी के लिए दुकान पर इस समय बड़ी संख्या में ग्राहक आ रहे हैं।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# फोर मोर शॉट्स प्लीज वालीं कीर्ति कुल्हारी अब खलनायिका बनकर मचाएंगी तहलका

पिंक, इंदु सरकार और फोर मोर शॉट्स प्लीज जैसी फिल्मों-सीरीज से दर्शकों का दिल जीतने वालीं कीर्ति कुल्हारी नई भूमिका को लेकर चर्चा में आ गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि फैंस इस बार उन्हें नकारात्मक किरदार में देखेंगे। पिछले साल अभिनेत्री ने राकेश सैन के निर्देशन में बनी पहली फिल्म चकोर बन की शूटिंग शुरू की है।

इसके बाद से फैंस फिल्म से जुड़े अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति को फिल्म चकोर बन में मुख्य खलनायिका (या मुख्य प्रतिपक्षी) के लिए चुना गया है जो उनके लिए एक नया अनुभव होगा। फिल्म को बनाने के लिए राकेश बतौर सहायक और एसोसिएट निर्देशक बनकर, दिग्गज निर्देशक श्रीराम राघवन के साथ काम कर रहे हैं। पहले भी उन्होंने एक हसीना थी, एजेंट विनोद, बदलापुर, अंधाधुन और मेरी क्रिसमस जैसी कई फिल्मों में अपना पूरा सहयोग दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति ने अपनी एक अन्य फिल्म किनारे की शूटिंग पूरी कर ली है।

यह उनकी पहली फीचर फिल्म है जिसे उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी किंटसुकुरोई फिल्म्स के बैनर तले निर्मित किया है। फिल्म का निर्देशन अकबर आजम कादरी ने किया है, जबकि कहानीकार भी वह खुद हैं। कास्ट में कीर्ति के अलावा, अभिनेता राजीव सिद्धार्थ, रवि तनेजा और अलका अमीन जैसे सितारे हैं। फिलहाल फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है और इसी साल रिलीज हो सकती है।

# बॉक्स ऑफिस पर अस्सी और दो दीवाने सहर में के बीच कांटे की टक्कर, दोनों ही फिल्मों का कुल कलेक्शन बराबर

तापसी पन्नू की कोर्टरूम ड्रामा अस्सी और मृणाल ठाकुर-सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक फिल्म दो दीवाने सहर में का 20 फरवरी को क्लैश हुआ था. ओपनिंग डे पर दो दीवाने सहर में ने अस्सी को पीछे छोड़ दिया था लेकिन अब बीकडेज में तापसी पन्नू की फिल्म के नंबर्स में थोड़ी बढ़त देखी गई है और इसने मृणाल ठाकुर की रोमांटिक ड्रामा को पीछे छोड़ दिया है. बॉक्स ऑफिस पर खराब परफॉर्म करने के बावजूद, दोनों नई रिलीज ने 5 करोड़ रुपयों का आंकड़ा पार कर लिया है. चलिए यहां जानते हैं अस्सी और दो दीवाने सहर में ने रिलीज के छठे दिन कितना कलेक्शन किया है?



अस्सी तापसी पन्नू और फिल्ममेकर अनुराग सिन्हा की तीसरी फिल्म है. कोर्टरूम ड्रामा फिल्म ने वीकडेज में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक ड्रामा फिल्म से थोड़ा बेहतर परफॉर्म किया है.हालांकि कुल कलेक्शन के मामले में दोनों में बराबर की टक्कर दिख रही है. बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा भीड़ नहीं खींच पाने के बावजूद, इस लीगल सोशल ड्रामा फिल्म ने 5 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है. हालांकि वीकडेज में ये लाखों में सिमट गई है.

फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो अस्सी ने पहले दिन 1 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद दूसरे दिन इसने 1.6 करोड़, तीसरे दिन 1.6 करोड़, चौथे दन 70 लाख और पांचवें दिन 85 लाख रुपये कमाए. वहीं अब सैकनिल्क के मुताबिक रिलीज के 6ठे दिन, अस्सी ने 0.55 करोड़ रुपये (शुरूआती अनुमान) कमाए हैं. इसके बाद इसका भारत में 6 दिनों का कुल नेट कलेक्शन 5.75 करोड़ रुपये हो गया है। मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की फ्रेश केमिस्ट्री और रॉ लव स्टोरी फैंस का दिल नहीं छू पाई. स्क्रीन पर आने के पहले दिन अच्छी शुरूआत के बाद, इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म के नंबर्स में वीकडेज में अब लगातार गिरावट देखी गई है. यह वर्किंग डेज में कमाई के मामले में तापसी की अस्सी से भी पीछे चल रही है.

दो दीवाने के सहर में के कलेक्शन पर गौर करें तो इसने पहले दिन 1.25 करोड़ से शुरूआत की थी. इसके बाद दूसरे दिन 1.5 करोड़, तीसरे दिन 1.45 करोड़, चौथे दिन 60 लाख और पांचवे दिन 55 लाख की कमाई की। वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक दो दीवाने सहर में ने रिलीज के छठे दिन 40 लाख रुपये कमाए हैं। इसी के साथ इस फिल्म की 6 दिनों की भारत में कुल कमाई अब 5.75 करोड़ रुपये हो गई है।

# फिल्म कल्कि 2 पर अमिताभ बच्चन ने दी बड़ी खबर, तस्वीरें देख झूम उठेंगे फैंस

साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी को लोगों द्वारा खूब पसंद किया गया था। अब इसके सीक्वल कल्कि 2 का इंतजार किया जा रहा है, जिसका हिस्सा महानायक अमिताभ बच्चन दोबारा होंगे। अपने हालिया व्लॉग में दिग्गज ने खुलासा किया है कि वह पिछले दिनों हैदराबाद में थे, जिस कारण अपने फैंस से मुलाकात नहीं कर सके। उन्होंने शहर से बाहर होने का कारण बताते हुए लिखा कि वह कल्कि 2 की शूटिंग में व्यस्त थे।



अमिताभ ने लिखे अपने व्लॉग में बताया कि कल्कि 2 की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके लिए वह हैदराबाद में थे, जहां उन्होंने कमल हासन से मुलाकात की। उन्होंने लिखा, मैंने उन्हें (फैंस) को बताया था कि इस रविवार को मैं नहीं आ पाऊंगा, क्योंकि मैं हैदराबाद में शूटिंग कर रहा था... लेकिन फिर भी वे आए... बता दें कि अमिताभ हर रविवार को अपने घर के बाहर फैंस से मुलाकात करते हैं।

अमिताभ ने फैंस से माफी मांगते हुए फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में उन्हें अश्वत्थामा के रूप में देखा जा सकता है, जिस किरदार को उन्होंने कल्कि 2898 एडी में निभाया था। इन झलकियों में सह-कलाकार कमल के साथ एक अनौपचारिक पल भी दिखाई दे रहा है। पिछले साल नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस सीक्वल से दीपिका पादुकोण के बाहर होने की खबर आई थी। चर्चा है कि उनकी जगह साई पल्लवी ले सकती हैं।

# सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री की दूसरी फिल्म तैयार, सिद्धांत चतुर्वेदी होंगे जोड़ीदार

क्वीन और सुपर 30 जैसी बेहतरीन फिल्मों का निर्देशन करने वाले निर्देशक विकास बहल ने अपनी अगली म्यूजिकल फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेर्दी और सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री को साइन किया है। बॉलीवुड की ये नई जोड़ी एक शानदार संगीतमय सफर पर निकलने के लिए तैयार है। अलीजेह की फर्रे में तारीफों के बाद सिद्धांत के साथ उनकी ये केमिस्ट्री दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की कहानी इंग्लैंड में रहने वाले उन पंजाबी युवाओं पर आधारित है, जो अपनी मिट्टी (पंजाब) से भी



जुड़े थे और वहां की संस्कृति में भी ढल रहे थे। इसमें आपको 90 के दशक का लुक, डांस क्लबों का माहौल और पंजाबी संगीत के दुनियाभर में मशहूर होने के पीछे के संघर्ष व जुनून को देखने को मिलेगा। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे लंदन की गलियों में पंजाब की आवाज गूंजी और इतिहास रचा गया।

सिद्धांत इस फिल्म में एक ढोल बजाने वाले की भूमिका में नजर आएंगे, वहीं अलीजेह एक गायिका की भूमिका निभाएंगी। निर्देशक विकास बहल ने इस फिल्म को एक म्यूजिकल लव स्टोरी के रूप में बुना है। इसमें प्यार के साथ-साथ सपनों को पूरा करने की जिद और अपनी पहचान बनाने के संघर्ष को दिखाया जाएगा। फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है। तैयारियां जल्द शुरू होंगी और फिल्म की शूटिंग 2026 के दूसरे हिस्से में शुरू करने की योजना है।

सिद्धांत और निर्देशक विकास बहल की ये साथ में दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले उन्होंने एक रोमांटिक कॉमेडी दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग में साथ काम किया है, जो इसी साल (2026) जुलाई से सितंबर के बीच रिलीज हो सकती है। सिद्धांत की फिल्म दो दीवाने शहर में कुछ ही दिन पहले सिनेमाघरों में आई है। इस अपनी नई म्यूजिकल फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले सिद्धांत महान फिल्म निमार्ता वी शांताराम की बायोपिक की शूटिंग पूरी करेंगे।

अलीजेह ने साल 2023 में फिल्म फर्रे से बॉलीवुड में अपनी शानदार शुरूआत की थी। फिल्म थाई ब्लॉकबस्टर बैड जीनियस का रीमेक थी, जिसमें अलीजेह की एक्टिंग की जमकर तारीफ हुई थी। समीक्षकों और दर्शकों ने उनके सधे हुए अभिनय को काफी सराहा था। अब वो विकास बहल की अगली म्यूजिकल फिल्म में नजर आएंगी, जो उनके करियर की दूसरी फिल्म होगी। ये खबर सुनकर अलीजेह के प्रशंसक उत्साहित हो उठेंगे, जिन्हें उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार था।

# होली खेलने जा रहे हैं? भूल से भी न करें ये गलतियां,त्वचा को होगा नुकसान

होली का त्योहार रंगों का त्योहार है और इस मौके पर लोग दोस्तों और परिवार संग खूब मजे करते हैं। हालांकि, होली पर त्वचा पर रंग लगने से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए त्वचा विशेषज्ञों की सलाह होती है कि होली खेलने से पहले अपनी त्वचा का अच्छे से ध्यान रखें। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी सामान्य गलतियों के बारे में बताते हैं, जो होली खेलने के दौरान त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं।



**रंगों को साफ करने के लिए न रगड़ें**

अगर आप होली के बाद रंगों को साफ करने के लिए त्वचा को रगड़ते हैं तो यह आपकी त्वचा के लिए हानिकारक हो सकता है। रगड़ने से त्वचा में जलन और लाल चकत्ते हो सकते हैं। इसलिए होली के बाद रंगों को साफ करने के लिए पहले गुनगुने पानी से त्वचा को धोएं। इसके बाद मुल्तानी मिट्टी और दही का लेप लगाएं। यह रंगों को हटाने के साथ-साथ त्वचा को नमी भी देगा।

**रंगों से खेलने से पहले चेहरे पर लगाएं तेल**

होली खेलने से पहले अपने चेहरे, हाथों और पैरों पर तेल जरूर लगाएं। ऐसा करने से रंग आपकी त्वचा में नहीं घुस पाएंगे और रंगों को साफ करना भी आसान हो जाएगा। इसके लिए नारियल या जैतून का तेल लगाएं। अगर आपके पास यह तेल नहीं है तो आप किसी भी खाने के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा बालों पर भी तेल लगाना न भूलें।

**बालों पर तेल न लगाना**

अगर आप होली खेलने से पहले अपने सिर पर तेल नहीं लगाते हैं तो यह आपकी सबसे बड़ी गलती हो सकती है। दरअसल, अगर आप अपने बालों पर तेल नहीं लगाएंगे तो रंगों से बाल सूखे और बेजान हो सकते हैं। इसलिए होली खेलने से पहले अपने बालों पर अच्छे से तेल जरूर लगाएं। इससे बालों की सेहत बनी रहेगी और रंगों से सुरक्षा होगी।

**रंगों को हटाने के लिए गर्म पानी का करें इस्तेमाल**

अगर आप होली के बाद रंगों को साफ करने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं तो इससे त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। गर्म पानी से नहाने या फिर चेहरा धोने से त्वचा सूखी हो सकती है। इसके अलावा रंगों को साफ करने के लिए आप गर्म या ठंडे पानी की बजाय गुनगुने पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे त्वचा को कोई नुकसान नहीं होगा।

**कैमरे की फ्लैश से बचें**

अगर आप होली पर दोस्तों या परिवार संग जमकर मस्ती करने के बाद तस्वीरें भी लेना चाहते हैं तो कैमरे की फ्लैश का इस्तेमाल न करें। दरअसल, कैमरे की फ्लैश की रोशनी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकती है। इससे आंखों में जलन के साथ-साथ त्वचा पर लालिमा भी हो सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप कैमरे की फ्लैश की बजाय प्राकृतिक रोशनी में तस्वीरें लें।

# सुपर स्टार चंकी पांडे ने बिखेरा बॉलीवुड का जलवा, सभी क्षेत्र की हस्तियों को 'इंडियन स्टार्स अचीवर्स अवाड्र्स वितरित किये

**दिल्ली (राजू बोहरा)।** रियांश एंटरटेनमेंट, आरोही ऑटोमोबाइल्स और बॉलीवुड एक्टिंग स्कूल ऑफ आट्र्स द्वारा 'मुंबई ग्लोबल' के सहयोग से प्रस्तुत राजधानी देहरादून में 'इंडियन स्टार्स अचीवर्स अवार्ड' और 'मिस्टर एंड मिस आइकॉनिक फ्यूचर सीजन 4' का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



मुख्य अतिथि और सेलिब्रिटी गेस्ट इस गौरवशाली शाम की मुख्य अतिथि श्री पूजनीय आनंदमयी राजमाता अंबिका जी (खीर भवानी) रहीं, जिनके आशीर्वाद से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ गई। बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता चंकी पांडे मुख्य सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में मौजूद रहे, जिन्हें देखने के लिए प्रशंसकों में भारी उत्साह था। कार्यक्रम को और भी विशिष्ट बनाने के लिए विशेष वीआईपी अतिथि के रूप में द हिमालय ड्रग कंपनी के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक उपस्थित रहे। इसके साथ ही टीवी अभिनेता राजीव कुमार (जूनियर सनी देओल), अभिनेता व संगीतकार संजय राणा, और अभिनेता अभिषेक कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



शो डायरेक्टर जुल्फुकार टाइगर और कोरियोग्राफर राज कुरैशी के बेहतरीन निर्देशन में मंच पर प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन हुआ और विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 100 लोगों को सुपर स्टार चंकी पांडे 'इंडियन स्टार्स अचीवर्स अवाड्र्स वितरित किये। विशेष रूप से 'दीवार के रिश्ते' के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर का नाम भी शामिल है। स्कूली बच्चों की प्रस्तुतिः गांधी इंटर कॉलेज और विल फील्ड स्कूल, देहरादून के बच्चों ने अपनी शानदार परफॉरमेंस से सभी का दिल जीत लिया। इस मौके पार विशेष सेलिब्रेशन आरोही का दसवां जन्मदिन इवेंट का एक बेहद यादगार पल तब आया जब आयोजक अमित गुप्ता की सुपुत्री आरोही का 10वां जन्मदिन पूरी टीम और सेलिब्रिटीज के साथ मंच पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस सफल आयोजन के पीछे मुख्य आयोजक अमित गुप्ता, राजकुमार तिवारी, शो डायरेक्टर जुल्फुकार टाइगर और को-ऑगेनाईजर इंद्राणी पांधी की कड़ी मेहनत रही। आयोजकों ने बताया कि रियांश एंटरटेनमेंट और बॉलीवुड एक्टिंग स्कूल ऑफ आट्र्स का उद्देश्य हमेशा से उभरती हुई प्रतिभाओं को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना रहा है।

# प्रेस क्लब मोदीनगर द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** प्रेस क्लब मोदीनगर द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों से जुड़े

**जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व गणमान्य व्यक्तियों ने की सहभागिता**

पदाधिकारियों, विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शामिल होकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। रविवार को प्रेस क्लब मोदीनगर द्वारा स्थानीय बैंक्विट हॉल के सभागार में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित इंडियन लाफ्टर चैलेंज से प्रख्यात हुए जूनियर सनी देओल उर्फ राजीव कुमार ने प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की मिमिक्री कर सभी का भरपूर मनोरंजन किया और खूब तालियां बटोरी। इस दौरान समारोह में पधारे अतिथियों में विधायक डॉ मंजू शिवाच, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, भाजपा नेता दिनेश सिंघल, जितेंद्र चित्तौड़ा, नवीन जायसवाल, शिक्षाविद नीरज त्यागी, किसान नेता डॉ बबली गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी सुशील जैन, पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर, समाजसेवी जसमीत सिंह ध अनुप्रीत कौर, समाजसेविका डॉ दीपा त्यागी, एड राजकुमार गुप्ता, यतीश त्यागी, आनंद त्यागी, प्रदीप त्यागी, समाजसेवी मूलचंद गर्ग, सपा नेता मनीष बंसल, कृष्णा रुहेला आदि ने अपने संबोधन के जरिए सभी को होली की शुभकामनाएं दी तथा शांति और प्रेमभाव के साथ होली पर्व मनाने की अपील की। समारोह की अध्यक्षता राकेश शर्मा तथा संचालन संस्था के अध्यक्ष अरुण वर्मा ने किया। इस अवसर पर



पत्रकार अनिल वशिष्ठ, ओम प्रकाश शर्मा, ब्रह्मपाल सिंह, संजय तिवारी, योगेश गुप्ता, अयूब खान, चंद्रशेखर त्यागी, मनोज नेहरा, अनवर खान, विनय अग्रवाल, संजीव वर्मा, आकाश शर्मा, विजेंद्र भारती, संदीप भारद्वाज, शिवदेव करण, प्रशांत नेहरा, हरभजन सिंह, अमित त्यागी, अमित तिवारी, राशिद अली, कोमल राघव, अजय सैन, हरेंद्र शर्मा, वंदना जोशी, विशाल ठाकुर, नीरज गुप्ता, विजय त्यागी, ललित मिश्रा, देवेंद्र वत्स, राशू मलिक आदि मीडिया कर्मियों के अलावा पुनीत सोनी, मोहित सोनी, कांग्रेस नेता सुनील शर्मा, अनुज चौधरी, वीरेंद्र सिंह, समाजसेवी राजबीर शर्मा, व्यापारी नेता अमित गोयल, निर्दोष खटाना, अनलजीत सिंह, कौशल वशिष्ठ, जगदीश मदान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज से की मुलाकातं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** शहर विधानसभा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज के डिफेंस कॉलोनी स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान फूलबाग मंडल के मनोज गुप्ता और अग्रसेन मंडल के विकास मोहन गुप्ता मौजूद रहे।

धर्मेंद्र भारद्वाज ने दोनों का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। मंडल स्तर पर कार्यकताओं से लगातार संपर्क बनाए रखना जरूरी



है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों मंडल अध्यक्ष पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ काम करेंगे और पार्टी की नीतियों व योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर संगठन को मजबूत करने, आने वाले कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियान को लेकर भी चर्चा हुई।

# शिक्षक संघ ने बीएसए आवास पर हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्री सुशील कुमार शर्मा जी के नेतृत्व में शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आवास पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय का शिक्षक प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर और गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि होली का पर्व आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम और सद्भाव फैलाने का संदेश देता है। उन्होंने विभाग और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को होली की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



इस दौरान जनपद कार्यकारिणी के जिला उपाध्यक्ष अजयवीर सिंह, देवेन्द्र राणा, जिला प्रचार मंत्री संजीव शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश राठी, अजीत सिंह, मनोज चौधरी, सीपी चौधरी, भूपेन्द्र चौधरी, अमित शर्मा ब्लॉक मंत्री मुकेश सिंह, नीरज शर्मा एवं नवीन कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# होली पर्व के मद्देनजर पुलिस का फ्लैग मार्च,सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा० एम.ए.तोमर)।** आगामी होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने तथा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है।इसी क्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सिद्धार्थ के. मिश्रा द्वारा थाना क्षेत्र कोतवाली नगर में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

फ्लैग मार्च के दौरान कोतवाली नगर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों,बाजारों, संवेदनशील स्थानों एवं मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान थाना प्रभारी कोतवाली नगर बबलू सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।वहीं दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल ने थाना भोपा क्षेत्र के मोरना कस्बे में दंगा नियंत्रण उपकरण एवं पर्याप्त पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया।उन्होंने मुख्य बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील क्षेत्रों और प्रमुख चौराहों का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की।

इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग भी की गई।दोनों अधिकारियों ने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को सतर्क एवं मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने,नियमित गश्त करने तथा किसी भी अवांछित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर आपसी भाईचारा एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई।

पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने,किसी भी सूचना की पुष्टि पुलिस या प्रशासन से करने,सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने तथा शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

# होली की आहट से गुलजार हुए बाजार, रंग-बिरंगी खरीदारी चरम पर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** होली पर्व नजदीक आते ही नगर के बाजारों में रौनक चरम पर पहुंच





गई है। प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। रंग, गुलाल, अबीर, पिचकारी और तरह-तरह के गुब्बारों से सजी दुकानों ने लोगों को आकर्षित किया है।

बच्चों में कार्टून और टैंक आकार की पिचकारियों को लेकर खास उत्साह दिखाई दे रहा है, वहीं युवाओं के बीच हर्बल और ऑर्गेनिक रंगों की मांग बढ़ी है। महिलाएं घरों के लिए मिठाइयां, नमकीन, सूखे मेवे और सजावटी सामान खरीदती नजर आईं।

व्यापारियों का कहना है कि इस बार त्योहार को लेकर बाजार में अच्छा माहौल है और बिक्री में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आने वाले दिनों में भीड़ और बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। बाजारों की चहल-पहल और रंगों की बहार से साफ है कि शहर में होली का उत्सव पूरी गर्मजोशी और उल्लास के साथ मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

# ईरान-इजराइल युद्ध के बीच प्रियंका गांधी को याद आए महात्मा गांधी, बोलीं-आंख के बदले आंख दुनिया को अंधा बना देगी

दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या को घृणित बताया और कहा कि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले स्पष्ट रूप से निंदा के योग्य हैं। एक्स पर एक पोस्ट में, गांधी ने कहा कि लोकतांत्रिक दुनिया के तथाकथित नेताओं द्वारा एक संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और असंख्य निर्दोष लोगों की हत्या घृणित है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए, चाहे इसका घोषित कारण कुछ भी हो। उन्होंने आगे कहा कि दुखद रूप से, अब कई राष्ट्र इस संघर्ष में घसीटे जा रहे हैं। महात्मा गांधी के कथन 'आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा कर देती है' को याद करते हुए, प्रियंका गांधी ने कहा कि दुनिया को शांति की जरूरत है, अनावश्यक युद्धों की नहीं। उन्होंने पर कहा कि मुझे उम्मीद है कि इजराइल के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने घुटने टेकने के बाद, हमारे प्रधानमंत्री प्रभावित देशों में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इससे पहले दिन में, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे एक युग का अंत बताया और भारत और ईरान के ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला। पोस्ट में सिंह ने लिखा कि जिनके पूर्वज भारत से हैं, उनके लिए अयातुल्ला खुमैनी का ईरान का सर्वोच्च नेता बनना एक युग का अंत है। भारत ने एक



भरोसेमंद दोस्त खो दिया है। खुमैनी जी को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। ईरान भारत का पारंपरिक सहयोगी है। इसने हमेशा पाकिस्तान के खिलाफ मतदान किया है और भारत के साथ खड़ा रहा है। इसने भारत को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान की है।ह्व उन्होंने आगे कहा, ह्लसंकट की इस घड़ी में, भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, वैश्विक तानाशाह अमेरिका का अत्याचार पूरी दुनिया में फैलेगा। इस बीच, ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर ईरान में 40 दिनों का सार्वजनिक शोक मनाया जा रहा है। शनिवार को अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों (ऑपरेशन एपिक फ्यूरी/लायंस रोर) के बाद उनका निधन हुआ। देश के सर्वोच्च नेता के कार्यालय ने राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है, जिसके तहत झंडे आधे झुके रहेंगे और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सार्वजनिक सभाओं का आयोजन किया जाएगा। यह इस्लामी गणराज्य के इतिहास के 37 साल के एक अध्याय के समापन का प्रतीक है। अयातुल्ला खामेनेई क्रांति के संस्थापक रुहोल्लाह खुमैनी के उत्तराधिकारी थे।

## दिल्ली में हर्षोल्लास के साथ संत सेवालाल जयंती का आयोजन

# जाति सर्वेक्षण में बंजारा जाति दर्ज कराने का डॉ.उमेश जाधव का आह्वान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में सौ वर्षों के बाद जाति सर्वेक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आदेश जारी किया गया है। देशभर के सभी बंजारा समुदाय के लोगों से अपील करते हुए पूर्व लोकसभा सदस्य एवं ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ के कार्याध्यक्ष डॉ. उमेश जाधव ने कहा कि जाति कॉलम में बंजारा दर्ज करें ताकि लम्बाणा समुदाय की सटीक जनसंख्या का आंकड़ा प्राप्त हो सके। उन्होंने 28 फरवरी को नई दिल्ली के डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित संत सेवालाल महाराज की 287वीं जयंती तथा श्री रूप सिंह महाराज की पुण्यतिथि कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि बंजारा समुदाय के उज्ज्वल भविष्य के लिए सही जनसंख्या का पंजीकरण अत्यंत आवश्यक है। जाति कॉलम में ह्यबंजाराह्ल तथा धर्म कॉलम में ह्यगोर समाजह्ल दर्ज किया जाना चाहिए। साथ ही संविधान की आठवीं अनुसूची में लम्बाणी भाषा को शामिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए। यदि बंजारा समाज एकजुट नहीं हुआ तो भविष्य में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि नई दिल्ली में बंजारा समुदाय के विकास एवं समस्याओं पर चर्चा हेतु एक गैर-राजनीतिक कार्यालय



की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. जाधव ने कहा कि प्रत्येक राज्य सरकार को बंजारा समुदाय की जनसंख्या के अनुसार मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व देना चाहिए। तेलंगाना और कर्नाटक में मंत्री पद न दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातःकाल समुदाय के संतों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में जगदंबा देवी की भोग पूजा सम्पन्न हुई। इसके पश्चात 26 से अधिक राज्यों से आए बंजारा समाज के लोगों एवं सांस्कृतिक दलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चित्रदुर्ग की सावित्रीबाई एवं उनके दल तथा सुभाष राठौड़ ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में तेलंगाना के पूर्व विधान परिषद सदस्य रामलू नायक, गोर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालासाहेब नायक, अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य हुसैन नायक, कर्नाटक तांडा विकास निगम के अध्यक्ष जयदेव नायक, ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ के अध्यक्ष शंकर पवार, पूर्व सांसद डी.बी. पाटील, कालू बाबा उज्जयिनी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महाराष्ट्र के जल एवं मृदा संरक्षण मंत्री संजय राठौड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पौरादेवी के शेखर महाराज ने आशीर्वचन दिया। पूज्य सिद्धलिंग स्वामीजी, अनिल महाराज, माता लतादेवी, जुगन महाराज, राम चैतन्य महाराज, श्रीमती शीतल संजय राठौड़, श्रीमती कविता, शिवराज पाटील रद्देवाडगी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस: जनपद स्तरीय प्रदर्शनी में डिबाई ब्लॉक का दबदबा, उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर/ डिबाई।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के पावन अवसर पर जनपद बुलंदशहर में 'राष्ट्रीय आविष्कार अभियान' के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित जनपद



स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता में डिबाई ब्लॉक के नन्हे वैज्ञानिकों ने अपने ज्ञान और कौशल का लोहा मनवाया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच डिबाई ब्लॉक ने समूचे जनपद में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर अपनी मेधा का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि से ब्लॉक के शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों में हर्ष की लहर है।

**उत्कृष्ट योगदान के लिए 'निकुंज हॉल' में गूँजी तालियाँ**

शनिवार को निकुंज हॉल में आयोजित 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर स्थापित करने वाले योद्धाओं को सम्मानित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) श्री लक्ष्मीकांत पाण्डेय जी ने डिबाई ब्लॉक के निम्नलिखित कर्मठ सदस्यों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर नवाजाः उत्कृष्ट नोडल शिक्षिकाः अनामिका उपाध्याय उत्कृष्ट नोडल शिक्षक संकुलः गौरव मिश्रा उत्कृष्ट ECCE एजुकेटरः तनु उत्कृष्ट सुपरवाइजर (आंगनबाड़ी): रिंकी, उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकत्रीः पुष्पा भारती, उत्कृष्ट शिक्षामित्रः श्यौराज सिंह।

**विजेता ब्लॉकों का विवरण**

प्रतियोगिता में नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न ब्लॉकों ने स्थान प्राप्त किए।

| स्थान | ब्लॉक का नाम |
| --- | --- |
| प्रथम | सिकंदराबाद |
| द्वितीय | अगौता |
| तृतीय | पहासू |
| चतुर्थ | डिबाई |

**अधिकारियों ने थपथपाई पीठ**

डिबाई ब्लॉक का नाम रोशन होने पर खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती हेमलता जी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समस्त विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों के अथक परिश्रम और बच्चों की जिज्ञासा का परिणाम है। इस अवसर पर ब्लॉक के समस्त शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और शिक्षा जगत से जुड़े साथियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। बीएसए लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागी ब्लॉकों के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य में इसी प्रकार नवाचार के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**सम्मान समारोह**

## होली स्नेह मिलन व भव्य सम्मान समारोह सम्पन

# विनोद तकियावाला को निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए हुए सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दिल्ली।** अखिल भारतीय राजपूत विकास समिति (पंजी.), केशवपुरम, दिल्ली के सौजन्य से आयोजित होली स्नेह मंगल मिलन एवं भव्य सम्मान समारोह रंगों,संस्कृति और सामाजिक सरोकारों की गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार विनोद तकियावाला को पत्रकारिता जगत में तीन दशकों की उल्लेखनीय, निष्पक्ष और जनोन्मुखी सेवा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य व्यक्तियों, साहित्यकारों,सामाजिक कार्यकताओं और पत्रकारों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशिष्ट बना दिया। समिति के अध्यक्ष राधेश्याम सिंह सोम,सचिव मुलचंद तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विनोद तकियावाला को अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा प्रेम और आस्था के प्रतीक राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर संस्था के वरिष्ठ आधिकारीयो व वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि तकियावाला ने तीन दशकों तक अपनी स्वतंत्र,निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता करते हुए



समाज व राष्ट्र के ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।उन्होंने स्वतंत्र लेखन के माध्यम से सामाजिक चेतना को जागृत करने का कार्य किया और पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम माना। उनके स्तम्भों और लेखों ने जनमत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला ने वातावरण को पूर्णतः होलीमय बना दिया। हिन्दी अकादमी दिल्ली के कलाकारों ने आज ब्रज में होली रे रसिया,ब्रज की लठमार होली तथा कृष्ण-राधारानी संग होली के मंगलगीतों पर आधारित मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।लोकधुनों,रंगों और उत्साह से सराबोर प्रस्तुतियों ने सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजा यमान कर दिया।समारोह के दौरान आपसी सौहार्द,भाईचारे और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की झलक स्पष्ट दिखाई दी। उपस्थित जनसमूह ने एक-दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक एकता का संदेश दिया।कार्यक्रम में संस्था के सक्रिय सदस्यों एवं समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में अध्यक्ष राधेश्याम सिंह सोम ने समारोह में पधारें सभी अतिथियों, पत्रकारों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।उन्होंने उपस्थित सभी जनों को अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला भेंट कर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।रंगों, संगीत और सम्मान की गरिमामयी छटा के साथ यह समारोह यादगार बन गया।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी (संपादक) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी (उप सम्पादक), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267